नई दिल्ली

शुक्रवार 13 नवंबर 2026

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 206
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 11

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

आसियान शिखर सम्मेलन से इतर दोनों देशों के बीच होने वाली उच्च-स्तरीय बैठक में इस मामले पर होगी चर्चा

भारत से फिलीपींस को जल्द मिलेगी सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की दूसरी खेप

कविता जोशी ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत से फिलीपींस को जल्द ही सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की दूसरी खेप (60 मिसाइलों के साथ 5 ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम शामिल होंगे) सौंपी जाएगी। दोनों देशों के बीच इस मामले को लेकर चल रही बातचीत अपने लगभग अंतिम चरण में जा पहुंची है। लेकिन अब इसकी गूंज आगामी 16 से 18 नवंबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मनीला यात्रा के दौरान फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड के साथ होने वाली एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक में भी सुनाई देगी। यह जानकारी गुरुवार को पीएम की यात्रा के पूर्व में आयोजित किए गए विशेष संवाददाता सम्मेलन में हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने दी है।

अलग खबर

ये जानकारी गुरुवार को विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी रुद्रेंद्र टंडन ने हरिभूमि के सवाल के जवाब में दी है



फाइल फोटो

भारत को सौंपी इच्छा सूची

टंडन ने कहा कि भारत ने फिलीपींस के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। जिसके तहत वर्ष 2022 में हमने मनीला को ब्रह्मोस मिसाइल देने के लिए एक समझौता भी किया है। नई दिल्ली अपनी रणनीतिक साझेदारी के तहत फिलीपींस की रक्षा क्षमताओं के विकास में हर संभव तरीके से सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बताते चलें कि हाल ही में भारत में हुए दिल्ली रक्षा संवाद-2026 को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए फिलीपींस के रक्षा मंत्री गिल्बर्टो थियोडोरो ने ब्रह्मोस की खरीद को आगे बढ़ाने में अपने देश की इच्छा जताई थी। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा था कि मनीला को और अधिक ब्रह्मोस मिसाइल की यूनिट्स मिलेंगी। इसे लेकर उन्होंने भारतीय अधिकारियों को एक ⏭ शेष पेज 5 पर

चीन से मुकाबले में होगी आसानी

फिलीपींस द्वारा भारत से ब्रह्मोस मिसाइल को खरीदने का एक सबसे बड़ा कारण दक्षिण चीन सागर के अपने तटीय इलाके की सुरक्षा को हर दिशा से चाक-चौबंद बनाना है। इस समुद्री क्षेत्र पर चीन अपना एकतरफा एकाधिकार जताता है। जिसे लेकर उसके और फिलीपींस के बीच कई बार हिंसक झड़प भी हो चुकी है। ऐसे में फिलीपींस भारत से ब्रह्मोस जैसी अति विध्वंसक मिसाइल की खरीद में बढ़ोतरी के जरिए लंबी दूरी से ही ड्रैगन को उसकी हद में रखना चाहता है। यहां बता दें कि हालिया समय में नई दिल्ली से 2022 में खरीदी गई ब्रह्मोस मिसाइल के वर्जन का फिलीपींस ने अमेरिका के साथ किए गए एक सैन्य अभ्यास में जांचा-परखा भी है।

ये देश भी हैं ब्रह्मोस खरीदने के इच्छुक

फिलीपींस के अलावा भी दुनिया के कई अन्य देश हैं। जो भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदना चाहता हैं। इसी साल जुलाई महीने में नई दिल्ली ने इंडोनेशिया को ये मिसाइल देने का ऐलान किया है। जबकि वियतनाम के साथ भी एक समझौता हो चुका है। संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील, थाईलैंड और दक्षिण-अफ्रीका के साथ भी भारत की ब्रह्मोस मिसाइल को बिक्री को लेकर बातचीत जारी है। इन सबसे इतर नई दिल्ली के रक्षा निर्यात को देखें तो इसमें पहले के मुकाबले 62% की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

भारत-रूस ने संयुक्त रूप से बनाई ब्रह्मोस

ब्रह्मोस मिसाइल को भारत और रूस ने संयुक्त उपक्रम के माध्यम से विकसित किया है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर ब्रह्मोस रखा गया है। मिसाइल की मारक क्षमता 290 किलोमीटर तक है। यह ध्वनि की गति से ⏭ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पाताल लोक में भारत करेगा एलपीजी गैस का भंडारण

मंगलुरु। ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कर्नाटक के मंगलुरु में धरती से करीब 160 मीटर नीचे



देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी भंडारण गुफा तैयार की गई है। विशाल गुफा में 80 हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का भंडारण किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

अखाड़ा ने इंद्रदेव को महामंडलेश्वर से हटाया

उज्जैन। स्वामी इंद्रदेव महाराज को पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी ने महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है।



मुंबई की एक महिला ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और अखाड़े के सचिव रवींद्र पुरी ने कार्रवाई की पुष्टि की है। कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए।

अमिताभ के बंगले को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे,



महापौर कार्यालय और पंजाब नेशनल बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वहीं, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी जान से मारने की धमकी मिली। आरोपी ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर सात करोड़ की फिरौती मांगी थी। जांच में धमकी फर्जी निकली।

पुराने समय को याद करते हुए मोदी बोले

एक समय मेरा काम दीवाली मिलन में कुर्सी लगाना, आप लोगों की आवभगत करना था

⏭ इस समारोह में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी ने भी शिरकत की

⏭ प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया से देश में हो रहे बड़े बदलावों को सामने लाने का किया आह्वान

⏭ पीएम ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित दिपावली मिलन कार्यक्रम में पत्रकारों से किया संवाद


रेल मंत्री वैष्णव के साथ डॉ.हिमांशु द्विवेदी भी मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में दीपावली मिलन समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर पत्रकारों से संवाद के दौरान उन्होंने सभी को दीपावली और छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया जगत के साथ अपने लंबे जुड़ाव और पुराने अनुभवों को भी साझा किया और कहा कि इन अनुभवों से उन्होंने बहुत कुछ सीखा, जो आज भी उनके काम आता है। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

इस अवसर पर उन्होंने मीडिया की बदलती भूमिका के साथ ही विकसित भारत 2047 के संकल्प को लेकर भी अपने विचार सामने रखे। उन्होंने भारत की उपलब्धियों, प्रतिभाओं और देश में हो रहे बड़े बदलावों को सामने लाने का आग्रह भी किया। मोदी ने कहा कि त्योहारों का ये समय ऐसा होता है जब हर कोई अपने घर पर, अपने परिवार के साथ, अपनों के साथ समय बिताने का प्रयास करता है। लेकिन आपका काम ऐसा है कि



⏭ कहा, प्रेस रिलीज़ से लेकर इंस्टा रील तक मैंने मीडिया संवाद का एक लंबा दौर देखा

⏭ आज का भारत ऐसे लक्ष्यों को भी हासिल कर रहा है, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था: मोदी

ब्रेकिंग न्यूज के लिए भागदौड़ लगी रहती है। ऐसी व्यस्तता में आप सभी इस नॉन ब्रेकिंग न्यूज वाले कार्यक्रम में आए। मैं आपका आभारी हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां नई पीढ़ी के बहुत से साथी है। लेकिन जो पुराने लोग हैं, वो जानते हैं कि मेरा लंबे समय से आप सब की दुनिया के साथ एक सहज संबंध रहा है। प्रेस रिलीज़ से लेकर इंस्टा रील तक मैंने मीडिया संवाद का एक लंबा दौर देखा है। मुझे याद है कि 90 के दशक की शुरुआत में मुझे दो बड़ी यात्राओं में, देशभर में व्यवस्था के लिए एक दायित्व मिला था और ये वो दौर था, जब प्रेस रिलीज भेजने के लिए भी फैक्स मशीन ढूंढनी पड़ती थी। जब मैं दिल्ली आया तो भी, ये दायित्व मेरे पास था और तब अशोका रोड वाले ऑफिस से पार्टी चलती थी। और उस समय भी ये दिवाली मिलन होते रहते थे। और उस समय मेरा काम ऐसे दीवाली मिलन में कुर्सी लगाना, आप सभी लोगों की आवभगत करना वही काम मेरा रहता था। लेकिन तब कैमरे कम थे, लेकिन संबंधों की आत्मीयता वैसी ही थी। गेस्ट को-ऑर्डिनेशन से लेकर, न्यूज डेस्क और कैमरापर्सन तक हर जगह मेरा एक प्रकार से निकटता का जान पहचान का वो बड़ा उमंग भरा वो माहौल रहता था। और उस एक्सपीरियंस से मैंने बहुत सीखा है। तब के मेरे बहुत से अनुभव आज भी बहुत काम आते हैं।जब आप लोग रिपोर्टर से ⏭ शेष पेज 5 पर

सरकार को दो-तिहाई बहुमत का भरोसा

परिसीमन बिल पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाएगी सरकार


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार महिला आरक्षण लागू करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जल्द ही संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने की योजना है। विधेयक पारित होने पर संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा। सरकार इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू करना चाहती है। सरकार को भरोसा है कि विधेयक पारित कराने के लिए जरूरी संख्या उसके पास है। उसे उम्मीद है कि प्रस्ताव 15 से 18 वोटों के अंतर से पारित हो सकता है। संविधान संशोधन विधेयक के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत यानी 361 मतों की जरूरत होगी। 543 सदस्यीय सदन में फिलहाल तीन सीटें खाली हैं।

⏭ लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

सरकार ने 17 अप्रैल को बजट सत्र के दौरान भी यह विधेयक पारित कराने की कोशिश की थी, लेकिन जरूरी बहुमत नहीं मिलने के कारण उसे सफलता नहीं मिली थी। नए प्रस्ताव में सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत तक वृद्धि करने की योजना है। साथ ही 1971 की जनगणना के आधार पर राज्यों के बीच सीटों के मौजूदा अनुपात को बनाए रखने का प्रस्ताव है, ताकि दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंताओं को दूर किया जा सके।

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित कृषि सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

किसानों की आय बढ़ाना, खेती की लागत घटाना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देना सरकार की प्राथमिकता: नायब

कहा, हरियाणा का किसान अपनी मेहनत और पसीने से देश के अन्न भंडार भरने में निभा रहा अहम भूमिका

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति और कृषि एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। हरियाणा का किसान अपनी मेहनत और पसीने के बल पर देश के अन्न भंडार भरने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रदेश के किसानों ने कृषि क्षेत्र में अपनी मेहनत से हरियाणा को एक अलग पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कृषि सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान, फसल की उचित कीमत, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य और फसल विविधीकरण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि किसान केवल पारंपरिक खेती तक सीमित न रहें, बल्कि आधुनिक तकनीक, नई फसलों और कृषि आधारित उद्योगों को अपनाकर अपनी आमदनी में वृद्धि करें। सैनी ने कहा कि प्रदेश के मेहनती किसानों ने अपनी लगन और परिश्रम से न केवल हरियाणा को कृषि के क्षेत्र में अग्रणी बनाया, बल्कि देश के खाद्यान्न भंडार को भरने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच हमेशा किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत करने ⏭ शेष पेज 5 पर

दो महिलाओं से कथित संबंधों और चीनी जासूसी के आरोपों ने बढ़ाया संकट

एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग का इस्तीफा, 33 साल बाद छोड़ा पद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली दुनिया की दिग्गज कंपनी एनवीडिया में बड़ा नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। कंपनी के सह-संस्थापक और करीब 33 साल से सीईओ का पद संभाल रहे जेन्सन हुआंग ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले के पीछे हनीट्रैप विवाद और कथित व्यक्तिगत संबंधों को लेकर उठे सवालों को प्रमुख वजह माना जा रहा है। 63 वर्षीय हुआंग के खिलाफ दो महिलाओं से कथित विवाहेतर संबंधों और उनमें से एक के चीनी ⏭ शेष पेज 5 पर



⏭ बोर्ड की बैठक के बाद नेतृत्व में बदलाव

⏭ उत्तराधिकारी को लेकर अटकलें तेज

अब कोलेट क्रेस अंतरिम सीईओ

कंपनी ने नए लीडरशिप की व्यवस्था का भी ऐलान कर दिया है। कंपनी की कमान मौजूदा सीएफओ कोलेट क्रेस संभालेंगी। उन्हें अंतरिम सीईओ बनाया गया है। वहीं, कंपनी ने स्थायी सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है।



हरियाणा में गेहूं की बिजाई के समय किसानों को खेतों के बजाय धरनों पर बैठना पड़ रहा: सैलजा

⏭ कहा, सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी

⏭ यमुना और घग्गर नदियों को जोड़ने की संभावनाओं पर केंद्र सरकार गंभीरता से करे विचार; केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को पहले भी दिया था सुझाव : कांग्रेस सांसद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने सिंचाई के पानी की पर्याप्त उपलब्धता की मांग को लेकर फतेहाबाद में आंदोलन कर रहे सिरसा, हिसार और फतेहाबाद जिलों के किसानों की मांगों का समर्थन किया है। सांसद ने कहा कि प्रदेश के किसानों को समय पर पर्याप्त सिंचाई जल और आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना केंद्र एवं राज्य सरकारों की बुनियादी जिम्मेदारी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि इस समय गेहूं की बिजाई का महत्वपूर्ण सीजन चल रहा है। किसानों को अपने खेतों में बुवाई और फसलों की देखभाल करनी चाहिए, लेकिन पानी की समस्या के कारण उन्हें धरने, प्रदर्शन और आंदोलन करने पड़ रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। सरकार को किसानों की समस्याओं का समाधान बातचीत और ठोस प्रशासनिक कदमों के माध्यम से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के समक्ष हरियाणा की दीर्घकालीन जल समस्या के समाधान के लिए यमुना नदी को घग्गर नदी से जोड़ने की संभावनाओं का अध्ययन कराने का सुझाव रखा था। इस प्रस्ताव पर तकनीकी व्यवहार्यता, पर्यावरणीय प्रभाव, जल उपलब्धता और संबंधित राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से ⏭ शेष पेज 5 पर

केस डायरी, जांच रिपोर्ट और चार्जशीट बनाने तक बड़े-बड़े काम संभालेगी तकनीक

तकनीक को अपनाने में भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है

हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन बनेगा देश का पहला एआई पुलिस थाना

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

सरकारी विभागों में अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। तेलंगाना में हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन को भारत के पहले एआई बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर तैयार किया जा रहा है। अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है जिसमें शिकायत दर्ज करने से लेकर चार्जशीट बनाने तक जरूरी कामों में एआई का उपयोग किया जाएगा। एआई के क्षेत्र में भले ही मुख्य प्रतिस्पर्धा अमेरिका और चीन के बीच होती है, लेकिन इस तकनीक को अपनाने में भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट में भारत तीसरे स्थान पर है।

अलग खबर

अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है


एआई इमेज

10 भाषाओं में शिकायत देने की सुविधा: इस पुलिस स्टेशन में कई सुविधाओं को पहले ही शुरू कर दिया गया है। इन्हीं में से एक है सेतु कियोस्क। इसकी मदद से लगभग 10 भाषाओं में इस पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जो लोग स्थानीय भाषा नहीं जानते, उन्हें इस सुविधा से काफी मदद मिलती है।

प्रमुख कामों में एआई का उपयोग

पुलिस कमिश्नर सज्जनार ने हाल ही में इस पुलिस स्टेशन का निरीक्षण किया। अगले महीने डीजीपी सीवी आनंद, पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन के कामकाज में एआई के यूज की शुरुआत करेंगे। दावा है कि इस पुलिस स्टेशन को देश के पहले एआई-बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर डेवलप किया जा रहा है। कामकाज में एआई का शामिल किया जा रहा है, ताकि पुलिसऔर आम नागरिकों दोनों को फायदा मिले। आने वाले दिनों में शिकायत दर्ज करने से लेकर केस डायरी बनाने, जांच रिपोर्ट तैयार करने और चार्जशीट फाइल करने से कामों में एआई का उपयोग होगा।

संगठित अपराध पर सख्ती के आदेश

गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय में ली समीक्षा बैठक

- महिला सुरक्षा, गैंगस्टर नेटवर्क और ड्रग तस्करी पर पैनी नजर रखने की दी हिदायत
- दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा तैयारियों पर चला गहन मंथन, उपराज्यपाल भी रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में शाह ने राजधानी की मौजूदा सुरक्षा स्थिति, पुलिसिंग की चुनौतियों और अपराध नियंत्रण के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की गई।

गृह मंत्री की इस बैठक को दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासतौर पर संगठित अपराध, अवैध हथियारों की तस्करी, विदेशों में बैठकर आपराधिक गतिविधियों को संचालित करने वाले गैंगस्टरों के नेटवर्क, मादक पदार्थों की तस्करी और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दे पुलिस के लिए प्रमुख चुनौती बने हुए हैं।

संगठित अपराध और विदेश में बैठे गैंगस्टरों पर कार्रवाई प्राथमिकता

बैठक के प्रमुख एजेंडों में संगठित अपराध के नेटवर्क को ध्वस्त करना और विदेशों में बैठकर दिल्ली-एनसीआर में आपराधिक गतिविधियों का संचालन करने वाले गैंगस्टरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई शामिल रही। पुलिस के सामने चुनौती यह है कि ऐसे अपराधी विदेशों में रहकर स्थानीय सहयोगियों के माध्यम से रंगदारी, धमकी, गोलीबारी और अन्य आपराधिक वारदातों को अंजाम देने की कोशिश करते हैं। इसके साथ ही अवैध हथियारों की आपूर्ति और आपराधिक गिरोहों को मिलने वाले आर्थिक एवं लॉजिस्टिक सहयोग पर अंकुश लगाने की रणनीति भी महत्वपूर्ण है। पुलिस अधिकारियों को ऐसे नेटवर्क की पहचान कर उनके पूरे तंत्र पर कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

प्रदर्शन, भीड़ नियंत्रण और खुफिया तंत्र को मजबूत करने की चुनौती

दिल्ली देश की राजधानी होने के कारण राजनीतिक, सामाजिक और विभिन्न संगठनों के विरोध प्रदर्शनों का प्रमुख केंद्र भी है। संसद, केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, महत्वपूर्ण संस्थानों और संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा के साथ बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन पुलिस के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

गौरतलब है कि अमित शाह ने तीन सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार दिल्ली पुलिस मुख्यालय का दौरा किया है। इससे पहले 24 अक्टूबर को उन्होंने दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की थी। उस बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

24 अक्टूबर की पिछली बैठक में खुफिया सूचनाओं के बेहतर संकलन, भीड़ नियंत्रण, विभिन्न पुलिस इकाइयों के बीच समन्वय और विरोध प्रदर्शनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा हुई थी। हाल के महीनों में दिल्ली में हुए प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कार्रवाई और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर भी सवाल उठे थे। ऐसे में पुलिस की तैयारियों और मानक संचालन प्रक्रियाओं की समीक्षा महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान की समीक्षा

मादक पदार्थों की तस्करी भी बैठक का एक अहम विषय रही। दिल्ली में ड्रग्स की आपूर्ति करने वाले नेटवर्क, उनकी वितरण व्यवस्था और इस कारोबार से जुड़े संगठित गिरोहों पर कार्रवाई को लेकर पुलिस की रणनीति महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 31 दिसंबर तक देश को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर भी इस लक्ष्य को दोहराते हुए मादक पदार्थों के खतरे को देश के सामने बड़ी चुनौती बताया था। ऐसे में दिल्ली पुलिस की भूमिका इस राष्ट्रीय अभियान के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

महिलाओं की सुरक्षा और संवेदनशील इलाकों में पुलिसिंग

राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा भी पुलिस के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने, अपराध की आशंका वाले स्थानों की पहचान करने, त्वरित कार्रवाई और महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच में तेजी लाने जैसे विषयों पर पुलिस की जवाबदेही महत्वपूर्ण है। पिछली समीक्षा बैठक में भी महिलाओं की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष ध्यान दिया गया था।

पुलिसिंग को अधिक जवाबदेह और नागरिक केंद्रित बनाने पर जोर

दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार, अपराध की जांच में तेजी, जमीनी स्तर पर पुलिस अधिकारियों की सक्रियता और नागरिकों को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराने का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है। 25 अक्टूबर को पिछली समीक्षा बैठक के बाद प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, अमित शाह ने अधिकारियों को पुलिसिंग की जमीनी निगरानी करने, महत्वपूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने और पुलिस को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ बनाने पर जोर दिया था। अंधेरे और असुरक्षित स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और लंबित जांच जैसे मुद्दों पर भी समयबद्ध कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई थी।

एक महीने में दूसरी समीक्षा

दिल्ली पुलिस मुख्यालय में अमित शाह की लगातार दूसरी समीक्षा बैठक से स्पष्ट है कि केंद्र सरकार राजधानी की कानून-व्यवस्था, संगठित अपराध और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता से निगरानी कर रही है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में हुई इस बैठक का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि दिल्ली में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के अधीन है और दिल्ली पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करती है।

आईफोन छीनने का विरोध करने पर युवक को चाकू घोंपने वाले चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बुराड़ी इलाके में आईफोन 17 छीनने की कोशिश का विरोध करने पर एक युवक को चाकू गोदकर जख्मी करने और उसके पांच दोस्तों से मोबाइल लूटने के आरोप में चार नाबालिगों को पकड़ा गया है। यह वारदात छह नवंबर को सामने आई थी। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसके लिये सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी पुलिस ने खंगाले।

डीसीपी निहारिका भट्ट ने बताया कि 20 वर्षीय पीड़ित शाम करीब साढ़े छह बजे अपने पांच दोस्तों के साथ वजीराबाद थाना क्षेत्र के बुराड़ी पुश्ता ग्राउंड पर मौजूद था। उसी समय चार-पांच अज्ञात युवक आए और चाकू से डराकर उसके पांच दोस्तों से मोबाइल और नकदी लूट ली। जब आरोपियों ने उसका आईफोन 17 छीनने की कोशिश की तो उसने विरोध किया और एक बदमाश ने उसकी जांघ पर चाकू घोंप दिया था।

इसके बाद सभी मिलन विहार की तरफ भाग गए थे। घायल को अरुणा आसफ अली अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बाद में नौ नवंबर को वजीराबाद थाने में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार पकड़े गये सभी आरोपियों की उम्र 16 से 17 साल है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस इनके दो अन्य साथियों का पता लगाने के प्रयास में जुटी हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज** पुत्र उम्मेद सिंह, निवासी ई–289, जे.जे. कॉलोनी, बवाना, दिल्ली स्थायी पता मकान नं. 308, गांव हरेवली, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 378/2020 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना बवाना, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सूरज** गिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सूरज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 378/2020 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना बवाना, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सूरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **11.01.2027** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री भारती बेनीवाल,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, (उत्तर)
कमरा नं. 114, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/16351/ON/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश लूथरा उर्फ पंकज लूथरा** पुत्र स्वर्गीय गुलशन लूथरा निवासी मकान नंबर 13/55, पहली मंजिल, गीता कॉलोनी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 273/2024 धारा 420/468/471/392/120B/34 भा.द.स, थाना शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश लूथरा उर्फ पंकज लूथरा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मुकेश लूथरा उर्फ पंकज लूथरा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मुकेश लूथरा उर्फ पंकज लूथरा, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 273/2024 धारा 420/468/471/392/120B/34 भा.द.स, थाना शकरपुर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
श्री रिंकू जैन
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कोर्ट नंबर 27
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/16096/ED/2026

डंपर ने सवारियों से भरे ऑटो को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत, पांच घायल



खचाखच भरे ऑटो अक्सर होते है दुर्घटना का शिकार

राजधानी में खचाखच भरे ऑटो-रिक्शा अक्सर हादसे का शिकार बनते हैं। यातायात पुलिस को इन पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। गलत दिशा में चलने वाले लोग अक्सर इनसे टकरा जाते हैं। वहीं ओवरलोड होने की वजह से ऑटो का बैलेंस भी बिगड़ते देर नहीं लगती। इसके अलावा सबसे बड़ी लापरवाही यह कि इन ऑटो को ज्यादातर नाबालिग चला रहे हैं। यातायात पुलिस इन पर कार्रवाई करने के बजाय आंखे मूंद लेती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में गुरुवार तड़के एक डंपर ने सवारियों से खचाखच भरे एक ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ऑटो में सवार गर्भवती एक महिला के गर्भपात होने की सूचना भी है। एक मृतक की पहचान सतबीर (32) के रूप में हुई है जबकि दूसरे की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस केस दर्ज कर घटना के बाद से ही फरार चल रहे डंपर चालक की तलाश में जुटी है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना की सूचना सुबह करीब सवा पांच बजे मिली। दमकल की टीम और पुलिस पुस्ता नंबर पांच के पास पहुंची जहां एक डंपर और ऑटो रिक्शा के बीच भीषण टक्कर हुई थी। अधिकारी ने बताया कि डीएफएस की टीम के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों और पीसीआर के द्वारा सात घायलों को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया जा चुका था, जहां दो व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया। टक्कर के समय 25 वर्षीय गर्भवती महिला अपने पति राजा (32) के साथ ऑटो में सवार थी। दुर्घटना के बाद महिला का गर्भपात हो गया और उसका जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार पांच पुरुषों, दो महिलाओं और छह महीने की एक बच्ची सहित कुल आठ लोगों को इलाज के लिए जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के दौरान सतबीर (32) और एक अज्ञात व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया तथा शेष घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें सतबीर की पत्नी मोनी (26), उनकी छह महीने की बेटी, रामेश्वर दयाल (45), राजा (32), उसकी पत्नी राखी (25) और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, फोरेंसिक टीम ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच के तहत महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। इस बाबत सोनिया विहार थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने डंपर चालक की पहचान करने, उसका पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए कई टीमों का गठन किया है। चालक घटना के बाद से ही फरार है।

फूल बेचने वाली महिला पर हमला करने वाले छह दबोचे

नई दिल्ली। हौज खास इलाके के यूसुफ सराय में सड़क किनारे फूल माला बेचने वाली एक महिला और उसके नाबालिग देवर पर डंडों से हमला करने वाले चार नाबालिगों समेत छह लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। डीसीपी अनंत मित्तल के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो से 8 नवंबर की एक घटना सामने आई थी। इसमें दिवाली की रात अरबिंदो मार्ग पर यूसुफ सराय बस स्टैंड के पास फूलों की माला बेचने वाले एक स्टॉल पर कुछ लोगों ने डंडों से राधा (37) निवासी संगम विहार और उनके देवर (15) के साथ मारपीट की गई थी। शिकायतकर्ता के बयान के अनुसार हमलावर उनके रिश्तेदार ही थे। उन्होंने दोनों पीड़ितों को डंडों से पीटा और धमकी देकर वहां से भाग गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए मदन मोहन मालवीय अस्पताल ले जाया गया था। शुरुआती जांच से पता चला है कि दोनों पक्ष रिश्तेदार हैं और इनके बीच पहले भी झगड़े हो चुके थे। जांच के दौरान मामले में छह लोगों को पकड़ा गया है। इनमें सोनी (35), निवासी खड्डा कॉलोनी, जैतपुर, उस्मान नौशाद (22) निवासी ओम नगर, जैतपुर और चार नाबालिग शामिल हैं। इस संबंध में हौज खास पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 74/351(2)/79/110/3(5)/61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि उस्मान नौशाद जैतपुर और बदरपुर थाने के दो मामलों में शामिल रहा है। सोनी भी हौज खास और सफदरजंग एंक्लेव थाने के दो मामलों में शामिल रहा है। ये मामले नशे से संबंध बताये गये हैं।

अमित शाह आप पंजाब की चिंता छोड़ें, सबसे पहले दिल्ली को नशे से दिलाएं मुक्तिः सौरभ

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पुलिस मुख्यालय में दूसरी बार पहुंचने पर कहा कि आप पंजाब की चिंता छोड़ें, पहले देश की राजधानी दिल्ली को नशे से मुक्ति दिलाएं। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली नशे की नगरी बन रही है जिसके सबूत के तौर पर रोहतास नगर से विधायक ने प्रशासन को जगाने के लिए डीएम के सामने ही स्मैक का पैकेट रख दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा सरकार में दिल्ली में नशा करने वालों की तादात बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी ने कुछ दिन पहले ही पुलिस कमिश्नर को नशा बिकने वाली जगहों के नाम बताने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की चार इंजन की सरकार में देश की राजधानी दिल्ली अब नशे की नगरी बनती जा रही है। क्योंकि केंद्र सरकार के सोशल जस्टिस और एम्स की संयुक्त रिपोर्ट बताती है कि मौजूदा सरकार में दिल्ली में नशा करने वालों की तादात बढ़ती जा रही है। गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में हुई प्रेसवार्ता में भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के अंदर लगातार ड्रग्स, गांजा, स्मैक, कोकीन समेत अन्य नशा खुलेआम बिकने की शिकायत विधायक से लेकर पार्षद, आरडब्ल्यूए समाजिक संगठन आदि लगभग रोज करते हैं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई–मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर डाई–इलैक्ट्रिक ट्यूब सीलर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	11.11.2026 25.11.2026	92,50,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 eculpmentdgm2020@gmail.com
2	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर पोर्टेबल हैंड हेल्ड ट्यूब सीलर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	12.11.2026 26.11.2026	5,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 eculpmentdgm2020@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/50958/I/88/7 दि. 12.11.26

ट्रैफिक प्रहरी एप को बढ़ावा देने के लिये 1432 लोग किये पंजीकृत

विंटर एक्शन प्लान तथा ग्रेप प्रतिबंधों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ट्रैफिक और पर्यावरण नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के मकसद से ट्रैफिक पुलिस (जोन-1) ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली तीनों रेंज में एक विशेष जागरूकता और पंजीकरण अभियान चलाया है। इसके लिये 1432 लोग ट्रैफिक प्रहरी एप पर पंजीकृत भी किये। इसका उद्देश्य 'ट्रैफिक प्रहरी' एप को बढ़ावा देना और सरकार के 'विंटर एक्शन प्लान' तथा 'ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान' (ग्रेप) के तहत लागू प्रतिबंधों के बारे में लोगों को जागरूक करना भी है।

इस अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों और आम जनता से बातचीत की। उन्होंने लोगों को 'ट्रैफिक प्रहरी' एप पर पंजीकरण करने और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया। नागरिकों को बताया गया कि वे गलत दिशा में गाड़ी चलाना, रेड लाइट तोड़ना, खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाना, तीन लोगों का एक साथ मोटरसाइकिल पर सवार होना, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना और गलत तरीके से पार्किंग करने जैसी घटनाओं की रिपोर्ट एप के माध्यम से फोटो या वीडियो अपलोड करके कर सकते हैं। इस अभियान के दौरान कुल 1432 नागरिकों ने 'ट्रैफिक प्रहरी' एप पर पंजीकरण कराया। इससे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की रिपोर्ट करने में जनभागीदारी बढ़ी है और नियमों को लागू करने के प्रयासों को मजबूती मिली है। इसके साथ ही लोगों को 'विंटर एक्शन प्लान' (जो 1 नवंबर 2026 से 31 जनवरी 2027 तक लागू है) के तहत दिल्ली के बाहर पंजीकृत उन वाहनों पर लगे प्रतिबंधों के बारे में जागरूक किया गया जो बीएस-6 मानक के नहीं हैं। उन्हें वर्तमान में लागू ग्रेप प्रतिबंधों के बारे में भी जानकारी दी गई और 'ट्रैफिक प्रहरी' एप के जरिए नियमों के उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अभियान में जन जागरूकता, नियमों का स्वेच्छा से पालन और नागरिकों की भागीदारी पर जोर दिया गया, जो नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए बहुत जरूरी हैं।

एडिशनल सीपी विजयंता गोयल आर्य के अनुसार एक अनुशासित वाहन चालक, एक सतर्क नागरिक और सड़क का एक जिम्मेदार उपयोगकर्ता मिलकर दिल्ली की सड़कों को सुरक्षित, ट्रैफिक को सुगम और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में बड़ा योगदान दे सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करने और जनता के साथ लगातार जुड़कर काम करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि राष्ट्रीय राजधानी में सड़कें सुरक्षित रहें, ट्रैफिक सुचारू रूप से चले और हवा साफ रहे।

SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED

Regd. Off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036
Corp. Off : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-48, Gurugram (Haryana)-122002, Ph.: 0124-2719000
CIN: L26912DL1991PLC045449, Website : www.sainikfinance.com, Email: info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

Extract of Statement of Standalone Financial Results of the Company for the quarter/half year ended on 30 September 2026

(Rs. in Lakhs)

Sl.	Particulars	3 months ended (Unaudited)	3 months ended (Unaudited)	Correspond-ing 3 months ended in the previous year (Unaudited)	6 months ended (Unaudited)	Correspond-ing 6 months ended in the previous year (Unaudited)	Year to date figures for current year ended (Audited)
		30.09.2026	30.06.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	31.03.2026
1	Total Income from operations	429.43	442.02	408.95	871.45	770.94	1,695.11
2	Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items)	185.50	123.23	61.27	308.73	153.49	442.00
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items)	185.50	123.23	61.27	308.73	153.49	442.00
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items)	136.57	92.21	72.98	228.78	167.54	416.56
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	136.57	92.21	72.98	228.78	167.54	408.36
6	Equity Share Capital (face value of the share : Rs.10 each)	1,088.00	1,088.00	1,088.00	1,088.00	1,088.00	1,088.00
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as per previous financial year	-	-	-			3,739.64
8	Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : 2. Diluted :	1.26 1.26	0.85 0.85	0.67 0.67	2.10 2.10	1.54 1.54	3.83 3.83

Notes:-

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Result for the quarter/half year ended 30 September 2026 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly/half yearly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2. The detailed financial results and this extract were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 12 November 2026. The auditors have carried out Limited Review of the financial results, as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015.

By order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
sd/-
Sarvesh Sindhu
Director
(DIN-06545787)

Place: Gurugram (Haryana)
Date: 12 November, 2026

नितिन नवीन ने सीएम के साथ छठ घाट का किया उद्घाटन

छठ महापर्व : मुनक नहर पर 11 किलोमीटर लंबा घाट तैयार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ उत्तरी दिल्ली स्थित मुनक नहर के दोनों ओर विकसित छठ घाट का उद्घाटन किया। छठ महापर्व से ठीक पहले दिल्ली के लाखों छठ व्रतियों को मिली यह विशेष सौगात उनकी आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक परंपराओं के सम्मान का प्रतीक है। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 11 किलोमीटर लंबे छठ घाट के विकास की यह पहल राजधानी में छठ पूजा के लिए बेहतर और व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना दिल्ली में वर्षों से उपेक्षित मुनक नहर के सूखे हिस्से को एक स्वच्छ, सुंदर, पर्यावरण अनुकूल और जनसुविधाओं से युक्त सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 115 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से मुनक नहर के दोनों तरफ लगभग 11 किलोमीटर लंबे हिस्से का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसमें छठ घाट का निर्माण, दोनों किनारों पर सर्विस रोड, पुलों का निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण तथा नहर के सौंदर्यीकरण सहित कुल सात प्रमुख विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद प्रवीण खंडेलवाल, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, विधायकगण सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सनातन धर्मावलंबियों और पूर्वांचल समाज को दी बड़ी सौगात : नितिन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि छठ महापर्व की शुरुआत से ठीक पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ व्रतियों, सनातन धर्मावलंबियों और पूर्वांचल समाज को यह बड़ी सौगात दी है। 11 किलोमीटर लंबे इस छठ घाट का निर्माण दिल्ली के वातावरण और क्षेत्र की तस्वीर बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। छठ महापर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शुद्धता, पवित्रता, अनुशासन और सामूहिकता का पर्व है। इसमें अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य, दोनों को अर्घ्य देकर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। छठ का महापर्व समाज को एकजुट करता है और इस दौरान ऊंच-नीच तथा भेदभाव की दीवारें समाप्त हो जाती हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि पूर्वांचल और बिहार के लोग अपने श्रम और समर्पण से देश के विभिन्न राज्यों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। दिल्ली सरकार ने मुनक नहर पर छठ घाट विकसित कर उनकी पूजा-पद्धति, आस्था और सांस्कृतिक पहचान को सम्मान दिया है।

पूर्वांचल समाज के लिए अत्यंत हर्ष और सौभाग्य का अवसरः रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह दिल्लीवासियों, विशेषकर पूर्वांचल समाज के लिए अत्यंत हर्ष और सौभाग्य का अवसर है। मुनक नहर का यह क्षेत्र वर्षों से उपेक्षित था और यहां छठ व्रतियों के लिए बेहतर सुविधाओं से युक्त घाट विकसित करने की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। पिछली सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, लेकिन दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार दिल्ली के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कर रही है।

छठ पूजा सहित अन्य आयोजनों को मिलेगी बेहतर सुविधा

परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा मुनक नहर के किनारे छठ घाट का निर्माण है। शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में लगभग 3 किलोमीटर लंबे छठ घाट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में शेष 2.5 किलोमीटर हिस्से का कार्य प्रगति पर है। इन घाटों के विकसित होने से पूर्वांचल सहित दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले श्रद्धालुओं को छठ पूजा के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। यह स्थान केवल छठ पूजा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यहां दुर्गा पूजा, गणेश पूजा सहित अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सवों के आयोजन के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त नहर के किनारे विकसित होने वाला क्षेत्र वर्षभर स्थानीय निवासियों के लिए घूमने-फिरने और मनोरंजन का केंद्र बनेगा। इस परियोजना से लगभग 32 हजार से 33 हजार लोग एक समय में वॉकिंग और मनोरंजन संबंधी सुविधाओं का उपयोग कर सकेंगे।

आज से नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है महापर्व

नई दिल्ली। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ आज, 13 नवंबर, शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है। वहीं 16 नवंबर यानी सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत का समापन होगा। पर्व को लेकर देश की आजादपुर सहित अन्य बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने गत दिनों बैठक में बताया था कि इस वर्ष छठ महापर्व 13 से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा। नवंबर में संभावित ठंड को देखते हुए मुख्यमंत्री ने बड़े और मध्यम आकार के घाटों पर जरूरत के अनुसार पर्याप्त कवर वाले टेंट लगाने के निर्देश दिए।



वहीं, दिल्ली के आजादपुर मंडी के सामने आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे छठ पूजा की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। बता दें कि कभी बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश तक प्रमुख रूप से सीमित रहा यह पर्व अब देश के कई हिस्सों में व्यापक रूप से मनाया जाता है।

सांसद ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गुरूवार को पांच विधानसभा क्षेत्रों के लगभग एक दर्जन छठ घाटों पर चल रही तैयारियों का विधायक कुलदीप सोलंकी, कैलाश गहलोत और गजेंद्र यादव तथा अधिकारियों के साथ जायजा लिया। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि इस बार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रयासों से छठ पूजा के लिए अद्वितीय तैयारियां की गई हैं। बिधूड़ी ने पालम, बिजवासन, महरौली, छतरपुर और देवली विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए छठ घाटों का मौके पर जाकर जायजा लिया।

बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले कर्मचारियों रोका जाएगा वेतन : एनडीएमसी

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले कर्मचारियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। एनडीएमसी अब ऐसे कर्मचारियों का वेतन रोकने पर विचार कर रही है। इस बात की जानकारी गुरुवार को एनडीएमसी के अधिकारियों ने दी है। दरअसल परिषद के दो तिहाई से अधिक कर्मचारी बार-बार अपनी रोजाना की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने में विफल रहने पर एनडीएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने यह निर्देश दिया है। अधिकारियों के मुताबिक इस सप्ताह की शुरुआत में परिषद के विभिन्न विभागों के कुल 13 हजार 376 कर्मचारियों में से केवल 4 हजार 352 ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 9 हजार 024 ऐसा करने में विफल रहे। सिविल इंजीनियरिंग विभाग में उपस्थिति दर्ज न कराने वाले कर्मचारियों की संख्या सबसे अधिक रही। यहां के 2 हजार 789 कर्मचारियों में से 1 हजार 913 ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। इसके बाद जन स्वास्थ्य विभाग का स्थान था, जहां 2 हजार 061 कर्मचारियों में से 1 हजार 656 कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज कराने से परहेज किया।

'यमुना संवाद' का उद्घाटन करेंगे उपराज्यपाल

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू 20 नवंबर 2026 को नई दिल्ली स्थित बांसरा (बिरसा मुंडा चौक) में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से आयोजित किए जा रहे बहु-हितधारक सम्मेलन 'यमुना संवाद' का उद्घाटन करेंगे। डीडीए प्रशासन ने गुरूवार को यह जानकारी दी। डीडीए के अनुसार, इस एक दिवसीय आयोजन में यमुना के बाढ़ क्षेत्र और घाटों के सतत पुनर्स्थापन, विकास एवं प्रबंधन पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। इस आयोजन में देश-विदेश के प्रमुख विशेषज्ञों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिक एवं शोध संस्थानों, शहरी नियोजकों, विकास एवं वित्तीय संस्थानों, निजी क्षेत्र के संगठनों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य दिल्ली में यमुना के पुनर्जीवन के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करना और उसके क्रियान्वयन के लिए व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करना है।

चार साल के बच्चे की सीवर में गिरने से मौत के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को कहा कि बाहरी दिल्ली में रनहोला और नंगली विहार बापरौला क्षेत्र में खुले सीवर में मोहन गार्डन निवासी 4 साल के छोटे बच्चे की गिरने से दर्दनाक मौत के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है क्योंकि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। मोहन गार्डन निवासी महिला जब अपने बच्चे के साथ नाले की ओर जा रही थी, बच्चा खुले सीवर में गिर गया। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है कि घटना की सूचना मिलने के बावजूद दिल्ली पुलिस, फायर सर्विस और एनडीआरएफ की टीम को बच्चे का शव ढूंढने में 24 घंटे का समय लग गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से पिछले 2 वर्षों में दिल्ली में नालों, गड्ढों और सीवर में गिरने से 89 मौतें हुई हैं।

दिल्ली-बिहार के बीच सरकार ने मिलकर शुरू की बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली और बिहार सरकार ने दोनों राज्यों के बीच बस सेवाएं संचालित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत शुरुआती चरण में 77 बसों का संचालन किया जा रहा है, ताकि त्योहार के अवसर पर अपने घर लौटने वाले यात्रियों को किफायती और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराई जा सके। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने गुरूवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पहल त्योहार के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को सुगम बनाने और अंतरराज्यीय सार्वजनिक परिवहन कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए दोनों सरकारों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस शुरुआती व्यवस्था के तहत बिहार के पांच डिवीजनों में 77 बसें संचालित की जा रही हैं। इनमें मुजफ्फरपुर (36), पटना (13), पूर्णिया (12), गया जी (10) और दरभंगा (6) शामिल हैं। यात्रियों को आर्थिक राहत देने के लिए नॉन-एसी सीटर, नॉन-एसी स्लीपर, एसी सीटर और एसी स्लीपर श्रेणियों में रियायती त्योहार किराया निर्धारित किया गया है। मार्ग और बस श्रेणी के अनुसार यात्रियों को 134 रुपए से लेकर 1,028 रुपए तक की किराया छूट मिल रही है। उदाहरण के तौर पर, पटना-दिल्ली मार्ग पर नॉन-एसी सीटर का किराया 1,615 रुपए से घटाकर 1,221 रुपए और एसी सीटर का किराया 1,980 रुपए से घटाकर 1,361 रुपए किया गया है। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि छठ पूजा दिल्ली में रह रहे बिहार के लाखों लोगों के लिए गहरी सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्ता रखती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार, बिहार सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि लोग सुरक्षित और किफायती तरीके से अपने घर पहुंच सकें। रियायती किराये और अतिरिक्त बस सेवाओं की शुरुआत त्योहार के दौरान सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

दोनों राज्यों के बीच 77 बसों का संचालन शुरू



महापौर ने निगमायुक्त संग किया भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने की कवायद में लगी दिल्ली नगर निगम ने और तेजी लानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में गुरुवार को महापौर प्रवेश वाही ने निगमायुक्त संजीव खिरवार सहित अन्य अधिकारियों संग भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया। इस मौके पर महापौर वाही ने साइट पर चल रहे बायो माइनिंग कार्यों का गहनता से जायजा लिया और बाद में बैठक के दौरान नए दिशा निर्देश जारी किए। इस बारे में महापौर वाही ने बताया कि भलस्वा लैंडफिल साइट से लगभग 1 करोड़ 2 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण कर दिया गया है। जबकि अभी भलस्वा लैंडफिल साइट पर लगभग 23-25 लाख मीट्रिक टन लीगेसी कचरा बचा है उसे भी तय समय सीमा में निस्तारित कर दिया जाएगा। भलस्वा लैंडफिल साइट पर जमा लीगेसी कचरे का निस्तारण कर लगभग 30 प्रतिशत एवं ओखला लैंडफिल साइट पर 60 प्रतिशत भूमि वापस प्राप्त कर ली गई है, जिसके उपयोग की योजनाओं को लेकर भी कार्य चल रहा है। महापौर ने बताया कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर कचरा निस्तारण के लिए नई एजेंसी से अनुबंध किया गया है।



जल्द मिलेगी निगम के सात अस्पतालों में आयुष्मान भारत के मरीजों को कैशलेस डायलिसिस सुविधा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के सात अस्पतालों में पीपीपी मॉडल पर डायलिसिस सेंटर स्थापित होंगे। इन सभी अस्पतालों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत के पात्र लाभार्थियों को कैशलेस सुविधा मिलेगी। जबकि निजी अस्पतालों की तुलना में कम दरों पर इलाज उपलब्ध कराने की तैयारी भी चल रही है। सत्या शर्मा ने कहा कि किडनी की बीमारी से पीड़ित मरीजों के नियमित रूप से डायलिसिस के लिए निजी अस्पतालों में एक बार डायलिसिस कराने पर करीब 3000 से 3500 रुपये तक खर्च होते हैं। सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस कराने वाले ऐसे मरीजों और उनके परिवारों पर यह खर्च भारी आर्थिक बोझ है। निगम का प्रयास है कि ऐसे मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में कम दरों पर बेहतर उपचार का विकल्प उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत स्वामी दयानंद अस्पताल, दिलशाद गार्डन, बालक राम अस्पताल तिमारपुर, यूपीएचसी फतेहपुर बेरी, माता गुजरी अस्पताल तिलक नगर, पूर्णिमा सेठी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल कालकाजी, श्रीमती गिरधारी लाल मातृत्व अस्पताल अजमेरी गेट और वीर सावरकर आरोग्य संस्थान करावल नगर को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सातों केंद्रों का संचालन एक ही निजी सेवा प्रदाता को क्लस्टर मॉडल के तहत सौंपने का प्रस्ताव है। निजी एजेंसी अपने खर्च पर डायलिसिस मशीनें लगाएगी और तकनीकी कर्मचारियों की व्यवस्था करने के साथ केंद्रों का संचालन एवं रखरखाव करेगी। निगम प्रत्येक साइट के लिए महज एक रुपये प्रतिमाह के सांकेतिक लाइसेंस शुल्क पर जगह उपलब्ध कराएगा।

एनएसयूआई पदाधिकारी का जलाया पुतला

डीयू: रामानुजन कॉलेज में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज में एनएसयूआई पदाधिकारी अनस खान से जुड़े छात्राओं की गरिमा एवं सुरक्षा को प्रभावित करने वाले गंभीर प्रकरण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान एनएसयूआई पदाधिकारी का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि इस पूरे प्रकरण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को गहरा आघात पहुंचाया है।

वहीं, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) अध्यक्ष यश डबास ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्राओं से जुड़े इस प्रकरण में सामने आए स्क्रीनशॉट और शिकायतें अत्यंत चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं को आर्थिक प्रलोभन देकर इस प्रकार के प्रस्ताव देना और विरोध करने पर उन्हें धमकाया जाना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। केवल निलंबन की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जांच होनी चाहिए, ताकि इसके पीछे सक्रिय संभावित नेटवर्क का खुलासा हो सके। कांग्रेस और एनएसयूआई को महिला सुरक्षा के विषय पर अपनी जवाबदेही तय करनी होगी। हमारी प्राथमिकता छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और परिसर में भयमुक्त शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना है। दोषियों को किसी भी प्रकार का राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। एबीवीपी ने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर कांग्रेस एवं एनएसयूआई की राजनीतिक बयानबाजी और उनसे जुड़े विभिन्न प्रकरणों में सामने आए तथ्यों के बीच गंभीर विरोधाभास दिखाई देता है। रामानुजन कॉलेज के एनएसयूआई पदाधिकारी अनस खान से जुड़ा वर्तमान प्रकरण हो, वर्ष 2018 में एनएसयूआई के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज खान पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप हों, अथवा कांग्रेस सांसद एवं जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम से जुड़ा हालिया मामला इन सभी घटनाक्रमों ने संगठनात्मक जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े किए हैं।



डीयू कुलपति के आश्वासन के बाद भूख हड़ताल समाप्त

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) कुलपति कार्यालय के नजदीक मुख्य प्रवेश द्वार संख्या-1 पर दिल्ली विश्वविद्यालय एवं कॉलेज कर्मचारी यूनियन (डूक्कू) के बैनर तले पिछले दस दिन से पांच कर्मियों की चल रही भूख हड़ताल गुरूवार को जूस पिलाने के बाद दसवें दिन समाप्त हो गई। डूक्कू अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि डूक्कू और डीयू प्रशासन के बीच गुरूवार को कुलपति प्रो. योंगेश कुमार सिंह की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक वार्ता हुई। इस बैठक में दौलत राम कॉलेज के दो निलंबित कर्मियों की बहाली तथा कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सविता राय के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कमेटी गठित करने की मांग सहित कर्मियों की अन्य लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। वहीं, बता दें कि डूक्कू ने एक दिन पहले बुधवार को देश की महामहिम राष्ट्रपति को भी इस मामले में हस्तक्षेप की मांग के लिए पत्र लिखा था। डूक्कू अध्यक्ष शर्मा ने सभी कर्मियों से अपील की है कि वे शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 से अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित होकर विश्वविद्यालय के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने में सहयोग दें।

पंजाबी बाग वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट का नोडल सचिव ने किया निरीक्षण

नई दिल्ली। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली नगर निगम भी अपने हर संभव बेहतर से बेहतर प्रयास करने में जुटी है। जिसके तहत गुरुवार को एक बार फिर पश्चिमी दिल्ली के नोडल सचिव रूपेश कुमार ठाकुर ने पंजाबी बाग स्थित वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट का निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति और प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों की गहन समीक्षा व बैठक की। इससे पहले नोडल सचिव ठाकुर ने अधिकारियों संग 28 अक्टूबर 2026 को निरीक्षण किया था। इस मौके पर निगम के पश्चिमी क्षेत्र के उपायुक्त कर्नल विनोद अत्री सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त कर्नल अत्री ने नोडल सचिव ठाकुर को उनके पहले दौरे के समय दिए गए दिशा निर्देशों के बाद उठाए गए सभी कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं नोडल सचिव ठाकुर ने गत निरीक्षण के दौरान धूल के कारण हो रहे प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए रेलवे सीमेंट साइडिंग यार्ड को सील करने सहित कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के अनुपालन की स्थिति जानने के लिए उन्होंने आज फिर से संबंधित रेलवे सीमेंट साइडिंग यार्ड का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा एवं पाया कि रेलवे प्रशासन ने स्थल पर नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सीमेंट साइडिंग यार्ड की बैरिकेडिंग कर दी गई है तथा रेलवे द्वारा वहां प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल की एक चौकी स्थापित की गई है और वहां जवानों की तैनाती की गई है, ताकि परिसर में किसी भी प्रकार की अनधिकृत गतिविधि न हो सके। नोडल सचिव ने रेलवे प्रशासन द्वारा की गई इन व्यवस्थाओं को इस स्थल पर होने वाली अनधिकृत आवाजाही एवं अन्य गतिविधियों पर रोक लगाने तथा वहां से उत्पन्न होने वाले धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना।



छठ पर्व के पावन अवसर पर जीडीए की अनूठी पहल

कोयल एनक्लेव योजना में लगभग 1.20 करोड़ की लागत से छठ घाटों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं पर्व को हर्षोल्लास तथा श्रद्धापूर्वक मनाने के उद्देश्य से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अपनी विकसित कोयल एनक्लेव योजना में लगभग 1.20 करोड़ रुपए की लागत से चार छठ घाटों का निर्माण एवं विकास कार्य कराया है। प्राधिकरण की इस पहल का उद्देश्य शहर के नागरिकों, विशेषकर उन परिवारों को सुविधाजनक एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है, जो मूल रूप से पूर्वांचल एवं बिहार सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से आकर गाजियाबाद में निवास कर रहे हैं तथा छठ महापर्व को अपनी आस्था एवं परंपरा के अनुरूप मनाते हैं।

उक्त समस्त कार्य शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में कराए गए हैं।

खास बातें

- परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं
- बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं



श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो सके

श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत घाट परिसर में व्यापक साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं आकर्षक लाइटिंग की गई है, जिससे प्रातःकालीन एवं सायंकालीन पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महिलाओं एवं पुरुषों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम तथा अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था भी कराई गई है। छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी गई है। इसके अंतर्गत परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, जिससे गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। इसके साथ ही अन्य आवश्यक जनसुविधाओं एवं पब्लिक एमेनिटीज की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान एक सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो सके।

सभी नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए

छठ महापर्व सूर्योपासना, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, स्वच्छता, अनुशासन एवं लोक आस्था का अनुपम पर्व है। यह पर्व सामाजिक समरसता, पारिवारिक एकजुटता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को भी सुदृढ़ करता है। प्राधिकरण का प्रयास है कि शहर में निवासरत सभी नागरिकों को अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करने के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

खबर संक्षेप

ठगी के मामले में खाताधारक गिरफ्तार

फरीदाबाद। रेस्टोरेंट से खाना ऑर्डर करने के बहाने 22500 रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी अतीशान उर्फ अतीशान निवासी गांव जोधपुर जिला डीग राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सेक्टर-21 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि वह गांव भांकरी में रेस्टोरेंट चलाता है। कॉलर ने 4.5 सब्जियों और 35.40 रोटियों का ऑर्डर दिया। आरोपी ने 1500 रुपए की पेमेंट करने के बजाय 15,000 रुपए का फर्जी ट्रांजेक्शन मैसेज भेजकर गलती से अधिक पैसे भेजने की बात कही और खाने के पैसे काटकर शेष रकम वापस भेजने को कहा।



देसी कट्टा के साथ आरोपी धराया

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियारों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। 11 नवंबर को क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान निखिल निवासी संजय इंक्लेव पार्ट-2 फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि संजय इंक्लेव पार्ट-2 फरीदाबाद के रहने वाले निखिल के पास अवैध हथियार है। अपराध शाखा की टीम ने निखिल को बाईपास सेक्टर-37 के पास से काबू किया है। एक देसी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध थाना सराय ख्वाजा में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धारा के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच आरंभ की गई।



नियमों की अवहेलना करने वालों पर रहेगी कड़ी नजर

डीसी आयुष सिन्हा के निर्देश पर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिले में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने तथा निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के निर्धारित मानकों की पालना सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।

इसी अभियान के तहत आज फरीदाबाद के सेक्टर-15 में निर्धारित निर्माण एवं धूल नियंत्रण मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर एक निर्माण साइट को बंद कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, सेक्टर-68 क्षेत्र में एक अवैध रेडी मिक्स कंक्रीट प्लांट की पहचान की गई।

उक्त प्लांट बिना आवश्यक अनुमति के पाया गया, जिसके खिलाफ बंद करने की कार्रवाई के संबंध में संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। हालांकि, निरीक्षण के दौरान यह प्लांट संचालित अवस्था में नहीं पाया गया। ग्रैप के निर्देशों की अनुपालना में प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में जिले में सभी रेडी मिक्स कंक्रीट प्लांट बंद हैं। किसी भी आरएमसी प्लांट को फिलहाल संचालन की अनुमति नहीं है। वहीं, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सीएक्यूएम के निर्देशों के अनुपालन में जिले में 5 नवंबर से 20 नवंबर 2026 तक सभी प्रकार के निर्माण एवं तोड़फोड़ संबंधी कार्यों पर प्रतिबंध रहेगा।

इस अवधि के दौरान किसी भी स्थान पर निर्माण अथवा तोड़फोड़ का कार्य करने की अनुमति नहीं होगी। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों एवं निर्माण एजेंसियों को इन निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निर्माण सामग्री को ढ़ककर रकना चाहिए

निर्माण स्थलों पर धूल के फैलाव को रोकने के लिए निर्धारित सभी निर्माण गतिविधियां की जानी चाहिए। निर्माण सामग्री को ढककर रखना नियमित रूप से पानी का छिड़काव करना, निर्माण एवं तोड़फोड़ से निकलने वाले मलबे का उचित प्रबंधन करना तथा अन्य आवश्यक धूल नियंत्रण उपाय अपनाना अनिवार्य है। निर्धारित नियमों की अवहेलना करने वाली साइटों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीसी आयुष सिन्हा ने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों की अवहेलना करने वाले निर्माण स्थलों एवं औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्माण स्थलों के डस्ट पोर्टल पर पंजीकरण की जांच करने तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े दिशा-निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने सीएम नायब सैनी का जताया आभार

छायंसा गौशाला को 37 लाख 85 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



बल्लभगढ़ से विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने आज छायंसा गौशाला दा पिंजौरपोल सोसायटी फरीदाबाद को हरियाणा सरकार की ओर से लगभग 37 लाख 85 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। इसके अलावा विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने लगभग 7 लाख 30 हजार रुपए का मोहना गौशाला का चेक एसडीएम मयंक भारद्वाज को सौंपा है। इस अवसर पर एसडीएम मयंक भारद्वाज तथा गौशाला सोसायटी के पदाधिकारी अशोक शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

सफाई और प्रदूषण नियंत्रण पर रहेगा विशेष फोकस

डॉ. पंकज ने संभाला नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त का कार्यभार

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम



वर्ष 2020 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. पंकज ने वीरवार को नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वे नगर निगम पानीपत में आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। हरियाणा सरकार ने उन्हें गुरुग्राम नगर निगम की जिम्मेदारी सौंपी है।

पदभार संभालने के बाद डॉ. पंकज ने निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की सफाई व्यवस्था, प्रदूषण नियंत्रण, विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत किया जाए तथा मुख्य सड़कों को नियमित रूप से साफ रखते हुए धूल मुक्त बनाने के अभियान में तेजी लाई जाए। आयुक्त ने कचरा जलाने की घटनाओं पर प्रभावी निगरानी रखने और इन्हें रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त गुरुग्राम बनाना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। डॉ. पंकज ने विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि नगर निगम के सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे होने चाहिए। किसी भी परियोजना में अनावश्यक देरी और गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। म्हारी सड़क, एसएमजीटी, सीएम विंडो, सीपीग्राम और सोशल मीडिया के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों की नियमित निगरानी करने को भी कहा।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि पारदर्शिता, जवाबदेही, गुणवत्तापूर्ण विकास और जनहित नगर निगम की कार्यप्रणाली का आधार होना चाहिए।

फायर टेंडर तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किए गए

हैंडल फैक्टरी में लगी भीषण आग, करोड़ों का हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



साउथ साइड ऑफ जीटी रोड, इंडस्ट्रियल एरिया में एक हैंडल बनाने वाली फैक्ट्री भीषण आग लग गई। जिसमें करोड़ो का माल जलकर राख हो गया। मुख्य अग्नि शमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि पर सूचना प्राप्त हुई कि सीपी सेंचुरी के पास हार्डवेयर जोन स्थित हैंडल बनाने वाली फैक्ट्री, ए-4/3/22, साउथ साइड ऑफ जीटी रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद में आग लग गई है। सूचना प्राप्त होते ही अग्निशमन अधिकारी कोतवाली के नेतृत्व में फायर स्टेशन कोतवाली से तीन फायर टेंडर तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। मौके पर पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों द्वारा देखा गया कि फैक्ट्री के ऊपरी तल पर बने एक कमरे में आग लगी हुई थी, जिसकी लपटें छत पर लगे एसी एवं अन्य उपकरणों तक पहुँच गई थीं। आग की गंभीरता को देखते हुए अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में तत्काल चार होज पाइपों की सहायता से आग बुझाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई।

अग्निशमन कर्मियों ने पूरी तत्परता, सूझबूझ एवं आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करते हुए कुछ ही समय में आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया।

साथ ही आग को आसपास स्थित अन्य फैक्ट्रियों तक फैलने से रोकते हुए उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया।

देश में डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन भुगतान का दायरा बढ़ने के साथ कंपनियों के कारोबार में तेजी

गुरुग्राम। देश में डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन भुगतान का दायरा बढ़ने के साथ इस क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के कारोबार में भी तेजी देखने को मिल रही है। इसी क्रम में नेटवर्क पीपल सर्विसेज टेक्नोलॉजीज लिमिटेड एनपीएसटी ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में बेहतर वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 50 प्रतिशत बढ़कर 72.95 करोड़ रुपए पहुंच गई। वहीं, शुद्ध लाभ 34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13.21 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का परिचालन राजस्व भी 45 प्रतिशत बढ़कर 67.74 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 60 प्रतिशत बढ़कर 134.37 करोड़ रुपए रही, जबकि शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत बढ़कर 24.26 करोड़ रुपए पहुंच गया। एनपीएसटी के सह-संस्थापक एवं जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष अग्रवाल ने कहा कि भारत में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे नियामकीय प्रयासों और डिजिटल लेनदेन के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने पर सरकार के फोकस से पेमेंट टेक्नोलॉजी क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ सुरक्षित भुगतान व्यवस्था, धोखाधड़ी पर नियंत्रण और डेटा संरक्षण की जरूरत भी बढ़ रही है।

जिला जेल नीमका के बंदियों को कौशल विकास प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित

कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को व्यावसायिक एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान करना

कौशल विकास से बंदियों को रिहाई के बाद आत्मनिर्भर बनने में मिलेगी मदद : जगदीप सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके पुनर्वास के उद्देश्य से इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट फरीदाबाद के सहयोग से जिला जेल नीमका में दो सप्ताह का कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 अगस्त 2026 से 17 अगस्त 2026 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को व्यावसायिक एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान करना था, ताकि जेल से रिहा होने के बाद वे इन हुनरों का उपयोग कर रोजगार प्राप्त कर सकें अथवा अपना स्वयं का कार्य शुरू करके आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार का पालन-पोषण सम्मानपूर्वक कर सकें।

कुकिंग स्किल्स, फूड प्रोडक्शन एवं फूड एंड बेवरेज सर्विस विषय पर आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव,

रोजगार के अवसर तलाश सकते हैं

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बंदियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद बंदी प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए हुनरों का उपयोग कर रोजगार के अवसर तलाश सकते हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित मेहरोलिया पुत्र** महिपाल मेहरोलिया **निवासी:** एफ–199, गली नं0–7, तृतीय, 60 फुटा रोड, मोलरबंद एक्सटेंशन, बदरपुर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 54/2018, Dt.: 23.01.2018, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित मेहरोलिया** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित मेहरोलिया** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 54/2018, Dt.: 23.01.2018, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित मेहरोलिया** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
दक्षिण–पूर्व जिला, कोर्ट नं0–515,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/16392/SE/2026
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल उर्फ गोनी पुत्र स्व. जगदीश निवासी मकान नंबर 740, मदन पाना, बवाना, दिल्ली–110039** ने **FIR No. 158/2026 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ गोनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ गोनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोशणा की जाती है कि **FIR No. 158/2026 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ गोनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.01.2027** को बजे या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री मृदुल गुप्ता
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
नई दिल्ली जिला, कमरा नंबर 26, भूतल, एनेक्स बिल्डिंग
पटियाला हाउस, नई दिल्ली

DP/16300/SPL. CELL/2026 (Court Matter)

पं. भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक

इस संस्थान के विभिन्न विभागों में केवल छह माह की अवधि हेतु अर्थात् सत्र 01.01.2027 से 30.06.2027 हेतु हरियाणा सरकार के अनुमोदन के अनुरूप 7वें सीपीसी के अनुसार एफपीएल-10 में रु. 56100 + डीए के पारिश्रमिक पर सीनियर / जूनियर हाउस सर्जन के 153 रिक्त पदों को भरने के लिये पात्र चिकित्सा स्नातकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। संभाव्य उम्मीदवारों को सामान्य श्रेणी हेतु रु. 500/- और हरियाणा निवासी के एससी / बीसी इत्यादि हेतु रु. 125/- की दर से निदेशक (लेखा शाखा) के कार्यालय के काउंटर से प्राप्य निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना चाहिए।

सम्पर्क टेलीफोन नं. सहित सभी प्रकार से विधिवत् पूर्ण आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 01.12.2026 **तक ठीक अप.** 5.00 **बजे तक** अवश्य पहुंच जाने चाहिएं। अधिक विस्तृत शर्तों और पात्रता हेतु हमारे संस्थान की वेबसाइट www.uhsr.ac.in और www.pgimsrohtak.ac.in देखें।

हस्ता/- चिकित्सा अधीक्षक

संवाद-1241/11/91/2027/50967/सी/88/7 दि. 12.11.26

आईएसटी लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : धारूहेड़ा इंडस्ट्रीयल कॉम्पलैक्स, दिल्ली जयपुर हाईवे नं. 8, कापड़ीवास, धारूहेड़ा, रेवाड़ी (हरियाणा)-123106
मुख्य कार्यालय : ए-23, न्यू ऑफिस कॉम्पलैक्स, द्वितीय तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024
CIN: L33301HR1976PLC008316 Phone No.: 011-41044511-14; Fax: 011-24625694; Email:istgroup.ho@gmail.com; Website: www.istindia.com

30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(राशि आईएनआर लाखों में, ईपीएस को छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडअलोन						समेकित					
		समाप्त तिमाही			समाप्त अर्ध वर्ष		समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही			समाप्त अर्ध वर्ष		समाप्त वर्ष
		30.09.2026 अअंकेक्षित	30.06.2026 अअंकेक्षित	30.09.2025 अअंकेक्षित	30.09.2026 अअंकेक्षित	30.09.2025 अअंकेक्षित	31.03.2026 अंकेक्षित	30.09.2026 अअंकेक्षित	30.06.2026 अअंकेक्षित	30.09.2025 अअंकेक्षित	30.09.2026 अअंकेक्षित	30.09.2025 अअंकेक्षित	31.03.2026 अंकेक्षित
1	कुल आय	(174.77)	5024.64	48.57	4,849.87	4,125.03	7,745.84	3,973.10	12,181.29	4,777.00	16,154.39	14,954.47	25,932.34
2	असाधारण मदों और कर से पूर्व शुद्ध लाभ	(1,110.84)	4127.29	(707.34)	3,016.45	2,646.43	4,465.12	2,476.85	9,918.05	3,711.71	12,394.90	12,864.77	19,910.27
3	कर से पूर्व असाधारण मदों के बाद शुद्ध लाभ	(1,110.84)	4127.29	(707.34)	3,016.45	2,646.43	4,465.12	2,518.84	9,924.11	3,746.33	12,442.95	12,898.23	19,937.97
4	कर के बाद शुद्ध लाभ	(985.83)	3498.13	(615.89)	2,512.30	2,225.90	3,709.28	1,750.73	8,310.86	2,862.69	10,061.59	10,097.45	15,349.66
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर का शुद्ध)	(960.90)	3439.62	(616.89)	2,478.72	2,223.90	4,126.24	11,512.14	13,215.16	1,157.21	24,727.30	13,576.82	21,899.27
6	इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 5/- प्रति शेयर)	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68
7	अन्य इक्विटी	-	-	-	-	-	31,474.91	-	-	-	-	-	1,68,637.01
8	अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 5/- प्रति शेयर)												
	- बेसिक (रु.)	(8.45)	29.99	(5.28)	21.54	19.08	31.80	15.01	71.25	24.84	86.25	86.57	131.60
	- डायल्यूटेड (रु.)	(8.45)	29.99	(5.28)	21.54	19.08	31.80	15.01	71.25	24.84	86.25	86.57	131.60

टिप्पणी :-

1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई लि.) के पास दायर किये गये 30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.istindia.com पर उपलब्ध हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 12 नवम्बर 2026

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/-
(एस.सी. जैन)
कार्यकारी निदेशक
डीआईएन : 00092079

CNH CAPITAL

CNH Industrial Capital (India) Private Limited
(CIN: U65999DL2017PTC325228)
Regd Office: 4th Floor Rectangle No.1 Behind Marriot Hotel, Commercial Complex D4, Saket, New Delhi South Delhi DL 110017

Statement under Regulation 52(4) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 for the quarter and half year ended 30 September 2026 (Rs. in Millions)

Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30 September 2026

S.No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year ended		Year ended
		30.09.2026 (Unaudited)	30.06.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)
1.	Total Income from Operations	767.29	767.92	660.21	1,535.21	1,316.96	2,798.97
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	104.89	171.33	87.07	276.22	268.05	662.54
3.	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	104.89	171.33	87.07	276.22	268.05	653.37
4.	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	100.28	106.69	75.42	206.96	205.22	484.13
5.	Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))	126.12	98.85	72.94	224.96	190.18	500.46
6.	Paid up Equity Share Capital	3,972.00	3,972.00	3,972.00	3,972.00	3,972.00	3,972.00
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	2,280.51	2,154.61	1,738.71	2,280.51	1,738.71	2,053.64
8.	Securities Premium Account	-	-	-	-	-	-
9.	Net Worth	6,252.51	6,126.61	5,710.71	6,252.51	5,710.71	6,025.64
10.	Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	18,810.37	15,027.99	16,342.65	18,810.37	16,342.65	18,033.83
11.	Outstanding Redeemable Preference Shares	NA	NA	NA	NA	NA	NA
12.	Debt Equity Ratio	3.01	2.45	2.86	3.01	2.86	2.99
13.	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)*						
	a) Basic	0.25	0.27	0.19	0.52	0.52	1.22
	b) Diluted	0.25	0.27	0.19	0.52	0.52	1.22
14.	Capital Redemption Reserve	NA	NA	NA	NA	NA	NA
15.	Debenture Redemption Reserve	NA	NA	NA	NA	NA	NA
16.	Debt Service Coverage Ratio	NA	NA	NA	NA	NA	NA
17.	Interest Service Coverage Ratio	NA	NA	NA	NA	NA	NA

*Quarter and half year end Basic EPS and Diluted EPS are not annualised

Note 1: The above unaudited financial results for the quarter and half year ended 30 September 2026 have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 12 November 2026 and are limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company pursuant to the requirement of Regulation 52 of the Securities Exchange Board of India ("SEBI") (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015 (as amended) including relevant circulars issued by the SEBI from time to time.

Note 2: The above is an extract of the detailed format of the quarter and half year ended results filed with the Bombay Stock Exchange ("BSE") under Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015. The full financial results are available on the website of BSE (https://listing.bseindia.com).

Note 3: For other items referred to in the sub-clauses of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015 the pertinent disclosures have been made to the BSE and can be assessed on (https://listing.bseindia.com).

Note 4: The results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Indian Accounting Standard (Ind AS) 34 - "Interim Financial Reporting" as prescribed under section 133 of the Companies Act,2013 (the Act) and other accounting principles generally accepted in India.

For CNH Industrial Capital (India) Private Limited
Sd/-
Pankaj Gupta
Managing Director
DIN No.: 10432477

Place: Gurugram
Date: 12 November 2026

खबर संक्षेप

बिजली चोरी और लाइन लॉस के खिलाफ एक्शन

लखनऊ। यूपी में बिजली चोरी व लाइन लॉस के मामलों को लेकर योगी सरकार ने सख्त रुख



अपनाया है। उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। डिस्कॉम मुख्यालय ने 15 बिजली अभियंताओं, कर्मचारियों के नाम यूपी पावर कॉरपोरेशन के माध्यम से स्टेट विजिलेंस को भेजे हैं। इन पर लापरवाही बरतने के आरोपों की जांच होगी।

कुशवाहा ने की निशांत का पावर बढ़ाने की वकालत

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा आरएलएम सुप्रीमो सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि



निशांत कुमार को अधिक से अधिक जिम्मेदारी दिया जाना चाहिए। इससे जदयू का भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि निशांत को आगे लाने में काफी देरी हुई। कुशवाहा ने अपने बेटे मंत्री दीपक प्रकाश के निशांत से बेहतर संबंध पर संतोष जताते हुए कहा कि बेहतर समन्वय से पार्टी,जनता सबका भला होता है।

एचईसी के सीएमडी-निदेशक के अधिकार जब्त

रांची। आर्थिक संकट से जूझ रहे हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन रांची के प्रबंधन को बड़ा झटका



लगा है। आपूर्तिकर्ता कंपनी का करीब सात करोड़ रुपये बकाया नहीं चुकाने के मामले में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने एचईसी के सीएमडी समेत सभी निदेशकों के वित्तीय समेत सभी अधिकार जब्त करने का आदेश दिया है।

ननि ने की 63 छोटे घाटों पर सफाई, रोशनी सजावट की व्यवस्था दुरुस्त

लखनऊ में सुरक्षित व जीरो वेस्ट छठ पूजा के लिए गोमती नदी के 110 घाट सज कर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर प्रमुख घाटों पर रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, झालर सजावट और डस्टबिन की व्यवस्था की गई है। वहीं, छोटे घाटों पर भी सफाई और सजावट का कार्य कराया गया है...

योगी सरकार की मंशा के अनुरूप छठ पूजा के पावन पर्व पर राजधानी लखनऊ में श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ नगर निगम ने गोमती नदी के 110 घाटों पर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर निगम के सभी आठ जोनों में स्थित 47 प्रमुख और 63 छोटे घाटों पर विशेष साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सजावट समेत जरूरी इंतजाम किए गए हैं।



लखनऊ के आठों जोन के प्रमुख छठ घाट

नगर निगम की ओर से जोनवार प्रमुख घाटों में जोन-1 के लक्ष्मण मेला घाट और लल्लूमल घाट, जोन-2 के लेटे हनुमान मंदिर घाट, जोन-3 के बैरल नंबर-2, सांझिया घाट और झूलेलाल घाट, जोन-4 के गोमती नगर विस्तार, जोन-5 के स्कूटर इंडिया और गौरी बाजार, जोन-6 के कुड़िया घाट और मेहंदी घाट, जोन-7 के कुकरैल घाट तथा जोन-8 के सैनिक स्कूल बोटिंग क्लब घाट पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

श्रद्धालुओं को मिलेगा स्वच्छ वातावरण

योगी सरकार के स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के अनुरूप नगर निगम का प्रयास है कि छठ पूजा के दौरान सभी श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो तथा पर्व को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ जीरो वेस्ट तरीके से मनाया जाए।

प्रत्येक घाट पर अर्पण कलश स्थापित किए गए

महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर प्रमुख घाटों पर रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, झालर सजावट और डस्टबिन की व्यवस्था की गई है। वहीं, छोटे घाटों पर भी सफाई और सजावट का कार्य कराया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर पानी के टैंकर और मोबाइल टॉयलेट लगाए गए हैं। पर्व के दौरान व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए सभी घाटों पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक घाट पर अर्पण कलश स्थापित किए गए हैं। इसके माध्यम से पूजा सामग्री को नदियों और जलाशयों में प्रवाहित करने के बजाय निर्धारित स्थान पर एकत्र किया जाएगा।

सीएनएच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

बुलडोजर अब यूपी का ब्रांड, उत्तर प्रदेश में बनेगा तो देश-विदेश में भी मांग खुद बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

सीएम योगी बुलडोजर को औद्योगिक ब्रांड के रूप में भी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कंपनियां यहां बुलडोजर बनाएंगी, तो देश ही नहीं, विदेशों में भी इनकी मांग बढ़ेगी...

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया राज की जगह अब कानून का राज स्थापित हुआ है। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति और बुलडोजर की कार्रवाई ने यूपी को निवेश का प्रमुख केंद्र बना दिया है। उन्होंने कहा कि बुलडोजर अब यूपी का ब्रांड बन चुका है।

अगर कंपनियां यहां बुलडोजर व ट्रैक्टर बनाएंगी, तो देश विदेश में इसकी मांग स्वतः ही बढ़ेगी। सीएम योगी गुरुवार को सीएनएच इंडस्ट्रियल के नए ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 1200 करोड़ से अधिक की लागत से यह प्लांट स्थापित हो रहा है।

1200 करोड़ के निवेश से औद्योगिक, आर्थिक और लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित होगा जेवर



किसानों और युवाओं के लिए नए अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएनएच इंडस्ट्रियल का 100 एकड़ में बनने वाला यह प्लांट प्रदेश में कृषि यंत्रीकरण और आधुनिक निर्माण को नई गति देगा। 1200 करोड़ के इस निवेश से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। भारत के ट्रैक्टर बाजार में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी साढ़े अठारह प्रतिशत है। इस निवेश से स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी। उन्होंने सीएनएच प्रबंधन को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

युवाओं को इंडस्ट्री रेडी वर्कफोर्स बनाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा, सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, इंफोसिस और एचसीएल जैसी कंपनियों के साथ मिलकर प्रदेश के विशाल जनसांख्यिकीय लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) को स्किल से जोड़कर इंडस्ट्री रेडी वर्कफोर्स तैयार किया जा रहा है। आईटी, सेमीकंडक्टर, साइबर, रोबोटिक्स और एग्रीटेक जैसे उभरते क्षेत्रों में यूपी नवाचार और रोजगार के नए द्वार खोल रहा है।

साढ़े नौ वर्षों में 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने बताया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं और आगामी इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 7.50 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग होने जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में फैक्ट्रियों की संख्या 14 हजार से बढ़कर 35 हजार हो गई है। एमएसएमई इकाइयां 1 करोड़ तक पहुंच चुकी हैं और स्टार्टअप की संख्या 120 से बढ़कर 25 हजार हो गई है।

सीएम सम्राट चौधरी का ऐलान

बिहार के सारण में मांझी से ताजपुर तक बनेगा मरीन ड्राइव

एजेंसी ⏭ छपरा



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को सारण जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम ने ऐलान किया कि मांझी से ताजपुर तक मरीन ड्राइव बनाया जाएगा। घाघरा नदी के किनारे रिवरफ्रंट और हाईवे विकसित किया जाएगा। विकसित किया जाएगा। इसकी लंबाई 10-12 किलोमीटर के बीच होने की संभावना है। सम्राट ने गुरुवार को मांझी में रामघाट, अटल द्वार और छठ घाट का उद्घाटन किया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राघोपुर से आमी मंदिर तक मरीन ड्राइव की तर्ज पर बनाई गई सड़क को मांझी से ताजपुर तक जोड़ने की मांग पर भी सकारात्मक आश्वासन दिया है।

सरयू किनारे अटल की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मांझी में सरयू नदी के तट पर दिवंगत पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि मांझी का अटल बिहारी वाजपेयी से विशेष जुड़ाव रहा है। यहां उनकी अस्थियों का विसर्जन भी किया गया था। अब उनकी जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक वर्ष यहां कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे आने वाली पीढ़ियों को उनके व्यक्तित्व और योगदान से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

राजकीय आपदा मोचन बल तैनाती के निर्देश

मांझी में बाढ़ और नदी में डूबने की घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने यहां राजकीय आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की एक टीम को चौबीस घंटे तैनात रखने का भी अधिकारियों को निर्देश दिया। इससे आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्य तेजी से किया जा सकेगा।

पेज 1 का शेष

भारत को सौंपी इच्छा ...

इच्छा सूची (विश लिस्ट) भी सौंप दी है। जिससे इस सिस्टम को फिलीपींस की रक्षा जरूरतों के मुताबिक बदलाव के साथ और बेहतर बनाया जा सकेगा।

पहली खेप में दी ब्रह्मोस की 3 बैटरियां: गौरतलब है कि फिलीपींस दुनिया का पहला ऐसा देश है। जिसे भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल का निर्यात किया था। 28 जनवरी 2022 को ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) और फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के बीच हुए कुल करीब 2 हजार 800 करोड़ रुपए के समझौते के जरिए इस द्वीपीय देश की नौसेना के लिए तट से दागी जाने वाली ब्रह्मोस शोर बेस्ड एंटी शिप मिसाइल सिस्टम की 3 बैटरियां प्रदान की गई थीं। मिसाइलों की अनुमानित दूरी 290 किलोमीटर है। अब जिस दूसरी खेप की बात की जा रही है। उससे जुड़े हुए समझौते की कीमत 700 से 800 मिलियन डॉलर के बीच हो सकती है। जिसमें भारत द्वारा फिलीपींस को कुल 60 अतिरिक्त ब्रह्मोस मिसाइलें दी जा सकती हैं।

भारत-रूस ने ...

भी अधिक तेजी, 2.8 मैक के साथ दुश्मन पर तुरंत हमला बोलने में सक्षम है। वर्तमान में भारत की तीनों सशस्त्र सेनाएं इसका इस्तेमाल कर रही हैं। मिसाइल को जल, थल और नभ तीनों क्षेत्रों से दागा जा सकता है। साथ ही देश में इसके विस्तारित रेंज (800 से 900 किलोमीटर तक मारक क्षमता) के परीक्षण चल रहे हैं।

एक समय मेरा काम ...

एडिटर बनते हैं तो मीडिया हाउस में आपकी भूमिका स्वाभाविक रूप से बदल जाती है। सरकार में आने के बाद मेरे दायित्व में भी ऐसा ही बदलाव आ गया। पिछले महीने मुझे सरकर के प्रमुख के तौर पर 25 साल हुए हैं। और मुझे बराबर याद है, पता नहीं आप लोगों की कौन सी ताकत है जो हमें परेशान कर देती है। किसी को पता नहीं था। पार्टी में जो दो ऊपर के लोग थे उनको पता था। मैं यहां 11 अशोका रोड पर पड़ा रहता था। एक दिन सारे पत्रकारों की गैंग मेरे कमरे में घुस गई। नॉर्मली कभी मेरे साथ पत्रकार ऐसा नहीं करते। लेकिन उस दिन बस घुस गए। पत्रकार बोले, मिठाई खिलाओ। मैंने कहा, किस बात की मिठाई खिलानी भाई? तो बोले, आप गुजरात जा रहे हो। आप सीएम बनने जा रहे हो।

इस अपनेपन के दौर से मुझे बहुत कुछ करते-करते आगे बढ़ने का मौका मिला है। और 25 वर्षों में भी बहुत कुछ बदल भी गया है। देश बदला, दुनिया बदली। राजनीति का तरीका भी बदल गया। बदलती हुई टेक्नोलॉजी ने मीडिया का स्वरूप भी काफी बदल दिया है। पारंपरिक मीडिया संस्थानों का काम थोड़ा आसान हुआ है। तो नई चुनौतियां भी आ खड़ी हुई हैं। पहले बड़ी-बड़ी ओबी वैन का संघर्ष था। आज मोबाइल ही ओबी वैन बना हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूज रूम की दुनिया में डेडलाइन का विशेष महत्व होता है। समय-सीमा तय होने से प्राथमिकताएं, कार्यशैली और काम की गति बदल जाती है। यही बात व्यक्ति, संस्था और देश पर भी लागू होती है। आज भारत के सामने विकसित राष्ट्र बनने की स्पष्ट समय-सीमा वर्ष 2047 है, जब देश अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना आजादी के समय से देश के सामने रहा है, लेकिन अब इस लक्ष्य के लिए एक निश्चित तारीख तय है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल लैंडिंग, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग सेंटर बनना, सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का विकास, चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज, बीते 12 वर्षों में सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 50 गुना बढ़ना और देश में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम। ऐसे कई बड़े उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि आज का भारत ऐसे लक्ष्यों को भी हासिल कर रहा है, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें 2047 तक इंतजार नहीं करना है, बल्कि छोटे-बड़े लक्ष्य तय करके उन्हें लगातार हासिल करना है। उन्होंने चार करोड़ गरीब परिवारों को पक्के घर, 10 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण और 10 करोड़ से अधिक उज्ज्वला गैस कनेक्शन देने जैसे लक्ष्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कभी असंभव लगने वाले इन लक्ष्यों को देश ने जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों से पूरा किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रेलवे के विद्युतीकरण का काम 1930 के दशक से चल रहा था और वर्ष 2014 तक लगभग 30 प्रतिशत ही पूरा हो पाया था। लेकिन आज भारतीय रेल के लगभग पूरे नेटवर्क का विद्युतीकरण किया गया है। इसी तरह देश में सड़कों और एक्सप्रेसवे का विस्तार हुआ है। उन्होंने विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि बीते 12-13 वर्षों में भारत में 50 करोड़ लोग भीषण गरीबी से बाहर आए हैं। यह साबित करता है कि देश गरीबी को भी हरा सकता है।

प्रधानमंत्री ने देश की उपलब्धियों और आम नागरिकों की असाधारण सफलताओं को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का विशेष आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की कनेक्टेड दुनिया में कम्युनिकेशन सबसे बड़ी ताकत है। भारत के पास युवा आबादी, प्रतिभा, तकनीक, सस्ता डेटा और दुनिया को सुनाने के लिए एक शानदार कहानी है, जिसे 'द इंडिया स्टोरी' कहा जा सकता है।

किसानों की आय बढ़ाना, ...

की रही है। सिंचाई व्यवस्था के लिए निरंतर हो रहा कामः मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में सिंचाई व्यवस्था के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। अमृत सरोवर योजना के तहत लगभग 2,000 तालाबों पर काम किया जा रहा है। नए तालाबों का निर्माण और पुराने तालाबों का पुनर्जीवन किया जा रहा है, ताकि वर्षा जल का संरक्षण हो और भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार नहरों और ड्रेनों की मरम्मत, पुनर्वास एवं सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रही है, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके और उपलब्ध जल का अधिकतम उपयोग कृषि कार्यों में हो। नायब ने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा देने के लिए 100, 200 और 500 एकड़ के क्लस्टर बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इन क्लस्टरों में बड़ी डिग्गियां बनाई जाएंगी, जिनमें लगभग एक महीने की आवश्यकता के अनुरूप पानी संग्रहित किया जा सकेगा। इन डिग्गियों से सोलर पंप के माध्यम से स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली द्वारा खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इससे कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई और बेहतर पैदावार सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

रेणुकाजी, किशाऊ और लखवार बांधों से हरियाणा को मिलेगा अतिरिक्त पानी : मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पांच राज्यों के बीच रेणुकाजी, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाओं को लेकर समझौता किया गया है। इन परियोजनाओं से प्राप्त होने वाला पानी हरियाणा सहित दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी उपलब्ध होगा। इन परियोजनाओं से भविष्य में जल उपलब्धता को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सरकार का प्रयास है कि प्राकृतिक जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े।

प्रदेश में एमएसपी पर खरीद की गारंटी: सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की गारंटी दी है। प्रदेश सरकार किसानों की फसल को एमएसपी पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करना और धान जैसी अधिक पानी की खपत वाली फसलों पर निर्भरता कम करना है। प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इसके लिए मोरनी ब्लॉक में किसानों के साथ समझौता किया गया है, जिसके तहत बिना रासायनिक खाद और कीटनाशकों के प्राकृतिक तरीके से खेती करने वाले किसानों की उपज को खेत से ही खरीदने की व्यवस्था की गई है।

मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए हो रहा मृदा परीक्षण : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना और रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल को कम करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रदेश में जिला और ब्लॉक स्तर पर मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से किसानों की जमीन की मिट्टी का परीक्षण किया जा रहा है। लगभग 40 से 45 लाख किसानों की भूमि के मृदा परीक्षण के माध्यम से उन्हें बताया जाता है कि उनके खेत में कितनी मात्रा में खाद और कीटनाशकों का इस्तेमाल आवश्यक है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कुरुक्षेत्र में 2,000 एकड़ का विशेष क्लस्टर विकसित करने की घोषणा भी की गई है।

एनवीडिया के सीईओ ...

खुफिया एजेंसियों से जुड़े होने के आरोप सामने आए थे। विवाद के बीच कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक हुई, जिसके बाद उनके इस्तीफे की घोषणा की गई। मामले ने अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का भी ध्यान खींचा है। एनवीडिया और एफबीआई कथित संबंधों से जुड़े पहलुओं की जांच कर रहे हैं। हुआंग ने रविवार को एक महिला के साथ संबंध होने की बात स्वीकार की थी। यह महिला दूसरी कंपनी से जुड़ी बताई गई है और उस पर चीनी खुफिया सेवाओं के साथ संबंध होने का संदेह है। इसके अलावा एनवीडिया की एक महिला अधिकारी के साथ भी उनके कथित संबंधों का जिक्र किया गया। इन खुलासों के बाद कंपनी के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। गौरतलब है कि जेन्सन हुआंग ने 1993 में एनवीडिया की सह-स्थापना की थी।

हरियाणा में गेहूं की ...

विचार किया जाना चाहिए। ऐसी परियोजना व्यवहार्य पाई जाती है तो इससे हरियाणा के अनेक क्षेत्रों को लाभ मिलने की संभावनाएं बन सकती हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें घोषणाओं और प्रचार पर अधिक ध्यान दे रही हैं, जबकि किसानों की बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। सांसद ने कहा कि किसानों को जुमलेबाजी नहीं, बल्कि खेतों तक पानी पहुंचाने वाली प्रभावी योजनाएं चाहिए। सैलजा ने मांग की कि राज्य सरकार नहरों में पानी की आपूर्ति का शेड्यूल किसानों की जरूरतों के अनुरूप निर्धारित करे, संबंधित किसान संगठनों से तत्काल बातचीत करे।

शोकाकुल परिजनों से की मुलाकात

शिवराज की मां के त्रयोदशी संस्कार में शामिल हुए योगी

दिवंगत काशी बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की दिवंगत माताजी काशी बाई के त्रयोदशी संस्कार एवं शांति भोज में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। काशी बाई का गत 30 अक्टूबर को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत काशी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी दिवंगत काशी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सीएम योगी की गंभीरता का दिख रहा असर

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में बरेली अव्वल, रामपुर को मिला तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

योगी सरकार द्वारा पिछले साढ़े नौ वर्षों से प्रदेश में सुशासन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का असर धरातल पर साफ देखा जा सकता है। सीएम डैशबोर्ड की अक्टूबर माह की समग्र रैंकिंग में एक बार फिर बरेली ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं पीलीभीत ने दूसरा और रामपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बरेली, पीलीभीत और रामपुर के जिलाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने यह उपलब्धि जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण, बेहतर फीडबैक और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधारात्मक पहल से हासिल किया है।

बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बरेली में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही सीएम डैशबोर्ड के जरिये मिलने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की अक्टूबर माह की रैंकिंग में बरेली को 10 में से 9.37 अंक प्राप्त हुए। इसी के साथ बरेली ने प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं पीलीभीत ने 9.29 अंक हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

रामपुर ने 10 में से 9.12 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल

रामपुर डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिलों का मूल्यांकन कई मानकों के आधार पर किया जाता है। इसमें जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई, फीडबैक की गुणवत्ता और योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे पहलू शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह की विकास कार्यों, राजस्व कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा के आधार पर जारी सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में रामपुर ने विकास एवं राजस्व कार्यों की सम्मिलित श्रेणी में 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है

भाई की पत्नी से दुष्कर्म के बाद हत्या

शव काटकर कढ़ाई में भूना, जेठ गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ रांची

छोटे भाई की पत्नी का पहले रेप किया और फिर जुर्म से बचने खातिर हत्या कर दी। दरिंदे की हैवानियत यहीं नहीं रुकी, महिला के शव को काटकर कढ़ाई में भूनकर खाने की कोशिश भी की। यह क्रूर घटना झारखंड के सरायकेला में घटी है। रेप, हत्या और शव के साथ छेड़छाड़ का मुख्य आरोपी महिला का 'आदमखोर' जेठ बताया गया है। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पूछताछ जारी है।

ग्रामीणों ने पहले पीटा, फिर किया पुलिस के हवाले



आरोपी की इस आदमखोर प्रवृत्ति को देख ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा, लेकिन उन्होंने कानून हाथ में लेने के बजाय समझदारी दिखाई। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर आरोपी पैलुश मुंडा को मौके से ही दबोच लिया और रस्सी से बांधकर रात भर अपनी निगरानी में रखा। घटना की सूचना दलभंगा ओपी पुलिस को दी गई।

शव भूनकर खाने की कोशिश...

हत्या के बाद आरोपी ने साक्ष्य छुपाने के लिए शव को गांव के ही एक नाले में फेंक दिया। लेकिन उसकी दरिंदगी यहीं नहीं रुकी। आरोपी ने मृतका के शरीर के कई हिस्सों (जांघ, कलेजी और निजी अंगों) को काट लिया और घर के पीछे कढ़ाई में भूनकर खाने की कोशिश कर रहा था।

मेला देखकर आई और जेठ के घर रुक गई

मृतका की पहचान जोम्बरो निवासी विश्वासी सोय (47) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी का नाम पैलुश मुंडा (54) है। वह रिश्ते में मृतका का जेठ लगता है। गांव के बाहर मेला लगा था। विश्वासी सोय वहां हंडिया बेचने गई थी। शाम को घर लौटते समय वह अपने जेठ पैलुश मुंडा के घर रुक गई। घर पर पैलुश मुंडा और गांव के कुछ अन्य लोगों ने मिलकर शराब पी। देर रात होने और अधिक नशा हो जाने के कारण बाकी लोग तो अपने-अपने घर चले गए, लेकिन विश्वासी वहीं रुक गई।

फेस्टिवल

शिखर चंद जैन

दुनिया भर में रंग-बिरंगा चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेशन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि हर साल 14 नवंबर को हमारे देश में चिल्ड्रेंस-डे मनाया जाता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि अपने देश भारत के अलावा भी दुनिया के कई देशों में चिल्ड्रेंस-डे मनाया जाता है? अलग-अलग देशों में चिल्ड्रेंस-डे की तारीख और इसे मनाने के ढंग बहुत अलग और अनोखे होते हैं। इनके बारे में जानकर तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा।





ते रा ओ नगा तामारिकी न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड में हर साल मार्च के पहले रविवार को बाल दिवस मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में मजेदार सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें खेल, ट्रैवलिंग कार्निवल, तरह-तरह के भोजन, पारंपरिक हाका नृत्य और भी बहुत कुछ शामिल होता है। *

डिया डेल निनो मेक्सिको

मेक्सिको में बाल दिवस की शुरुआत सन 1925 में हुई थी। यहां इसे 30 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन बच्चे स्कूल तो जाते हैं, लेकिन वहां रेग्युलर क्लास नहीं चलती है। सारा दिन खेलने, पिनाटा (मिट्टी और कागज की लुगदी के खिलौने) बनाने-तोड़ने, संगीत का आनंद लेने और कई मजेदार एक्टिविटीज करने में बीतता है। स्कूल के बाद बच्चे अपनी फैमिली के साथ संग्रहालयों, सिनेमाघरों और चिड़ियाघरों जैसी जगहों पर जाते हैं, जहां उस दिन बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश होता है। कुछ रेडियो और टेलीविजन चैनल्स, बच्चों को अपने चिल्ड्रेंस शो में छुट्टियों के बारे में बात करने के लिए बुलाते हैं। *



लिउयी गुओजी एर्तोंग जिए चीन

चीन में बाल दिवस सन 1949 से मनाया जा रहा है। यहां इसे 1 जून को मनाया जाता है। कुछ स्कूलों में इसे बच्चों को समर्पित विशेष प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता है। कई पर्यटन स्थलों पर इस दिन बच्चों के लिए प्रवेश पर छूट होती है या पूरी तरह से निःशुल्क होती है। हालांकि चीन में इस छुट्टी के लिए कोई निर्धारित परंपरा नहीं है, लेकिन कई परिवार बच्चों के साथ समय बिताते हैं और अपना पसंदीदा भोजन करते हैं। *

चाचा नेहरू का जन्मदिन भारत

हमारे देश में 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वे बच्चों के बीच चाचा नेहरू के नाम से लोकप्रिय थे। इससे पहले सन 1964 तक बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था, क्योंकि सन 1954 में संयुक्त राष्ट्र ने 20 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी। लेकिन 1964 में जवाहर लाल नेहरू के निधन के बाद अपने देश में बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाने लगा। इस दिन बच्चों के लिए स्कूलों में मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्हें तरह-तरह के खेल खिलाए जाते हैं और गिफ्ट भी दिए जाते हैं। *





यूरिनी नाल दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया में 5 मई को मनाए जाने वाले बाल दिवस समारोहों में परेड, तमाशा, पार्टियां, पिकनिक और ताइक्वांडो खेल के प्रदर्शन किए जाते हैं। बच्चे पारंपरिक कपड़े पहनते हैं और परिवार के साथ संग्रहालयों, पार्कों में घूमने जाते हैं। कई जगहों पर इस दिन बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश की सुविधा होती है। बच्चे इस अवसर पर दक्षिण कोरियाई शिल्प बनाते हैं, जैसे कि हाथ में पकड़ने वाला सोगो ड्रम, कमल का लालटेन (सैम ता), गुक पंखा आदि। बच्चे इस दिन तरह-तरह के व्यंजनों का भी लुत्फ उठाते हैं। *



कोडोमो नो हि जापान

जापान में बाल दिवस 5 मई को मनाया जाता है। सन 1948 से मनाए जा रहे इस पर्व को वहां यह राष्ट्रीय अवकाश होता है। यहां 'कोडोमो नो हि' यानी बाल दिवस को दो त्योहारों- टैंगो नो सेक्कु (लड़कों का दिन) और हिनामात्सुरी (लड़कियों का दिन) के रूप में मनाते हैं। कोइनोबोरी नामक रंगीन झंडे इस उत्सव के विशेष प्रतीक होते हैं और घरों के बाहर खंभों पर ये लटकाए जाते हैं। जापानी में, 'कोइ' का मतलब कार्प होता है। यह एक प्रकार की मछली है, जो शक्ति और दृढ़ता का प्रतीक मानी जाती है। नोबोरी का मतलब है, ऊपर उठना। इस दिन काबूतो नामक पारंपरिक समुराई, गोगात्सु-निंग्यो कवच और जापानी तलवार से सुसज्जित जापानी योद्धा गुड़िया को अपने घरों में प्रदर्शित करते हैं। *

प्रेरणा

छोटी उम्र-बड़े कारनामे

बड़े कारनामे करने के लिए बड़ी उम्र का होना जरूरी नहीं है। हम तुम्हें दो ऐसे बच्चों के बारे में बता रहे है, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में छोटी उम्र में भी बड़े कारनामे कर दिखाए।



साहस-समझदारी की मिसाल साक्षी

दिल्ली में रहने वाली 10वीं की छात्रा साक्षी ऐसी बहादुर लड़की है, जिसने समझदारी और साहस से एक बच्ची की जिंदगी बदल दी। वह नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के इनिशिएटिव सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन के तहत दिल्ली और पुणे में संचालित बाल मित्र मंडल की सदस्य रही है।



समझदारी से रोका बाल विवाह: कुछ समय पहले की घटना है। साक्षी के पड़ोस में रहने वाली नेहा पढ़ाई में बहुत अच्छी थी। एक दिन साक्षी को पता चला कि नेहा के माता-पिता उसकी शादी करने वाले हैं। साक्षी जानती थी कि नेहा अभी सिर्फ 16 साल की है। इतनी कम उम्र में शादी करना एक सामाजिक बुराई और कानूनन अपराध है। साक्षी ने अपने कुछ दोस्तों के साथ तुरंत नेहा के घर जाकर उसके माता-पिता को समझाने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने उसकी बात नहीं मानी। साक्षी ने हार नहीं मानी। अगले ही दिन वह पुलिस के पास पहुंची। उसके साथ महिला मंडल की सदस्य महिलाएं भी थीं। सभी ने मिलकर पुलिस को विश्वास दिलाया कि नेहा की शादी हो रही है। पुलिस नेहा के घर पहुंची। आखिरकार नेहा के माता-पिता ने सच स्वीकार कर लिया। पुलिस ने तुरंत नेहा का बाल विवाह रुकवा दिया। बच्चो, साक्षी की तरह ही हर बच्चे को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। *

-सरस्वती रमेश



लिटिल एआई एक्सपर्ट रणवीर सिंह सचदेवा

दिल्ली का रहने वाला 8 वर्षीय रणवीर सिंह सचदेवा, कोडर, एआई एक्सपर्ट और राइटर भी है। फरवरी 2026 में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026' में उसने दुनिया भर के टेक दिग्गजों के बीच सबसे कम उम्र के कीनोट स्पीकर के रूप में सबको चौंका दिया।

बड़े टेक लीडर्स हुए प्रभावित: समिट में रणवीर ने प्राचीन भारतीय दर्शन और सनातन मूल्यों को आधुनिक एआई तकनीक व एथिक्स से जोड़ने पर बेहद प्रभावशाली विचार रखे। इस समिट के दौरान रणवीर ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमैन जैसे दुनिया के सबसे बड़े टेक लीडर्स से मुलाकात की और उनके साथ इन्क्लूसिव एआई से जुड़ा अपना विजन साझा किया। मात्र 6 वर्ष की उम्र में रणवीर ने 'आर यू बॉर्न विद एआई' नाम की पुस्तक लिख दी थी। यह पुस्तक जिम्मेदार एआई और युवा पीढ़ी की भूमिका पर आधारित है।



बना लिया अपना चैटबोट: इतनी सी उम्र में रणवीर के पास गूगल का 'रिस्पॉन्सिबल एआई सर्टिफिकेशन' है। उसने खुद का एक एआई-संचालित चैटबॉट भी विकसित किया है, जो एपीआई के जरिए एप्स के साथ काम कर सकता है। रणवीर केवल 6 वर्ष की आयु में ही टेक्नोलॉजी और इनोवेशन (एआई) पर दुनिया के सबसे कम उम्र का टेड-एक्स स्पीकर बन गया था। उसे अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा यूथ एंबेसडर भी नियुक्त किया गया था। *

-अंजू जैन

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

बच्चो, काम देश के आओ

बच्चे करते बड़ी शरारत
होती खूब लड़ाई।
उनकी प्यारी हरकत देख
मां मन में मुस्काई।।
होगी अगर शरारत कोई
डांट लगेगी तुमको।
चुन्नी मुन्नी टिन्नी झुमकी
रिंकू पिंकी अब मत रो।।

चलो उठो अब करो पढ़ाई
देखो टीचर आई।
पुस्तक हाथ में आते ही
नींद बच्चों को आई।।
मेहनत करो खूब तुम अब
जग में नाम कमाओ।
हम सबका आशीष बच्चो
काम देश के आओ।।



एआई इनोज

हंसगुल्ले



पापा: दीपू बेटा, आपने माउस देखा है क्या, मिल नहीं रहा है?
दीपू: हां जी मेरे साथ आइए। (रूम के कॉर्नर में छोटा सा होल दिखाते हुए) यहीं कल रात मैंने एक छोटा सा माउस देखा था पापा।
-गौरी, दुर्ग

चिंटू: ऐसा कौन सा सिटी है जहां कोई भी नहीं रहता है?
मिंटू: ऐसा तो कोई सिटी नहीं होगा, तुम ही बताओ।
चिंटू (मुस्कुराते हुए): वह सिटी है- इलेक्ट्रिकसिटी।
-कोकिला, डोंगरगढ़

जीके क्विज-231

1. हाल ही में ऑरेंज ओकलीफ को किस राज्य की राजकीय तितली चुना गया है?
2. संयुक्त अरब अमीरात ने हाल ही में किस भारतीय पायलट को 'जायद II-फर्स्ट क्लास' से सम्मानित किया?
3. हाल में किस ब्रिटिश लेखक को साहित्य का बुकर पुरस्कार देने की घोषणा की गई है?
4. भारत का पहला पूर्णत: जैविक केंद्रशासित प्रदेश कौन-सा है?
5. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
6. कौन-सा विटामिन रक्त का थक्का जमाने में सहायक होता है?
7. बीरबल किस मुगल शासक के नवरत्नों में से एक थे?
8. किस स्वाधीनता सेनानी को 'लोकमान्य' की उपाधि दी गई थी?
9. किस ग्रह को 'रेड प्लैनेट' के नाम से भी जाना जाता है?
10. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-231 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-230 का उत्तर : 1. हैरी ब्रूक, 2. शिवराज सिंह चौहान, 3. आशुतोष दीक्षित, 4. फुटबॉल, 5. बछेंद्री पाल, 6. रबींद्रनाथ टैगोर, 7. ओडिशा, 8. गुरु नानक देव, 9. 23.5 डिग्री, 10. कार्बन डाइऑक्साइड

जीके क्विज-230 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, जयलाल-मेल से, प्रिया-बिलासपुर, कुणाल-हिसार, सुमन-महासमुंद, आर्यन-बलौदा बाजार, दित्या-भोपाल, सिमरन-जांजगीर, अंकित-महेंद्रगढ़, प्रियांशु-दुर्ग, उमेश-धमतरी

बच्चो, इंसानियत और साहस की पहचान, मुश्किल वक्त में ही होती है। किसी जरूरतमंद को सहारा देना हो या किसी अनजान की जान बचाने के लिए आगे आना हो, ऐसे नेक काम ही संवेदनशीलता और साहस की मिसाल कायम करते हैं। बाल दिवस के अवसर पर पढ़ो नेकी और साहस की सीख देती ऐसी ही दो प्रेरक कहानियां।

साहस की मिसाल



कहानी-1

रवि प्रकाश

गर्मी का मौसम था। दोपहर की चिलचिलाती धूप में सड़क लगभग सुनसान थी। रिया स्कूल की छुट्टी के बाद कंधे पर बस्ता लटकाए, थके कदमों से घर की ओर लौट रही थी।

अचानक एक मोड़ पर जोरदार आवाज हुई, 'चर्रर्र... धड़ाम!' एक तेज रफ्तार बाइक फिसल गई थी। बाइक सवार सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराकर गिर पड़ा था। रिया के कदम वहीं ठिठक गए और उसका दिल जोर-जोर से धड़कने लगा। देखते-देखते दुर्घटना वाली जगह पर भीड़ जमा हो गई। पर मदद का हाथ बढ़ाने के बजाय कुछ लोग मोबाइल फोन निकालकर वीडियो बनाने लगे।



एआई इनोज

'पुलिस का चक्कर होगा, कौन गवाही देता फिरेगा?' वहां खड़े लोग आपस में बात कर रहे थे।

उसकी हालत देखकर रिया घबराकर सोचने लगी, 'अरे, इसका तो बहुत खून बह रहा है, अगर जल्द ट्रीटमेंट नहीं मिला तो...।'

तभी उसे अपनी शिक्षिका की कही बात याद आई, 'असली बहादुर वह नहीं जो लड़ना जानता है, बल्कि वह है, जो सही समय पर सही फैसला लेना जानता है।'

उनकी बात से प्रेरणा लेकर रिया ने अपनी घबराहट को झटका देकर मन से दूर किया और भीड़ को चीरते हुए आगे बढ़ गई। वह सभी से रिक्वेस्ट करते हुए बोली, 'प्लीज! आप लोग वीडियो बनाना बंद कीजिए। इन्हें जल्द से जल्द अस्पताल ले जाकर ट्रीटमेंट कराना ज्यादा जरूरी है। क्या आप में से कोई मेरी मदद करेगा?' उसकी आवाज में एक ऐसी दृढ़ता थी कि भीड़ में खड़े दो लोग तुरंत आगे आ गए। रिया ने एक ऑटो रुकवाया और खुद उसमें बैठकर घायल व्यक्ति को अस्पताल लेकर चल पड़ी। रास्ते भर वह उस घायल व्यक्ति का हाथ थामे धीरज देती रही, 'आप ठीक हो जाएंगे... बस थोड़ी देर में हॉस्पिटल पहुंच जाएंगे।'

अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने घायल को तुरंत आपातकक्ष (इमरजेंसी वार्ड) में एडमिट कर लिया। कुछ देर बाद जब रिया के पिता और उस व्यक्ति के घर वाले पहुंचे, तो डॉक्टर बाहर आए। उन्होंने रिया के सिर पर हाथ रखा और बोले, 'बेटा, आज तुम्हारी वजह से एक व्यक्ति की जान बच गई। अगर तुम पुलिस और पूछताछ के डर से पीछे हट जातीं, तो आज बहुत देर हो जाती। बेटा, तुमने आज साहस की असली मिसाल पेश की है।' पास में खड़ी घायल व्यक्ति की मां रोते हुए रिया से लिपट गईं।

रिया को एहसास हुआ, केवल अपने देश की सीमा पर दुश्मन देश के सैनिकों से लड़ना ही वीरता नहीं होती। किसी की जान बचाने के लिए खड़े हो जाना भी बड़े साहस का काम हो सकता है। *

मुस्कान का उपहार



कहानी-2

विकास शर्मा

नवंबर की सुहानी धूप में स्कूल का मैदान चमक रहा था। हर साल की तरह इस बार भी बाल दिवस समारोह का आयोजन होने वाला था। इसमें बच्चों को स्कूल की तरफ से नई कॉपियां, रंगीन पेंसिलें और चॉकलेट दी जाने वाली थीं। सभी बच्चे सुबह से ही बहुत चहक रहे थे, लेकिन कक्षा पांच में पढ़ने वाली अनुराधा और उसके बेस्ट फ्रेंड कबीर के दिमाग में आज कुछ और ही बात चल रही थी। असल में, कबीर के घर के ठीक पीछे एक बहुत ही गरीब बुजुर्ग रहते थे, जिन्हें सब 'मंगतराम बाबा' कहकर बुलाते थे। बाबा अकेले ही एक छोटी-सी टूटी-फूटी झोपड़ी में रहते थे। ठंड की आहट अब धीरे-धीरे शुरू हो चुकी थी और बाबा के पास कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए ओढ़ने के नाम पर एक पुरानी और फटी हुई चादर के सिवाय कुछ नहीं था। पिछले दो-तीन दिनों से कबीर जब भी बाबा को खांसते हुए देखता, उसका मन बहुत उदास हो जाता था।



एआई इनोज

स्कूल आते वक्त रास्ते में कबीर ने अनुराधा से कहा, 'सुन, अनु! बाल दिवस तो हम हर साल जोर-शोर से मनाते हैं। लेकिन अगर हम एंज्वॉय करें और हमारी नजरों के सामने कोई ठंड से ठिठुरता रहे, तो ऐसे सेलिब्रेशन का क्या मतलब होगा? क्यों न इस बार बाल दिवस पर हम किसी ऐसे इंसान के लिए कुछ करें, जिसे सचमुच हमारी मदद की जरूरत है?'

अनुराधा ने तुरंत हामी भरी और दोनों ने मिलकर प्लानिंग शुरू कर दी। उनके पास ज्यादा पैसे तो नहीं थे, फिर भी उन्होंने पिछले कई महीनों से अपने गुल्लक में बचाकर रखे सिक्के निकाले। इसके बाद उन्होंने स्कूल की आर्ट टीचर से भी मदद मांगी। उन्होंने बच्चों की इस नेकी भरी सोच को देखकर तुरंत हामी भर दी। उन्होंने पुराने कपड़ों और ऊन की कतरनों की मदद से एक बहुत ही प्यारा, सुंदर और गर्म शॉल तैयार किया। बाल दिवस के दिन जब स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहे थे। कबीर और अनुराधा ने मंगतराम बाबा को भी स्कूल में बुलाया था। वे दर्शक दीर्घा में बैठे थे। सभी बच्चों को एक-एक करके तोहफे बांटे जा रहे थे। तभी अनुराधा और कबीर ने मंच पर जाकर हेडमास्टर सर से अनुमति मांगी। उन्होंने मंगतराम बाबा को पूरे आदर के साथ मंच पर बुलाया। बाबा अपनी लाठी टेकते हुए मंच के पास आ गए। अनुराधा और कबीर ने आगे बढ़कर वह सुंदर ऊनी शॉल बाबा के कंधों पर डाल दी। बाबा की आंखें यह सब देखकर नम हो गईं। सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। हेडमास्टर सर ने पूरी सभा के सामने दोनों बच्चों की इस संवेदनशील सोच और प्रयास की खूब सराहना की। घर लौटते वक्त अनुराधा, कबीर बहुत खुश थे। उन्होंने एक जरूरतमंद को मुस्कान का उपहार जो दिया था। *

अंतर बताओ

बच्चो, यहां फील्ड में एंज्वॉय कर रहे बच्चों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.किक-स्कूटर चला रही लड़की हंस रही है। 2. उसका एक पैर जमीन से अधिक ऊपर उठा हुआ है। 3.बीच में खड़े लड़के का एक हाथ नीचे है। 4. उसकी टी-शर्ट पर फुटबॉल बना हुआ है। 5.दाईं तरफ वाले लड़के ने कैप पहनी हुई है। 6.उसके बैग में वाटर बॉटल नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / नवेंदु

मनोरंजक-शिक्षाप्रद कविताएं

बच्चो, इस बार हम एक ऐसी रचनाकार सृष्टि पांडेय की किताब के बारे में बता रहे हैं, जो जब नौ साल की थीं, तभी कविताएं लिखने लगी थीं।



सृष्टि के पहले कविता संग्रह का नाम था, 'चुनमुन के गीत', जो 2017 में प्रकाशित हुआ था, तब वह 15 वर्ष की थीं। हाल में उनका दूसरा कविता संग्रह 'राजू भैया बड़े खिलैया' आया है। किताब की पहली कविता धमा-चौकड़ी करने वाले राजू भैया के बारे में है, जिन्हें समझाया गया है कि खेल-कूद के साथ पढ़ाई भी जरूरी है। 'छप्पक-छप्पक छैया' कविता में नन्ही छुटकी को अपनी कागज की नाव डूबने की चिंता तो है ही, साथ ही बारिश में अपनी गइया के भीगने की चिंता भी है, जो बच्चों में पशु-पक्षी के प्रति दया के भाव जगाती है। कविता 'फूलों की रानी' में इस बात की जिज्ञासा है कि तितलियां कैसे इतनी रंग-बिरंगी होती हैं? 'आओ छुक-छुक रेल चलाएं', 'खरगोश', 'हाथी की डकार', 'सुनो चंदा मामा' और 'गौरैया' जैसी कविताएं खूब मनोरंजन करती हैं। 'अनोखा जन्मदिवस' कविता तुम्हें नए ढंग से जन्म दिन मनाने का आइडिया देगी।

कविता 'आलसी बिल्ला' सीख देती है कि आलस एक बुरी आदत है। पूरी किताब रंगीन और आकर्षक चित्रों से सजी हुई है। *

किताब : राजू भैया बड़े खिलैया, **रचनाकार :** सृष्टि पांडेय, **मूल्य :** 140 रुपए, **प्रकाशक :** बुनियादी साहित्य प्रकाशन, लखनऊ

अनुकंपा नियुक्ति, पदोन्नति, सीधी भर्ती, विभागीय जांच और पेंशन प्रकरणों का समय-सीमा में किया जाए निराकरण

पदोन्नति, सीधी भर्ती, विभागीय जांच समय-सीमा पूरी करें, कर्मचारी कल्याण के अन्य विषयों पर भी समय सीमा में होनी चाहिए कार्रवाई

- अगले वर्ष दो पीएससी के लिए कैलेंडर निर्धारित-समय-सीमा में प्रस्ताव भेजने के निर्देश
- मुख्य सचिव बर्णवाल ने कर्मचारी कल्याण विषयों पर की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि वे शासन की मंशानुरूप निर्धारित पदोन्नति समय-सीमा



पूर्ण कर लें और कर्मचारी कल्याण के अन्य विषयों पर भी समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव बुधवार को मंत्रालय में कर्मचारी कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अनुकंपा नियुक्ति, सीधी भर्ती, विभागीय जांच और पेंशन प्रकरणों की स्थिति पर विमर्श किया गया। बैठक में विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव आदि उपस्थित थे।

अनुकंपा नियुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाएं

मुख्य सचिव बर्णवाल ने निर्देश दिए कि सभी विभागाध्यक्ष सभी संवर्गों यथा राज्य और जिला स्तरीय पदोन्नति समिति की अब तक हुई बैठक के बाद पदोन्नति तथा सेवानिवृत्ति से रिक्त पदों की सूक्ष्मता से समीक्षा कर लें और रिक्त पदों पर सेट अप अनुसार सीधी भर्ती और अनुकंपा नियुक्ति कर लें। उन्होंने सीधी भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल और मप्र लोक सेवा आयोग को समय-सीमा में प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग ने सर्वाधिक 904 अनुकंपा नियुक्ति की हैं। विभिन्न विभागों में अब भी 2300 से अधिक प्रकरण लंबित है।

समय-सीमा में पदोन्नति करने के निर्देश, अब तक हुई 68437 पदोन्नति

मुख्य सचिव बर्णवाल ने कहा कि गत वर्ष तक के रिक्त पदों पर पदोन्नतियां की गई। गृह तथ राजस्व विभाग ने बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि निर्देश अनुसार इस साल होने वाली पदोन्नितयों को भी प्रारम्भ करें। उन्होंने पीएससी से पिछली पदोन्नति समिति की बैठक में सभी विभागों को बेहतर समन्वय के लिए धन्यवाद दिया। आगामी पदोन्नति के लिए बैठक की तिथियां आदि निर्धारित करने में और भी समन्वय करने के लिए कहा है। बैठक में बताया गया कि अब तक 68,437 शासकीय सेवकों को पदोन्नत किया जा चुका है।

सीधी भर्ती से डेढ़ लाख पद भरे जाएंगे

मुख्य सचिव बर्णवाल ने पदोन्नति और सेवानिवृत्ति से रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डेढ़ लाख पदों पर सीधी भर्ती की कार्रवाई मप्र लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल द्वारा की जाना है। निर्धारित मापदंड अनुसार सभी विभाग रोड मैप बनाकर भर्तीया समय-सीमा में सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि पीएससी को 6588 पद पर और कर्मचारी चयन मंडल को 17299 पद पर सीधी भर्ती के प्रस्ताव भेजे गए है। मुख्य सचिव ने अनुशासनात्मक कार्रवाई अंतर्गत विभागीय जांच की भी समीक्षा की और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समय-सीमा में विभागीय जांच पूर्ण की जाए।

नियमित और विशेष पीएससी के लिए कैलेंडर निर्धारित

बर्णवाल ने वर्ष 27 में दो राज्य सेवा परीक्षा आयोजित किय जाने के संबंध में भी मप्र लोक सेवा आयोग और विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा की। सीएम ने नियमित पीएससी के अलावा विशेष राज्य सेवा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। पीएससी के सचिव ने बताया कि परीक्षा 2027 के लिए इस माह के अंतिम सप्ताह तक रिक्तियों संबंधित विज्ञापन, प्रकाशन किया जाएगा। जनवरी 2027 में प्रारम्भिक परीक्षा, जून में मुख्य परीक्षा एवं नवम्बर 2027 में साक्षात्कार आयोजित किए जाने की योजना है।

खबर संक्षेप

सीएम ने पूर्व मुख्य सचिव के निधन पर दुःख व्यक्त किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्य सचिव एवी सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्य सचिव सिंह ने प्रशासनिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की सामर्थ्य देने की प्रार्थना की है। इसी तरह मप्र कॉडर के प्रशासनिक अधिकारियों व आईएएस एसोसिएशन ने भी सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

ऋण गारंटी निधि की तिथि बढ़ने से छोटे उद्योगों की आर्थिक प्रगति बढ़ेगी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सूक्ष्म इकाइयों के लिए ऋण गारंटी निधि को 31 मार्च 2031 तक जारी रखने का निर्णय प्रशंसनीय है। इसी तरह 5 हजार करोड़ रुपए के कोष को मंजूरी देने के निर्णय से भी छोटे उद्योगों की आर्थिक प्रगति बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के उद्योग हितैषी इस निर्णय के लिए आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि इस निर्णय से अगले पांच वर्ष में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 126 लाख करोड़ के ऋण उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी। साथ ही वार्षिक गारंटी शुल्क एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत करने से छोटे उद्यमियों को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

राज्यपाल भी पहुंचेंगे, सीएम डॉ. मोहन गांवों में ग्रामीणों से करेंगे संवाद

बिरसा मुंडा जयंती पर मुख्यमंत्री 15 को धार में करेंगे रोड-शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 नवंबर को धार पहुंचेंगे भगवान बिरसा मुंडा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार जिले में रोड शो भी करेंगे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्रीय ग्रामीणों के बीच जायेंगे और उनसे संवाद कर शासकीय योजनाओं के लाभ प्रदाय का फ़ीडबैक भी लेंगे। मुख्यमंत्री धार जिले में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत पात्र पट्टेधारियों के प्लॉट और मकान की रजिस्ट्री का अपने समक्ष निष्पादन भी कराएंगे।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती (राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस) के अवसर पर राज्य सरकार 14, 15 एवं 16 नवंबर को त्रिदिवसीय जयंती समारोह मनाने जा रही है। इसके तहत राज्यपाल पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में 14 नवंबर को जबलपुर, 15 को धार एवं जोबट (जिला आलीराजपुर) और 16 नवंबर को खंडवा जिले में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन होने जा रहा है। धार जिले में 15 नवंबर को होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम में जुड़कर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना में स्वामित्व अधिकार पंजीयन का कराएंगे निष्पादन, धार को देंगे विकास कार्यों की सौगात



प्रतीकात्मक चित्र

- धार और आलीराजपुर जिले के लगभग 1.26 लाख किसान होंगे लाभान्वित
- धार जिले की 85 ग्राम पंचायतों में लगेंगी कृषि चौपाल और कृषि पाठशालाएं

धार में होगा विशेष कार्यक्रम

साथ ही धार जिलेवासियों को करोड़ों की लागत के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। भगवान बिरसा मुंडा जयंती को और भी विशेष बनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 नवम्बर को ही 'डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट' का लोकार्पण कर धार और आलीराजपुर जिले के किसानों को खेतों में सिंचाई के लिये नर्मदा जल का अनुपम उपहार देंगे।

47 हजार हेक्टे. भूमि होगी सिंचित

डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट से धार जिले के 84 और अलीराजपुर के 42 गांवों की लगभग 47 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को रबी मौसम में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे लगभग 1 लाख 26 हजार किसान लाभान्वित होंगे। परियोजना के जरिए 166.51 मिलियन घनमीटर जल उद्वहन कर 47000 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। संचालन के लिए 58.87 मेगावाट विद्युत मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड की ओर से कुक्षी तहसील क्षेत्र में स्थित 220 केवी अति उच्च दाब सुसारी सब-स्टेशन तथा जोबट स्थित 132 केवी सब-स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

एक सिंचाई परियोजना बदलेगी दो जिलों की तकदीर और तस्वीर

मप्र के जनजातीय अंचलों में विकास की नई इबारत लिखने और किसानों के खेतों में टेल एंड तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की दिशा में राज्य सरकार का एक और महत्वपूर्ण प्रयास अब धरातल पर उतरने जा रहा है। सीएम 15 को जनजातीय बहुल धार जिले के पुलिस ग्राउंड डही में होने वाले राज्य स्तरीय आयोजन में नव निर्मित 'डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना' का लोकार्पण करेंगे। मां नर्मदा के जल से खेतों को सिंचित करने वाली यह परियोजना धार और आलीराजपुर 2 जिलों के कुल 126 गांवों के किसानों के लिए खेती-किसानी की समृद्धि और नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी।

मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकेंगे, संशोधन भी होंगे

भोपाल। मप्र में विवाह के बाद यदि आपका निवास स्थान बदल गया है या आपका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो आपके पास अपना विवरण अपडेट कराने का सुनहरा अवसर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। सारिका घारू ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश में 12 नवंबर से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू किया रहा है। इस प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की जा रही है, जिसके बाद नागरिक 11 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रबी सीजन 2026-27 के लिए फॉस्फेट एवं पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी देने पर आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों के रुझानों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय से किसानों को डीएपी सहित पीएंडके श्रेणी के 28 प्रकार के उर्वरक रियायती दरों पर उपलब्ध हो जाएंगे।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने दी जानकारी

उज्जैन में सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र से गुजरने वाली 132 केवी लाइन के 5 टावर होंगे शिफ्ट



- सिंहस्थ-28 के मद्देनजर पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा और रखरखाव को सुगम बनाने एमपी ट्रांसको की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक सिंहस्थ-28 आयोजन के दौरान उज्जैन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से महत्वपूर्ण विद्युत पारेषण लाइन के मार्ग में बदलाव किया जा रहा है। इसके तहत सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र से गुजरने वाली 132 केवी उज्जैन-रताड़िया ट्रांसमिशन लाइन के पांच टावरों को शिफ्ट करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र के लगभग 1026 मीटर लंबाई और 686 मीटर चौड़ाई वाले हिस्से में 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन के पांच टावर स्थित हैं। यह क्षेत्र पानी में डूबा रहने के कारण इन टावरों और लाइन का नियमित रखरखाव करने में कठिनाइयां आती हैं। इसे देखते हुए एमपी ट्रांसको की ओर से पांचों टावरों को उपयुक्त वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है। इससे लाइन के रखरखाव और मेंटेनेंस कार्य अधिक सुगमता से किए जा सकेंगे तथा पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

सिंहस्थ मेला क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है लाइन

तोमर ने कहा कि सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन के दौरान उज्जैन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इसे ध्यान में रखते हुए एमपी ट्रांसको द्वारा पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा, रखरखाव और विश्वसनीयता से जुड़े आवश्यक कार्य समय रहते किए जा रहे हैं, ताकि आयोजन के दौरान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रहे। यह 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन 220 केवी सबस्टेशन शंकरपुरा, उज्जैन से 132 केवी सबस्टेशन रताड़िया को जोड़ती है। रताड़िया सबस्टेशन सिंहस्थ मेला क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उज्जैन शहर, सिंहस्थ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति की दृष्टि से अहम इस लाइन का निर्माण वर्ष 1992 में किया गया था, जबकि सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण वर्ष 2013-14 में हुआ था।

यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस 45 मिनट के लिए रोकी

बम की सूचना से स्टेशन पर अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब प्लेटफार्म नंबर-दो पर खड़ी यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली। ट्रेन में विस्फोटक होने की खबर फैलते ही स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों के बीच दहशत की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल तत्काल अलर्ट हो गए। एहतियात के तौर पर ट्रेन को प्लेटफार्म नंबर-दो पर ही रोक दिया गया। करीब 45 मिनट तक एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही। बम होने की सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में पुलिस



बल तैनात कर दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए ट्रेन और स्टेशन परिसर की जांच शुरू की। जांच के लिए डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई। सुरक्षा बलों ने ट्रेन के विभिन्न हिस्सों और आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध वस्तुओं की तलाश की। अचानक हुई इस कार्रवाई से स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और अन्य लोगों में कौतूहल के साथ चिंता का माहौल बना रहा।

एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ

मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर अपने कब्जे में लिया है। उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि ट्रेन में बम होने की सूचना किस आधार पर दी गई थी और इसके पीछे क्या वजह है। फिलहाल यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस में बम होने की सूचना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस और रेलवे की सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं। जांच पूरी होने के बाद ही सूचना की वास्तविकता और पूरे घटनाक्रम का राजफाश हो सकेगा।

128 पर 'ब्रेक इन सर्विस', 14 निलंबित

बलरामपुर में हड़ताली पटवारियों पर प्रशासन का बड़ा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से प्रशासनिक कामकाज लगातार प्रभावित हो रहा है। जिले में पटवारी बीते 13 अक्टूबर से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हुए हैं। हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने के प्रशासनिक निर्देशों का असर न होने पर अब जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बलरामपुर जिले में पटवारियों के कुल 200 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 150 पदों पर पटवारी कार्यरत हैं और शेष पद रिक्त हैं। इन कार्यरत 150 पटवारियों में से 133 पटवारी हड़ताल पर हैं, जबकि 17 पटवारी हड़ताल से अलग रहकर अपने नियमित कार्यों पर उपस्थित हैं। हड़ताल पर गए सभी 133 पटवारियों को प्रशासन की ओर से पहले कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन नोटिस अवधि बीत जाने के बाद भी एक भी पटवारी ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए प्रशासन ने कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है।

वर्ष 2026-27 में कृषक उन्नति योजना के तहत मिलेगा लाभ

प्रदेश के अन्नदाताओं को सौगातः धान उत्पादक किसानों को मिलेंगे प्रति एकड़ 13,839 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शासन ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में कृषक उन्नति योजना के तहत धान उत्पादक किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपए की आदान सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत का बोझ कम करने और उनके आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में सुधार करना है।

योजना का लाभ उन किसानों को मिलेगा, जिन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। इसके साथ ही एग्रीस्टैक में पंजीयन और बोए गए धान के रकबे का डिजिटल क्रॉप सर्वे



होना अनिवार्य है। धान बीज उत्पादन में शामिल किसान भी योजना के पात्र होंगे। हालांकि, पंजीकृत ट्रस्ट, मंडल, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और शाला विकास समिति जैसी संस्थाओं को इसका लाभ नहीं मिलेगा। अनुदान का भुगतान कृषि भूमि सीलिंग कानून के प्रावधानों के अधीन किया जाएगा। योजना के तहत सहायता राशि डिजिटल क्रॉप सर्वे में सत्यापित धान के रकबे के आधार पर मिलेगी।

एग्रीस्टैक में पंजीयन अनिवार्य

कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक में पंजीयन जरूरी है। धान विक्रय के लिए टोकन जारी कराते समय निर्धारित प्रारूप में आदान सहायता राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन भी करना होगा। जिन क्षेत्रों में डिजिटल क्राप सर्वे का डाटा उपलब्ध नहीं है, वहां कलेक्टर की अनुमति से गिरदावरी के आधार पर सत्यापित रकबे के अनुसार सहायता दी जा सकेगी। राशि किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से जमा की जाएगी।

1920 मेगावाट की पूरी क्षमता पर लगातार 6 घंटे बिजली उत्पादन किया जा सकेगा

परियोजना पर 11500 करोड़ रुपए होगा निवेश

गांधीसागर देश की सबसे बड़ी पम्पिंग हाइड्रो स्टोरेज परियोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीमच जिले के गांधी सागर में ग्रीनको ग्रुप की ओर से 1920 मेगावाट भंडारण क्षमता वाली 'गांधीसागर' पम्पड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना विकसित की जा रही है। इस परियोजना पर 11500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा परियोजना के पूर्ण होने पर 1920 मेगावाट पूर्ण क्षमता पर लगातार 6 घंटे विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा। यह परियोजना नीमच जिले की रामपुरा तहसील स्थित खेमला ब्लॉक के गांव में स्थापित की जा रही है। प्रोजेक्ट मैनेजर श्रीनिवास ने बताया कि परियोजना का निर्माण लगभग 414 हेक्टेयर भूमि पर किया जा रहा है। उक्त परियोजना देश में निर्माणाधीन सबसे बड़ी स्वतंत्र 'पम्पड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना' है। इस परियोजना में दो जलाशय शामिल हैं। निचला जलाशयः मौजूदा गांधीसागर जलाशय (कुल क्षमता लगभग 270 टीएमसी / 7643.70 एमसीएम) है। दिसंबर में टर्बाइनों के पहले सेट का संचालन शुरू होगा। जून 2027 से पूरी परियोजना का वाणिज्यिक संचालन (कमर्शियल ऑपरेशंस) पूर्ण रूप से शुरू करने का लक्ष्य है।



कार्यप्रणाली (पंपिंग और टरबाइन मोड)

पंपिंग मोड (ऊर्जा भंडारण): दिन या रात के समय ग्रिड से मिलने वाली अतिरिक्त सौर या पवन ऊर्जा से दो दिशाओं में (आगे-पीछे) चलने वाली मोटरों के ज़रिए पानी को निचले जलाशय से ऊपरी जलाशय में पंप करके संग्रहित किया जाएगा। टरबाइन मोड (बिजली उत्पादन) अधिक मांग वाले व्यस्त समय (पीक ऑवर्स) में ऊपरी जलाशय से पानी निचले जलाशय में छोड़ा जाता है, जिससे वही मोटरें उल्टी दिशा में घूमकर टरबाइन के रूप में आपूर्ति योग्य नवीकरणीय बिजली पैदा की जाएगी।

ग्रीनको की ओर से निर्मित नया जलाशय

परियोजना में गांधीसागर जलाशय से केवल 2.4 टीएमसी (67.66 एमसीएम) पानी का गैर-उपभोक्ता (नॉन-कंज़मप्टिव) पुनः उपयोग किया जाएगा, यानी पानी की खपत नहीं होगी, बल्कि उसे चक्र के रूप में बार-बार इस्तेमाल किया जाएगा। निर्माण चरण में लगभग 4 हजार लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराया गया है। साथ ही संचालन एवं रखरखाव चरण में साइट पर लगभग 200 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा। परियोजना में मध्यप्रदेश के योग्य स्थानीय उम्मीदवारों को अधिकतम रोजगार अवसर देने की स्पष्ट प्रतिबद्धता शामिल है।

उत्पादन अवधि व तकनीकी विनिर्देश

यह परियोजना 1920 मेगावाट की पूरी क्षमता पर लगातार 6 घंटे तक बिजली उत्पादन कर सकती है। टरबाइन मोड में इसका रेटेड हेड लगभग 122 मीटर है। परियोजना की राउंड ट्रिप एफीशिएंसी यानी संग्रहित ऊर्जा को वापस देने की क्षमता लगभग 80% रहने का अनुमान है। टरबाइन कॉन्फ़िगरेशन व वार्षिक उत्पादनः इसमें कुल 9 टरबाइन लगाए जा रहे हैं, इनसे कुल वार्षिक ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,580 मिलियन यूनिट होगी। ग्रिड कनेक्टिविटी और ट्रांसमिशन, पंपिंग और उत्पादित बिजली की निकासी के लिए यह परियोजना लगभग 60 किमी दूर मप्र के मंदसौर जिले में स्थित 765/400 केवी सब स्टेशन से जुड़ी है।

बिजली खरीद और वित्तीय लाभ (डिस्कॉम को फायदा)

पीक आवर्स के दौरान उत्पन्न बिजली को एनटीपीसी, एसईसीआई और मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) को दीर्घकालिक पीपीए के माध्यम से बेचा जाएगा। यह बाजार के अस्थिर और महंगे पीक-टैरिफ की तुलना में काफी किफायती है, जिससे डिस्कॉम्स को भारी वित्तीय बचत होगी। अतिरिक्त सौर और पवन ऊर्जा को संग्रहित करके यह नवीकरणीय ऊर्जा को बर्बाद होने से रोकने में मदद करता है। ग्रिड को लचीली, समयबद्ध और मांग आधारित हरित ऊर्जा प्रदान कर देश के डी-कार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को गति देता है।

वन्यजीव संरक्षण और ईको-सिस्टम

चीता प्रोजेक्ट- कूनो के बाद गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य को चीतों के दूसरे प्राकृतिकवास के रूप में विकसित किया गया है। जैव-विविधता की सुरक्षाः यह क्षेत्र सर्वाधिक गिद्धों की आबादी और चंबल नदी के मगरमच्छों के सुरक्षित प्रजनन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इसीतरह हिंगलाजगढ़ किला परमार कालीन स्थापत्य कला और मूर्तियों की समृद्धि को सहेजने के लिए जीर्णोद्धार कार्य किए जा रहे हैं। चतुर्भुज नाथ नाला (शैलचित्र) में विश्व-विख्यात प्रागैतिहासिक रॉक आर्ट (भित्ति चित्रों) की सुरक्षा और पुरातात्विक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

चिंतन

खाद पर सब्सिडी जारी रखना उचित कदम

किसान पहले ही महंगे डीजल, बीज, कीटनाशकों और मजदूरी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के बावजूद केंद्र सरकार ने सब्सिडी का बोझ खुद उठाकर किसानों को राहत देने का फैसला किया है। रबी सीजन 2026-27 के लिए 62,370 करोड़ रुपये की सब्सिडी और डीएपी की 50 किलो की बोरी का मूल्य 1,350 रुपये पर बरकरार रखना स्वागतयोग्य कदम है। सवाल यह है कि जब खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और फसल का उचित मूल्य हासिल करना भी किसानों के लिए चुनौती बना हुआ है, तब खाद पर मिलने वाली राहत को कैसे कम किया जा सकता है? पश्चिम एशिया में जारी संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला तथा उर्वरकों के कारोबार को प्रभावित किया है। कच्चे माल की महंगाई का असर खाद की कीमतों पर पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में पिछले रबी सीजन के मुकाबले सब्सिडी में 24,418 करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार की किसान हितैषी नीति को दर्शाती है। लेकिन यह भी समझना होगा कि उर्वरक सब्सिडी केवल सरकारी खजाने से दी जाने वाली आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खाद महंगी होने का असर अंततः उत्पादन लागत और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ सकता है। इसके बावजूद खाद वितरण की जमीनी व्यवस्था पर सवाल बने हुए हैं। कई बार किसानों को सीजन के दौरान खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। कहीं किल्लत तो कहीं कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सब्सिडी का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचे। खाद की उपलब्धता, वितरण और बिक्री की नियमित निगरानी हो तथा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आखिर जिस राहत के लिए सरकार हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही है, उसका लाभ बिचौलियों या जमाखोरों की जेब में क्यों जाए? कैबिनेट का प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की ऋण गारंटी निधि को पांच साल बढ़ाने का फैसला भी छोटे कारोबारियों के लिए अहम है। पांच हजार करोड़ रुपये के कोष से अगले पांच वर्षों में 12.6 लाख करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। ऋण गारंटी शुल्क एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत करना भी सकारात्मक पहल है। सितंबर 2026 तक योजना के तहत 60.36 करोड़ से अधिक ऋण मंजूर किए जा चुके हैं, जिनकी राशि 43.34 लाख करोड़ रुपये है। यह छोटे कारोबारियों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का बड़ा प्रयास है। यह देखना भी जरूरी है कि कितने छोटे उद्यम स्थापित हुए, कितनों ने रोजगार पैदा किया और कितने कारोबार कर्ज के बोझ से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बन पाए। कुल मिलाकर, खाद पर सब्सिडी जारी रखने और मुद्रा योजना की ऋण गारंटी को विस्तार देने का फैसला अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण आधारों को मजबूती देने वाला है। किसान को खेती की बढ़ती लागत से राहत मिलेगी तो छोटे कारोबारियों को नए अवसर मिलेंगे। वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में सरकार का आर्थिक बोझ खुद उठाना दूरदर्शी कदम है। जरूरत इस बात की है कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही, घरेलू उत्पादन, स्वरोजगार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देकर ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें किसान व उद्यमी आत्मनिर्भर बन सकें।



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

क्या ट्रंप पर चलेगा महाभियोग

जिस अमेरिकी राष्ट्रपति ने पूरी दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाने का सपना देखा था, आज वही अपने ही देश में राजनीतिक अस्तित्व बचाने की चुनौती से जूझ रहा है। चुनावी झटकों ने रिपब्लिकन पार्टी में असंतोष बढ़ा दिया है और 2026 के मध्यावधि चुनाव के बाद तीसरी बार महाभियोग की आशंका भी गहराने लगी है। पार्टी में बगावत और जनता की नाराजगी ने डोनाल्ड ट्रंप को दोहरी मुश्किल में डाल दिया है। ऐसे में उन्हें भारत के साथ व्यापार समझौते में राजनीतिक संजीवनी नजर आ रही है। सवाल है कि क्या भारत के साथ डील ट्रंप की डूबती नैया को सहारा दे पाएगी? क्या अमेरिका से बेहतर व्यापारिक शर्तें हासिल करने और एच-1बी वीजा पर राहत पाने का यह भारत के लिए सुनहरा अवसर है?

सांप छुछुंदर वाली स्थिति ..! दोहरी आफत में फंसे अमेरिकी राष्ट्रपति..! कुर्सी पर खतरे के बादल ..!, पार्टी में बगावत.. ! पर भारत से उम्मीद की डोर..! ये तो होना ही था ..! अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने पर महाभियोग कि भी संभावना बनती दिख रही है । जिस व्यक्ति ने पूरी दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का सपना देखा था, वही आज अपनी ही कुर्सी बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। विश्व के गलियारों में अब एक ही सवाल गूंज रहा है -क्या जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? यह सवाल हवा में नहीं उठा है। इसके पीछे ठोस राजनीतिक कारण हैं। अमेरिका में हुए हाल के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारी शिकस्त मिली है। न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव से लेकर वर्जीनिया और न्यूजर्सी के गवर्नर चुनाव तक, डेमोक्रेट्स ने ट्रंप के उम्मीदवारों को धूल चटा दी है। यह सिर्फ हार नहीं, यह ट्रंप के खिलाफ जनमत संग्रह था। डेमोक्रेट्स के भारतीय मूल के अमेरिकी निथ्या रमन,राजीव पुरी,सब हैदर एवं ज्योति सिंह ने इस मध्यावधि चुनाव मे अभूतपूर्व जीत हासिल कर अपना परचम लहराया है। अमेरिकी जनता ने साफ कह दिया है टैरिफ वॉर, महंगाई और अहंकार की राजनीति अब नहीं चलेगी।



क्या आज ट्रंप पर दोहरी आफत है? क्या कुर्सी जाने का खतरा बरकरार है? क्या पार्टी में फूट की कगार पर भी है? वास्तव में ट्रंप पर इस समय दोहरी आफत है। पहली आफत है- कुर्सी जाने का खतरा। दूसरी आफत है अपनी ही पार्टी में फूट। अमेरिकी संविधान में महाभियोग का प्रावधान है। अगर राष्ट्रपति पर गंभीर अपराध, सत्ता के दुरुपयोग या संविधान के उल्लंघन का आरोप सिद्ध हो जाए, तो प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) महाभियोग चला सकती है और सीनेट उन्हें पद से हटा सकती है। ट्रंप पर यह खतरा पहले भी मंडराया है। वे अमेरिका के इकलौते राष्ट्रपति हैं, जिन पर दो बार महाभियोग चल चुका है। पहली बार 2019 में यूक्रेन मामले में और दूसरी बार 2021 में कैपिटल हिल हिंसा के मामले में। दोनों बार वे सीनेट में बच गए थे, पर अब स्थिति अलग है। अब डेमोक्रेट्स के पास प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने का मौका है। 2026 के मध्यावधि चुनाव में अगर डेमोक्रेट्स ने हाउस पर कब्जा कर लिया, तो ट्रंप पर तीसरी बार महाभियोग चलना लगभग तय माना जा रहा है। आरोपों की सूची लंबी है - टैरिफ के नाम पर कांग्रेस की अनुमति के बिना आर्थिक आपातकाल लगाना, न्याय विभाग का राजनीतिक इस्तेमाल, विदेशी सरकारों पर दबाव बनाना, और अपने व्यापारिक हितों के लिए पद का दुरुपयोग करना। दूसरी आफत पार्टी के अंदर है। रिपब्लिकन पार्टी अब दो धड़ों में बंट गई है। एक धड़ा है ट्रंप के कट्टर समर्थक, जिन्हें 'मागा' कहा जाता है। दूसरा धड़ा है पारंपरिक रिपब्लिकन, जो अब ट्रंप की शैली से थक चुके हैं। कई रिपब्लिकन सांसद खुलेआम कह रहे हैं कि ट्रंप की वजह से पार्टी चुनाव हार रही है। वे ट्रंप से दूरी बना रहे हैं। कुछ ने तो यह भी कहना शुरू कर दिया है कि ट्रंप को अब राष्ट्रपति पद से हटकर पार्टी को नए नेतृत्व को सौंप देना चाहिए। यह फूट ट्रंप के लिए सबसे खतरनाक है। जब अपना घर ही टूटने लगे, तो बाहर की लड़ाई कैसे लड़ी जाएगी? ट्रंप इस फूट को रोकने के लिए अपने विरोधियों को धमका रहे हैं, उन्हें पार्टी से निकालने की धमकी दे रहे हैं, पर इससे फूट और बढ़ रही है। अस्तित्व की रक्षा में क्या अमेरिका भारत से व्यापार समझौता कर सकता है? इसी अस्तित्व रक्षा के संकट में ट्रंप को भारत याद आ रहा है। राजनीति का एक पुराना नियम है जब घर में संकट हो, तो बाहर एक बड़ी जीत दिखाओ। ट्रंप भी यही करना चाहते हैं। अस्तित्व की रक्षा में ट्रंप भारत से व्यापार समझौते को प्राथमिकता देना आरंभ कर चुके हैं। पहले वे भारत पर दबाव बना रहे थे। 50% टैरिफ की धमकी दे रहे थे। पर अब वे नरम पड़ रहे हैं। क्यों? क्योंकि उन्हें एक बड़ी कूटनीतिक जीत चाहिए, जिसे वे अमेरिकी जनता और अपनी पार्टी के बागियों को दिखा सकें। भारत के साथ एक सार्थक व्यापार समझौता अब पहले से कहीं ज्यादा संभव दिख रहा है। दोनों देशों के बीच बातचीत के कई दौर हो चुके हैं। भारत ने अमेरिका को कई क्षेत्रों में रियायत देने का संकेत दिया है, तो अमेरिका ने भी टैरिफ घटाने की बात कही है। अगर यह समझौता हो जाता है, तो ट्रंप कह सकेंगे - देखो, मैंने दुनिया के सबसे बड़े बाजार को अमेरिका के लिए खोल दिया। इससे अमेरिकी किसानों, टेक कंपनियों और निर्माताओं को फायदा होगा। यह समझौता ट्रंप के लिए सिर्फ व्यापार नहीं, यह उनकी राजनीतिक संजीवनी है। वे इसे महाभियोग के खतरे से बचने के लिए एक ढाल की तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं। क्या एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है? इस समझौते का सबसे बड़ा लाभ भारतीय पेशेवरों को मिल सकता है। एच-1बी वीजा का मुद्दा भारतीयों के लिए हमेशा से भावनात्मक रहा है। पिछले वर्षों में ट्रंप ने एच-1बी को सख्त किया था। फीस बढ़ा दी, नियम कड़े कर दिए। लेकिन अब अमेरिकी टेक कंपनियां ट्रंप पर दबाव डाल रही हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन - सब कह रहे हैं कि हमें भारतीय टैलेंट चाहिए। एआई की दौड़ में अमेरिका चीन से पीछे नहीं रहना चाहता, और इसके लिए उसे भारतीय इंजीनियर चाहिए। ऐसे में माना जा रहा है कि व्यापार समझौते के साथ एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है। वीजा कोटा बढ़ सकता है, फीस में राहत मिल सकती है, ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया आसान हो सकती है। इससे भारतीय पेशेवरों को कुछ हद तक राहत मिलेगी। यह राहत पूरी नहीं होगी, पर कम से कम एक स्थिरता आएगी, जो पिछले कुछ वर्षों में गायब हो गई थी। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? कानूनी रूप से यह संभव है, पर राजनीतिक रूप से कठिन है। निष्कर्षः में एस कहा जा सकता है कि भारत की भूमिका निर्णायक है। जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप आज अपने ही घर में घिरे हैं। उनकी कुर्सी पर संकट है, पार्टी में फूट है, जनता में नाराजगी है। ऐसे में भारत उनके लिए एक अवसर भी है और एक परीक्षा भी।भारत को इस मौके का लाभ उठाना चाहिए, पर सावधानी के साथ। भारत को व्यापार समझौता करना चाहिए, पर अपने किसानों की कीमत पर नहीं। भारत को एच-1बी में लाभ लेना चाहिए, पर अपनी संप्रभुता से समझौता किए बिना। ट्रंप का भविष्य अब काफी हद तक भारत से जुड़ गया है। अगर भारत से डील हो गई, तो ट्रंप को महाभियोग से बचने का एक मजबूत हथियार मिल जाएगा। अगर डील टूट गई, तो ट्रंप की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।इतिहास गवाह है कि जब भी अमेरिकी राष्ट्रपति घर में कमजोर हुआ है, उसने विदेश में

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जवाबदेही

प्रो. वंदना अरोड़ा



विरोध का अधिकार, लेकिन संवैधानिक मर्यादा के साथ

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें नागरिकों को सरकार से सवाल पूछने, नीतियों की आलोचना करने और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार है। विरोध लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता का प्रमाण है। हालांकि, उतना ही महत्वपूर्ण यह समझना भी है कि विरोध का तरीका क्या हो और उसका उद्देश्य क्या होना चाहिए। किसी व्यवस्था में भ्रष्टाचार, अनियमितता या प्रशासनिक लापरवाही सामने आने पर आवाज उठाना आवश्यक है, लेकिन क्या हर समस्या का समाधान सड़कों पर आंदोलन, राजनीतिक दबाव और किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग तक ही सीमित होना चाहिए? क्या कानून और संविधान के दायरे में रहकर उठाई गई आवाज अधिक प्रभावी और स्थायी बदलाव का माध्यम नहीं बन सकती? आज आवश्यकता इस बात की है कि विरोध की संस्कृति को केवल भीड़, नारों और राजनीतिक टकराव तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे तथ्यों, कानूनी अधिकारों और संवैधानिक प्रक्रियाओं से जोड़ा जाए। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने का अधिकार प्रदान करता है। इसका अर्थ है कि नागरिक सरकार की नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, जनप्रतिनिधियों से जवाब मांग सकते हैं और प्रशासनिक निर्णयों के प्रति असहमति व्यक्त कर सकते हैं। हालांकि, ये अधिकार उचित कानूनी प्रतिबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित संवैधानिक सीमाओं के अधीन हैं। किसी व्यवस्था की गलती का विरोध करते समय कानून को कमजोर करना नहीं, बल्कि कानून का सहारा लेकर उस गलती को उजागर करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर, यदि शिक्षा व्यवस्था में अनियमितता हुई है, परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आई है या किसी विभाग में भ्रष्टाचार के प्रमाण मिलते हैं, तो सबसे पहले तथ्यों और साक्ष्यों को व्यवस्थित रूप से सामने लाया जाना चाहिए। संबंधित विभाग में शिकायत, सूचना का अधिकार (आरटीआई), सतर्कता विभाग, सक्षम जांच एजेंसी और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। यदि इन प्रक्रियाओं के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, तो शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन और जनजागरण भी लोकतांत्रिक विरोध के वैध माध्यम हैं। महत्वपूर्ण यह है कि जनआवाज के साथ कानूनी प्रक्रिया भी आगे बढ़े, ताकि विरोध केवल नारों तक सीमित न रहकर जवाबदेही और परिणाम तक पहुंचे। किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग करना अपने आप में गलत नहीं है। यदि किसी गंभीर प्रशासनिक विफलता के लिए संबंधित मंत्री की जिम्मेदारी बनती है, तो राजनीतिक और नैतिक जवाबदेही तय करने की मांग पूरी तरह लोकतांत्रिक है। लेकिन यह प्रश्न विचारणीय है कि क्या केवल इस्तीफे से समस्या का स्थायी समाधान हो जाता है? यदि शिक्षा विभाग में अनियमितताएं हैं, तो केवल मंत्री बदलने से क्या पूरी व्यवस्था सुधर जाएंगी? यदि परीक्षा प्रणाली में खामियां हैं, तो क्या नए मंत्री के आने से भविष्य में ऐसी गड़बड़ियां रुकने की गारंटी मिल जाएगी? वास्तविक बदलाव के लिए जरूरी है कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो, दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए और व्यवस्था में मौजूद खामियों को दूर किया जाए। अन्यथा एक व्यक्ति पद छोड़ देगा और दूसरा पद संभाल लेगा, लेकिन मूल समस्या जस की तस बनी रह सकती है। इसलिए किसी भी विरोध का उद्देश्य केवल इस्तीफा हासिल करना नहीं, बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करना और व्यवस्था में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। जेन जेड यानी नई पीढ़ी में अपने अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता और सवाल पूछने का साहस लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। युवाओं की सबसे बड़ी ताकत केवल उनकी संख्या नहीं, बल्कि उनकी जानकारी, तार्किक सोच, तथ्यों की समझ और संगठित नागरिक भागीदारी है। यदि युवा किसी सरकारी नीति या निर्णय से असहमत हैं, तो वे तथ्यों के आधार पर अपनी बात रख सकते हैं, संबंधित अधिकारियों से जवाब मांग सकते हैं, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दे सकते हैं और उपलब्ध कानूनी उपायों का सहारा ले सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया जा सकता है। आखिरकार, लोकतंत्र की मजबूती इस बात से तय नहीं होती कि कितनी बार सड़कें जाम हुईं या कितने नारे लगाए गए। उसकी वास्तविक मजबूती इस बात में है कि नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों, सरकार जवाबदेह हो, कानून निष्पक्ष रूप से लागू हो और संस्थाएं गलतियों को सुधारने के लिए प्रभावी ढंग से काम करें। विरोध हमारा अधिकार है, लेकिन संवैधानिक मर्यादा जिम्मेदारी। बदलाव की मांग करें, लेकिन तथ्यों के साथ, तर्क के साथ और कानून के दायरे में रहकर।

(लेखिका पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में लॉ डिपार्टमेंट की चेयरपर्सन हैं हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम

संकलित

दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

मानव धर्म ही सर्वोपरि

संकलित

प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत में भी खत्म हो सांसदों की पेंशन

श्रीलंका ने 17 फरवरी 2026 को सांसदों की पेंशन समाप्त कर एक ऐसा फैसला लिया जिसने भारत में भी राजनीतिक पदों से जुड़े आजीवन आर्थिक लाभों पर बहस छेड़ दी है। श्रीलंका की संसद में पेंशन खत्म करने वाले विधेयक के पक्ष में 154 और विरोध में केवल दो वोट पड़े। नया कानून 1977 से लागू सांसद पेंशन कानून को समाप्त करता है और इसका असर उन पूर्व सांसदों पर भी पड़ा जो पहले से पेंशन प्राप्त कर रहे थे। श्रीलंका के इस फैसले के बाद भारत में उद्योगपति हर्ष गोयनका ने एक्स पर सवाल उठाया कि क्या भारत में भी राजनीतिक विशेषाधिकारों पर पुनर्विचार का समय आ गया है। उनका तर्क है कि सार्वजनिक पद जिम्मेदारी है, आजीवन अधिकार नहीं।

- मंयक पांडे, अंबिकापुर

ट्रेंड

डेडलाइन जरूरी



भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

हमेशा तैयार रहें रक्षा बल



हमारे रक्षा बलों को ऐसी क्षमताएं और तरीके विकसित करने चाहिए, जिससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने या संभलने का समय न मिले। साथ ही, हमें दुश्मन की किसी भी अप्रत्याशित कार्रवाई के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। -राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

अखिलेश पूर्व सीएम ही रहेंगे



अखिलेश यादव यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री है और इंशाल्लाह पूर्व ही रहेंगे। गोली लगने का दर्द आज भी चंद्रशेखर आजाद की कमर में रहता है। कांच के महलों में रहने वालों को पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। वे नहीं समझ सकते कि चंद्रशेखर का परिवार किन मुश्किलों से गुजरा है, क्योंकि वे विरासत की राजनीति करते हैं। -असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख

धर्म के नाम पर वोट न दें



मैं चुनावी राजनीति से दूर रहता हूं, लेकिन सरकार को सिर्फ वोटों से डर लगता है। अगर आप सरकार के काम से खुश हैं, तो उसे वोट दें; वरना किसी दूसरी पार्टी को वोट दें। जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्रवाद के आधार पर वोट न दें। लेकिन वोट देते समय किसानों हितों के बारे में जरूरी सोचें। -राकेश टिकैत, किसान नेता

करंट अफेयर

न्यूयार्क की परेड में सुनीता ने 'ग्रैंड मार्शल' की भूमिका निभाई



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता 'सुनी' विलियम्स ने न्यूयॉर्क सिटी में 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में 'ग्रैंड मार्शल' की भूमिका निभाई। अमेरिकी नौसेना की पूर्व सैनिक (वेटरन) विलियम्स के साथ इस वार्षिक परेड में हजारों अमेरिकी पूर्व सैनिक, वर्तमान सैन्य कर्मी, मार्चिंग बैंड, देशभक्त संगठन, सैन्य वाहन और अन्य प्रतिभागी शामिल हुए। यह परेड उन लोगों के सम्मान में आयोजित की जाती है, जिन्होंने वर्षों तक देश की सेवा की है। इस अवसर पर उपस्थित न्यूयॉर्क के भारतीय मूल के मेयर जोहरान ममदानी सहित अन्य लोगों को संबोधित करते हुए विलियम्स ने कहा कि 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में शामिल होना उनके लिए ''बेहद सम्मान की बात'' है। उन्होंने कहा, ''जब मैं सेना में शामिल हुई थी तो मैंने एक पल के लिए भी नहीं सोचा था कि मैं कभी पूर्व सैनिक बनूंगी... उस समय आप युवा होते हैं और सोचते हैं कि अपना जीवन कैसे बिताएंगे।

ऑफ बीट

क्या होते हैं बायोमार्कर? कैसे होता है इनसे सेहत का आकलन



मान लीजिए कि पांच सदस्यों वाला एक परिवार फ्लू के वायरस के संपर्क में आता है, लेकिन उनमें से केवल दो लोग बीमार पड़ते हैं। एक व्यक्ति जीवनभर धूम्रपान करता है और 100 साल तक जीवित रहता है, जबकि अपने करियर के चरम पर पहुंचा एक पेशेवर खिलाड़ी अचानक दिल का दौरा पड़ने से मर जाता है। इसी तरह, कोई दवा कुछ मरीजों पर अच्छा असर दिखाती है, लेकिन कुछ मरीजों में गंभीर दुष्प्रभाव होने के कारण नैदानिक परीक्षण में विफल हो जाती है। क्या इनमें से किसी भी घटना का पहले से अनुमान लगाया जा सकता था? इसका सीधा जवाब है- अभी तक तो नहीं। हालांकि 'बायोमार्कर' की मदद से भविष्य में ऐसा संभव हो सकता है। बायोमार्कर शरीर में मौजूद ऐसी कोई भी चीज है, जिसे मापा जा सकता है और जिससे डॉक्टरों को किसी व्यक्ति की मौजूदा या भविष्य की सेहत के बारे में जानकारी मिलती है। बायोमार्कर कई तरह के होते हैं और आधुनिक चिकित्सा में इनकी अहम भूमिका है। इनसे यह समझने में मदद मिलती है कि मानव शरीर के अंदर क्या हो रहा है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

महंगाई पर जयराम रमेश का मोदी सरकार पर हमला, बोले- 'सब चंगा सी' से अब 'सब महंगी सी' तक पहुंचा देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने दूध से लेकर डिटर्जेंट तक की बढ़ती कीमतों पर उठाए सवाल, गरीब और मध्यम वर्ग के बिगड़ते घरेलू बजट को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

कांग्रेस ने देश में बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महासचिव जयराम रमेश ने आवश्यक वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा के घरेलू उत्पादों तक की बढ़ती कीमतों का हवाला देते हुए आरोप लगाया है कि महंगाई का सबसे अधिक बोझ गरीब और मध्यम वर्ग को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जब सरकार चीनी और दालों के पर्याप्त उत्पादन तथा पुराने स्टॉक की उपलब्धता का दावा कर रही है, तो आम उपभोक्ताओं को कीमतों में राहत क्यों नहीं मिल रही है? जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि महंगाई के खिलाफ वादे करके सत्ता में आई मोदी सरकार के कार्यकाल में आम आदमी की रसोई और घरेलू बजट पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। दूध, चावल, आटा, दाल, खाद्य तेल, प्याज, आलू, टमाटर, चीनी और घी जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से आम परिवारों का खर्च प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अमूल और मदर डेयरी की ओर से दूध की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि दूध जैसी बुनियादी जरूरत भी परिवारों के मासिक बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

दूध की नई कीमतें और अन्य उत्पादों में बढ़ोतरी

महंगाई के मुद्दे को और धार देते हुए कांग्रेस नेता ने हिंदुस्तान यूनिलीवर के उत्पादों की कीमतों में हालिया वृद्धि का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद से बड़े एफएमसीजी ब्रांडों ने डिटर्जेंट और होम केयर उत्पादों के दाम 11 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। इससे आम उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। दरअसल, 9 नवंबर को सामने आई कीमतों में बढ़ोतरी के अनुसार, सर्फ एक्सेल क्विक वॉश के एक किलो पैक की कीमत 235 से बढ़कर 245 रुपए हो गई है। वहीं, 500 ग्राम का पैक 123 से बढ़कर 128 रुपए का हो गया है। रिन और व्हील डिटर्जेंट के दामों में भी वृद्धि की गई है। मोती गुलाब साबुन के 150 ग्राम पैक की कीमत 74 रुपये से बढ़ाकर 82 रुपये कर दी गई है। कुछ उत्पादों पर यह बढ़ोतरी 11 प्रतिशत तक है। इसी बीच 12 नवंबर से अमूल और मदर डेयरी ने भी दूध की कीमतों में 2 से 4 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि लागू की है। अमूल ताजा की कीमत में 2 और अमूल गोल्ड में 4 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी के फुल क्रीम दूध की कीमत 72 से बढ़कर 76 रुपए प्रति लीटर और टोंड दूध की कीमत 60 से बढ़कर 62 रुपए प्रति लीटर हो गई है।

चीनी और दालों के स्टॉक पर सरकार से सवाल

रमेश ने चीनी और दालों की उपलब्धता को लेकर भी सरकार के दावों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ चीनी का उत्पादन चार गुना तक बढ़ने और 36 लाख टन पुराने स्टॉक की उपलब्धता का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ आम उपभोक्ताओं को कीमतों में राहत नहीं मिल रही है। उनका सवाल है कि यदि देश में आवश्यक खाद्य वस्तुओं का पर्याप्त उत्पादन और भंडार मौजूद है तो बाजार में महंगाई पर नियंत्रण क्यों नहीं दिखाई दे रहा?

ई-20 पेट्रोल को लेकर भी उठाया सवाल

कांग्रेस नेता ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण यानी ई-20 को लेकर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने पूछा कि क्या उपभोक्ताओं को बढ़ती महंगाई के साथ-साथ ई-20 पेट्रोल के इस्तेमाल से जुड़ी चिंताओं का भी सामना करना पड़ रहा है? हालांकि, पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच सीधे संबंध को स्थापित करने के लिए अलग से आर्थिक और तकनीकी प्रमाणों की आवश्यकता होगी।

'सरकारी दावों से नहीं, महंगाई पर नियंत्रण से मिलेगी राहत'

जयराम रमेश ने कहा कि देश की जनता को सरकार के दावों और नीतिगत वादों से अधिक वास्तविक राहत की जरूरत है। महंगाई पर प्रभावी अंकुश लगाना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के दावों और आम जनता के रोजमर्रा के अनुभवों के बीच बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग को लगातार बढ़ते घरेलू खर्च के बीच अपने सीमित संसाधनों का प्रबंधन करना पड़ रहा है। रसोई का सामान, दूध और सफाई से जुड़े उत्पादों की कीमतों में वृद्धि का असर हर घर पर पड़ रहा है।

'सब चंगा सी' से 'सब महंगी सी' तक

जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा, ₹प्रधानमंत्री जी, आपने पहले कहा था- सब चंगा सी, अब तो- सब महंगी सी!₹ उन्होंने महंगाई को लेकर सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि आखिर कब तक आम जनता को सरकारी दावों के पीछे छिपकर बढ़ती कीमतों का बोझ उठाना पड़ेगा।

खबर संक्षेप

31 आप उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी



नई दिल्ली। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए आप ने गुरुवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। नई दिल्ली में राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद 31 नामों का ऐलान किया गया। पार्टी ने नए चेहरों को मौका दिया है। सीएम भगवंत मान कहा कि सर्वे में जो उम्मीदवार को आगे रह हैं उन्हें टिकट दी गई है।

आग लगने से एक परिवार के चार सदस्यों की मौत



ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के कुरुंग कुमे जिले के एक कस्बे में गुरुवार तड़के आग लगने से एक परिवार के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और करीब 24 घर जल गए। मृतकों में एक महिला और उसके तीन नाबालिग बच्चे शामिल हैं। बच्चों में दो बेटे और एक बेटी है जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों की पहचान

गोवा के लिए वंदे भारत को हरी झंडी देंगे प्रधानमंत्री



नई दिल्ली। बेंगलुरु से मडगांव को जोड़ने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हरी झंडी दिखाएंगे। पीएम मोदी बेंगलुरु से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और उसके बाद इस ट्रेन की सेवा रविवार से आम जनता के लिए शुरू हो जाएगी जिसकी बुकिंग ऑनलाइन शुरू हो चुकी है।

बेकाबू कार पलटी, पति-पत्नी की मौत, 2 जख्मी



अहमदाबाद। अहमदाबाद के धोलरा-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार के बेकाबू होकर पलटने से एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 8 साल की बेटी और बुजुर्ग मां गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब नए गठबंधन का ऐलान

ओवैसी-एएसपी ने बनाया 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा', चंद्रशेखर होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

गठबंधन का उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना

उत्तर प्रदेश में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की राजनीति में नए गठबंधन की घोषणा हो गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने हाथ मिला लिया है। दोनों नेताओं ने गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने गठबंधन का ऐलान किया। इस गठबंधन को 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' नाम दिया गया है। इस घोषणा के बाद प्रदेश की सियासत में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा शुरू हो गई है। इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना तथा युवाओं, किसानों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की आवाज़ उठाना है।माना जा रहा यह गठबंधन सपा के पीडीए समीकरण के सामने एक नई चुनौती पेश कर सकता है, जबकि विपक्षी दलों का आरोप है कि इससे भाजपा को चुनावी फायदा मिल सकता है।



संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की

सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगा मोर्चा

दोनों नेताओं ने बताया कि उनका मोर्चा उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा। इसके साथ ही ओवैसी ने चंद्रशेखर को मोर्चे की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया। चंद्रशेखर और ओवैसी ने गठबंधन के जरिए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही है। दोनों दलों का कहना है कि वे मिलकर राजनीतिक भागीदारी, अधिकार और सामाजिक परिवर्तन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया

इस दौरान सबसे अहम बात यह रही कि ओवैसी ने चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। इस घोषणा के साथ ही सामाजिक परिवर्तन मोर्चे ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना प्रमुख चेहरा भी सामने रख दिया है। हालांकि, इस गठबंधन को चुनाव में कितना समर्थन मिलता है, यह आने वाले समय में उम्मीदवारों के चयन और जनता के बीच पहुंच से साफ होगा। अब मोर्चा के गठन के बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

सभी जान रहे आजम किसकी वजह से जेल में हैं?अब्दुल बराबरी पर है: ओवैसी

ओवैसी ने कहा कि मोर्चा यूपी में मजबूत विकल्प होगा। हम बीजेपी को तीसरी बार आने से रोकेंगे। किसानो के मसले पर हम लड़ेंगे। हम राजनीति फ्यूचर के लिए करेंगे। अब्दुल मुद्दा बन गया है, अब्दुल दरी नही बिछा रहा है।अब्दुल बराबरी पर है, हम उसके साथ है। इसके अलावा चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आजम खान किसकी वजह से जेल में हैं, सबको मालूम है. सिर्फ वोट के खतिर उनका इस्तेमाल हुआ। कोई उनकी लड़ाई नही लड़ा। 2012 के बाद से हमारे ऊपर अत्याचार हो रहा है। ये सरकार केवल व्यपारी की बात करती है हम सरकार बनाएं तब क्वालिटी शिक्षा देंगे। अस्पताल दुरस्त करेंगे, नौकरी देंगे।

कांग्रेस के मसूद बोले

हमें डेंट कर किसी और को फायदा...

इस गठबंधन को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता और सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने कहा कि राजनीति का अधिकार सभी को है, सब अपने तरीके से राजनीति भी करते हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि क्या एसपीएम उनके गठबंधन को डेंट पहुंचाएगा, तो उन्होंने कहा कि डेंट होने से किसे फायदा होगा? किसी और को फायदा पहुंचाना चाहते तो हमें डेंट करके तो पहुंचा दीजिए।



जेल में आजम से मिले शिवपाल



उनका लगातार उत्पीड़न हो रहा

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव गुरुवार को गाजियाबाद जिला कारागार पहुंचे। उनकी यह यात्रा जिला कारागार में बंद पार्टी के कद्दावर नेता आज़म खान से मुलाकात करने के लिए थी। शिवपाल यादव के आगमन पर सैकड़ों की संख्या में सपा के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यह स्वागत गाजियाबाद के वेदांता टोल प्लाजा पर किया गया था।

इनका मकसद भाजपा को हटाना नहीं है

इस गठबंधन को लेकर शिवपाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ओवैसी और चंद्रशेखर भाजपा को सत्ता से नहीं हटाना चाहते हैं।

अभिषेक के आवास के बाहर चला बुलडोजर

फुटपाथ से हटाया गया अस्थायी ढांचा, गेट को कटर से काटा



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित आवास के बाहर बृहस्पतिवार को नगर निकाय ने बुलडोजर चलाकर फुटपाथ पर बना बांस का अस्थायी ढांचा हटा दिया। अधिकारियों ने पैदल यात्रियों की आवाजाही में कथित बाधा बन रहे लोहे के गेट को भी गैस कटर से काटकर हटा दिया। यह कार्रवाई बनर्जी के 121, कालीघाट रोड स्थित आवास के बाहर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। इस दौरान कोलकाता पुलिस और केंद्रीय बलों के जवान तैनात थे। नगर निकाय के कर्मचारियों ने पहले बुलडोजर से ढांचे को गिराया और फिर बांस के खंभे हटाकर फुटपाथ खाली कराया। बनर्जी ने कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बुलडोजर उनकी आवाज को दबा नहीं सकते और न ही उनका संकल्प तोड़ सकते हैं।

अभिषेक बोले लड़ाई जारी रहेगी

अभिषेक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं 'बांग्ला विरोधियों' के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक न तो पीछे हटूंगा और न ही एक इंच पीछे खिसकूंगा।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने नगर निकाय की कार्रवाई का बचाव किया। घोष ने संवाददाताओं से कहा कि यह कार्रवाई उचित है, क्योंकि इलाके के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। अभिषेक खुद को कानून से ऊपर समझते थे। यह ढांचा विवाद का विषय बना हुआ था। टीएमसी का कहना था कि इसे पश्चिम बंगाल सुरक्षा निदेशालय ने बेनर्जी को जेड-प्लस सुरक्षा मिलने के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात कर्मियों के लिए बनवाया था। पार्टी ने इसे सांसद द्वारा कराया गया अनधिकृत निर्माण मानने से इनकार किया था।

अभिषेक ने ईसी को लिखी चिट्ठी

मेरी और मेरे घर-ऑफिस की निगरानी हो रही

अभिषेक ने पार्टी से जुड़े विवाद पर चुनाव आयोग में चल रही सुनवाई के बीच दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग को प्रतिनिधित्व भेजकर अपने आवास-कम-दफ्तर पर निगरानी रखे जाने और वहां दोबारा हमला होने की आशंका जताई है। अभिषेक का दावा है कि भाजपा से जुड़े लोग कुछ पुलिसकर्मियों के समर्थन और मदद से चुनाव आयोग में पेश किए जाने वाले दस्तावेजों और हलफनामों को जबरन अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर सकते हैं।

किसानों की समृद्धि से ही मजबूत होगा देश का भविष्य, एक दशक में कृषि विकास दर 4 फीसदी से अधिक रही

विकसित भारत के निर्माण में कृषि विकास, आधुनिक खेती और किसान सशक्तीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका: प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कृषि विकास, आधुनिक एवं स्मार्ट खेती और किसानों का सशक्तीकरण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कृषि केवल भारत की अर्थव्यवस्था का आधार नहीं है, बल्कि यह देश की संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा भी है। किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र की मजबूती के बिना विकसित भारत की कल्पना पूरी नहीं हो सकती।

प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'किसान तक भारत एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में कृषि और त्योहारों का गहरा संबंध रहा है। देश के अधिकांश त्योहार किसी न किसी रूप में खेती, फसल, प्रकृति और किसानों के जीवन से जुड़े हुए हैं। ऐसे समय में इस सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जब देशभर में त्योहारों का उत्साह है। यह भारतीय समाज में कृषि की सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता को भी दर्शाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश की कृषि विकास दर चार प्रतिशत से अधिक रही है। आजादी के बाद यह पहला ऐसा दशक है, जब देश के कृषि क्षेत्र ने लगातार इतनी मजबूत विकास दर हासिल की है। उन्होंने इस उपलब्धि को कृषि क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों और किसानों की मेहनत का परिणाम बताया।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को अपनाना आवश्यक है। खेती को अधिक उत्पादक, लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना होगा। स्मार्ट फार्मिंग और कृषि क्षेत्र में आधुनिक समाधानों का इस्तेमाल भविष्य की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन कृषि क्षेत्र में सकारात्मक पहल है। उन्होंने इसे किसानों, वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के बीच संवाद तथा अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बताया। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 2,000 किसान हिस्सा ले रहे हैं। इनके अलावा नीति निर्माता, राजनयिक, कृषि उद्योग से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधि और कृषि वैज्ञानिक भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र की चुनौतियों, संभावनाओं और भविष्य की जरूरतों पर व्यापक विचार-विमर्श करना है।

सम्मेलन में लगभग 20 प्रगतिशील किसान और पद्मश्री सम्मान से सम्मानित हस्तियां अपने अनुभव साझा करेंगी। ये किसान खेती में किए गए नवाचारों, आधुनिक कृषि पद्धतियों, विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष और अपनी सफलता की कहानियों के माध्यम से अन्य किसानों को प्रेरित करेंगे। सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं, किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल तथा कृषि को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने जैसे विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट है कि कृषि को केवल परंपरागत व्यवसाय के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार से जुड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित करना होगा। किसानों की भागीदारी, उनकी क्षमताओं का विकास और कृषि क्षेत्र में नए प्रयोग ही विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार करेंगे।

टेक ऑफ के दौरान रनवे से फिसल विमान पायलेट समेत सभी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब टेक-ऑफ के दौरान एक ट्रेनिंग विमान रनवे से फिसल गया। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट विमान को टेक-ऑफ कराने की कोशिश कर रहा था, जिससे विमान रनवे से बाहर हो गया। पायलट को कोई चोट नहीं आई है। विमान में कितने लोग सवार थे, पता नहीं चल पाया है। विमान आगे की ओर झुका हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका अगला हिस्सा जमीन को छू रहा है। ये विमान एक महिला ट्रेनी पायलट उड़ा रही थी।



पंजाब कांग्रेस ने चलाया चुनाव के पहले जनसंपर्क अभियान

'पंजाब मंगदा इंसाफ' अभियान चलाया मान सरकार पर बरसे

चमकौर साहिब से कांग्रेस ने शुरू की 'जवानी संभाल यात्रा'

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

कांग्रेस की पंजाब इकाई ने 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले जनसंपर्क अभियान के तहत गुरुवार को अपनी 'जवानी संभाल साइकिल यात्रा' शुरू की, जिसका नेतृत्व पार्टी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने चमकौर साहिब से किया। चमकौर साहिब से यात्रा को रवाना किए जाने के मौके पर कांग्रेस महासचिव एवं पंजाब प्रभारी सचिन पायलट और पार्टी की प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। जालंधर से मौजूदा सांसद चन्नी पूर्व में चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा और विजय इंदर सिंगला, राणा गुरजीत सिंह तथा सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे।



28 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी यात्रा

8 दिन की यह यात्रा पहले चरण में 28 विधानसभा क्षेत्रों से होकर करीब 625 किमी की दूरी तय करेगी। इस मौके पर पायलट ने नशे और भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों को लेकर मान सरकार पर निशाना साधा। पायलट ने विश्वास जताया पंजाब में कांग्रेस सत्ता में लौटेगी। चन्नी ने कहा कि लोग आप को सत्ता से हटाने चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने नशे, गैंगस्टर, अवैध खनन और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर मान सरकार को घेरा।

जोशी ने केवीएस की 3 प्रमुख डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया

प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छात्रों के हित में स्कूली शिक्षा व्यवस्था में विस्तार किया

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) की 3 अहम डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया। इनमें 'समीक्षा' एआई बॉट से युक्त एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र , केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल तथा केवीएस एलुमनाई कनेक्ट पोर्टल शामिल हैं। ये पहल प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं सुचारु प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। इनको राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने और डिजिटल इंडिया के विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम बताया।



इसका और विस्तार किया जाएगा

जोशी ने सुझाव दिया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) के सहयोग से इस पहल का विस्तार केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) से आगे बढ़ाकर संपूर्ण स्कूली शिक्षा व्यवस्था तक किया जाए।

ये रहे 3 नए कदम

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र छात्रों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन, विद्यालयों के बुनियादी ढांचे और प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड उपलब्ध कराता है। इसका 'समीक्षा' एआई बॉट उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर कमियों की पहचान करता है।

केवीएस-संवाद- पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल

केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल से अभिभावक विद्यालय से सीधे जुड़ सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म छात्रों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम की प्रगति, शैक्षणिक परिणाम, शिक्षण संसाधनों और डिजिटल छात्र पहचान पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

केवीएस एलुमनाई पोर्टल : केवीएस एलुमनाई पोर्टल पूर्व छात्रों को अपने विद्यालयों तथा पूर्व छात्रों से दोबारा जुड़ने, अनुभवों को साझा करने में मदद देगा।

पश्चिमी देशों के प्रतिबंध के बावजूद जीवाश्म ईंधन का निर्यात

भारत का रूस से तेल आयात अक्टूबर में रिकॉर्ड 640 करोड़ यूरो पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्व दिसंबर, 2022 के बाद के सबसे ऊंचे मासिक स्तर पर पहुंचा

भारत ने अक्टूबर में रूस से रिकॉर्ड 640 करोड़ यूरो के ईंधन की खरीद की है। कच्चे तेल के आयात में तेज वृद्धि इसकी प्रमुख वजह रही। इससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद रूस का जीवाश्म ईंधन निर्यात से राजस्व दिसंबर, 2022 के बाद के सबसे ऊंचे मासिक स्तर पर पहुंच गया। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) के मासिक विश्लेषण के अनुसार, ''भारत अक्टूबर, 2026 में रूस के जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। उसने कुल 640 करोड़ यूरो के रूसी हाइड्रोकार्बन का आयात किया, जो जनवरी, 2022 से उपलब्ध आंकड़ों में उसका सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है।

कच्चे तेल के आयात में तेज वृद्धि इसकी प्रमुख वजह

भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 फीसदी

भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 प्रतिशत रही, जिसका मूल्य 580 करोड़ यूरो था। कोयला (33.3 करोड़ यूरो) और तेल उत्पाद (23.2 करोड़ यूरो) शेष मासिक आयात में शामिल रहे।'' चीन, रूस के जीवाश्म ईंधन का सबसे बड़ा वैश्विक खरीदार बना रहा। शीर्ष पांच आयातकों से रूस के निर्यात राजस्व में उसकी हिस्सेदारी 51 प्रतिशत यानी 1,070 करोड़ यूरो रही।



भारत की तीन रिफाइनरी सबसे बड़ी आयातक

सीआरईए ने कहा, ''अक्टूबर, 2026 में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात पिछले महीने की तुलना में 10 प्रतिशत बढ़ा। भारत की तीन सबसे बड़ी आयातक रिफाइनरी इकाइयों में रूसी कच्चे तेल का आयात बढ़ा। इनमें नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी में 12 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जामनगर रिफाइनरी में 22 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की पारादीप रिफाइनरी में 28 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई।''

जामनगर रिफाइनरी सबसे बड़ी आयातक

सीआरईए ने कहा कि इस वृद्धि से जामनगर रिफाइनरी एक बार फिर समुद्र के रास्ते आने वाले रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी आयातक बन गई है। अक्टूबर, 2026 में यूरोपीय संघ रूस के जीवाश्म ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। शीर्ष पांच आयातकों से रूस के निर्यात राजस्व में उसकी हिस्सेदारी 11 प्रतिशत यानी 220 करोड़ यूरो थी। रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल करने वाली भारत, तुर्किये और बुनेई की रिफाइनरियों ने रूस के फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद उस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों को 160 करोड़ यूरो के तेल उत्पादों का निर्यात किया।

निर्यात से राजस्व छह प्रतिशत बढ़ा

अनुमान है कि इनमें से 38.9 करोड़ यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे। इस बीच, समुद्र के रास्ते कच्चे तेल के निर्यात से होने वाली कमाई 23 प्रतिशत बढ़कर प्रतिदिन 35.2 करोड़ यूरो हो गई। सीआरईए के जनवरी, 2022 में आंकड़े जुटाना शुरू करने के बाद यह सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। पाइपलाइन के जरिये कच्चे तेल के निर्यात से राजस्व में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यूराल्स का भाव 13 प्रतिशत बढ़ा

रूस के यूराल्स कच्चे तेल का औसत भाव 13 प्रतिशत बढ़कर 101.7 डॉलर प्रति बैरल हो गया। यह अक्टूबर, 2021 के बाद का सबसे ऊंचा मासिक औसत है और एक फरवरी, 2026 से लागू यूरोपीय संघ तथा ब्रिटेन की 44.1 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा का दोगुने से भी अधिक है।

राजस्थान में युवाओं के लिए रोजगार का नया विकल्प बना रिटेल क्षेत्र

नई दिल्ली। राजस्थान के युवाओं के लिए संगठित खुदरा कारोबार में रोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं। सैमसंग के डीओएसटी कार्यक्रम के तहत नसीराबाद, सीकर, सालासर, बाड़मेर, भीलवाड़ा और जोधपुर के युवा बिक्री, ग्राहक सेवा और स्टोर संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं।नसीराबाद की 12वीं पास चांदनी इस कार्यक्रम के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने और परिवार की मदद करने की तैयारी कर रही हैं। वहीं, सीकर के राजेश ग्राहकों को मोबाइल की खूबियां समझाने, ऑफर की जानकारी देने और उनकी जरूरत के अनुसार फोन चुनने का प्रशिक्षण ले रहे हैं।सालासर के मोहित कुमार बिक्री के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। कार्यक्रम के तहत वे मोबाइल तकनीक, उत्पादों की विशेषताओं और स्टोर प्रबंधन की जानकारी हासिल कर रहे हैं। बाड़मेर के भरत को मोबाइल रिपेयरिंग के शुरुआती अनुभव के बाद खुदरा कारोबार की व्यापक समझ मिल रही है।भीलवाड़ा की वंदना दमामी अपनी ग्राहक सेवा और बातचीत करने की क्षमता बेहतर बना रही हैं। वहीं, जोधपुर के ईश्वर को इस कार्यक्रम से सरकारी नौकरी की तैयारी के साथ रोजगार का एक नया विकल्प मिला है।कार्यक्रम में ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण के साथ स्टोर पर काम करने का अनुभव दिया जाता है।

सोना 2,200 रुपये और टूटा, चांदी रही स्थिर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा। कमजोर घरेलू बाजार के बीच बृहस्पतिवार को सोना 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार के बंद भाव 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। हालांकि, चांदी की कीमत 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि वैश्विक बाजार में हाजिर सोने का भाव एक प्रतिशत यानी 39.93 डॉलर गिरकर 3,950 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गया। इसकी प्रमुख वजह अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा। चांदी की कीमत भी 1.17 प्रतिशत गिरकर 51.06 डॉलर प्रति औंस रह गई।

स्मार्ट तकनीक से लैस वॉटर और रूम हीटर बाजार में उतरे

नई दिल्ली। सर्दियों के मौसम को देखते हुए घरेलू उपकरणों के बाजार में वॉटर हीटर और रूम हीटर की नई रेंज पेश की गई है। सिग्निफाई ने अपने ईकोलिंक ब्रांड के तहत स्टोरेज और इंस्टेंट वॉटर हीटर के साथ ऑयल-फिल्ड रेडिएटर (ओएफआर) रूम हीटर लॉन्च किए हैं।नई वॉटर हीटर रेंज में थर्मोक्वाड स्मार्ट मॉडल भी शामिल हैं। इनमें विज ऐप के जरिए मोबाइल कनेक्टिविटी और अमेजन एलेक्सा, गूगल असिस्टेंट तथा एप्पल सिरी शॉर्टकट्स से आवाज के माध्यम से नियंत्रण की सुविधा दी गई है। कंपनी के अनुसार, इन उपकरणों को भारतीय घरों में इस्तेमाल होने वाली परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। खासतौर पर खारे पानी से होने वाली परेशानी को देखते हुए तकनीक और उत्पाद की मजबूती पर ध्यान दिया गया है। कंपनी का उद्देश्य बेहतर डिजाइन, प्रदर्शन और टिकाऊपन वाले घरेलू उपकरण उपलब्ध कराना है।

सार्वजनिक सूचना

मैं, जिम मैथ्यू जोसेफ (**Jim Mathew Joseph**), पुत्र श्री. के. एम. जोसेफ, आयु लगभग 49 वर्ष निवासी C-11A, आर्डीसिटी, सेक्टर 52, गुरुग्राम–122003, हरियाणा, भारत, जिसे जिम मैथ्यू (**Jim Mathew**) के नाम से भी जाना जाता है, घोषित करता हूँ कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम हैं, मेरा उपनाम जोसेफ (**Joseph**) है।

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन भी रही तेजी

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। विदेशी निवेशकों की लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सेंसेक्स और निफ्टी मामूली तेजी के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 31.61 अंक प्रतिशत चढ़कर 81,911.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 82,325.61 अंक के ऊपरी स्तर तक गया और 81,576.15 अंक के निचले स्तर तक आया। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 44.30 अंक की बढ़त के साथ 25,299.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और इटर्नल के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, पावर ग्रिड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर गिरावट में रहे।

- विदेशी निवेशकों की लिवाली से मिला समर्थन

एयरटेल का तीन माह बाद 299 रुपये वाला प्लान आया वापस

मुंबई। एयरटेल ने अपना पुराना 299 रुपए वाला प्रीपेड रिचार्ज प्लान फिर से शुरू कर दिया है। एयरटेल ने करीब तीन महीने पहले इस प्लान को बंद कर दिया था। इसके बाद ग्राहकों के पास 28 दिन की वैलिडिटी वाला रोजाना डेटा प्लान लेने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने का विकल्प बचा था। अब कंपनी ने 299 रुपए का प्लान वापस तो ला दिया है, लेकिन इसमें एक बदलाव किया गया है। पहले रोज 1.5 जीबी डेटा मिलता था, अब सिर्फ 1 जीबी डेटा मिलेगा। यह बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब एयरटेल के मोबाइल ग्राहकों की संख्या बढ़ने की रफ्तार धीमी हुई है और कंपनी का नेटवर्क छोड़ने वाले ग्राहकों का अनुपात भी बढ़ा है। ऐसे में 299 रुपए का प्लान वापस लाने के फैसले को कस्टमर्स को रोकने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। एयरटेल के वापस लाए गए 299 रुपए वाले प्रीपेड प्लान में 28 दिन की वैलिडिटी मिलती है। इसमें हर दिन 1 जीबी हाई-स्पीड डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और रोजाना 100 एसएमएस मिलते हैं। इस तरह पूरे 28 दिन में ग्राहक को कुल 28 जीबी डेटा मिलेगा। पहले इसी कीमत पर रोज 1.5 जीबी डेटा मिलता था। यानी पुराने प्लान के मुकाबले अब हर दिन 500 एमबी डेटा कम मिलेगा।

भारतीय कंपनियों के लिए ओपनएआई की नई सुविधा

नई दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओपनएआई ने बृहस्पतिवार को भारत में अपने एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के लिए एआई अनुरोधों का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण शुरू करने की घोषणा की। इससे पात्र कंपनियां और डेवलपर उसके जीपीटी-6 लूना मॉडल पर आधारित चुनिंदा कार्यों का प्रसंस्करण देश के भीतर ही कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य कंपनियों की डेटा को देश के भीतर ही रखने संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है। एआई कंपनी ने बयान में कहा कि इस सुविधा के तहत संबंधित अनुरोधों का प्रसंस्करण और जवाब तैयार करने के लिए मॉडल की गणना, दोनों भारत में ही होंगी। इसके अलावा, सुविधा के दायरे में आने वाले ग्राहकों की सामग्री भी देश में ही संग्रहीत की जाएगी। ओपनएआई में भारत के लिए उद्यम कारोबार के प्रमुख नितिन बावनकुले ने कहा कि कुछ भारतीय कंपनियां महत्वपूर्ण कार्यों के लिए एआई का इस्तेमाल पूरी तरह शुरू नहीं कर पाई हैं, क्योंकि उनके लिए जरूरी है कि संबंधित सूचनाओं का प्रसंस्करण देश के भीतर ही हो।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPc/84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फैजल पुत्र साबिर निवासी बी–431, संगम पार्क, राणा प्रताप बाग, भारत नगर, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली** ने **FIR No. 290/2022 U/S 279/337 IPC & 3/181 MV ACT, अन्तर्गत थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फैजल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फैजल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोशणा की जाती है कि **FIR No. 290/2022 U/S 279/337 IPC & 3/181 MV ACT, अन्तर्गत थाना रूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फैजल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री राशि रहेजा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–13
केंद्रीय, कमरा संख्या 33, भूतल
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

DP/15138/NW/2026(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रशांत उर्फ छोटू बंगाली** पुत्र फूल प्रसाद निवासी 197, नेहरू मार्केट, बदरपुर (पूर्व), दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 210/22 धारा 411 भा.द.स., थाना कल्याणपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रशांत उर्फ छोटू बंगाली** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रशांत उर्फ छोटू बंगाली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 210/22 धारा 411 भा.द.स., थाना कल्याणपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रशांत उर्फ छोटू बंगाली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसारः **सुश्री प्रज्ञा गुप्ता,**
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (पूर्व)
कमरा नं. 29,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16287/ED/2026

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

छठ गीतों की गूंज के साथ भारत की पहली "अमृत भारत" ट्रेन नई दिल्ली से पटना के लिए रवाना

नई दिल्ली। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक पहल की है। भारत की पहली अत्याधुनिक "अमृत भारत" (**Amrit Bharat** 3.0) ट्रेन को 11 नवंबर की मध्य रात्रि छठ पूजा स्पेशल ट्रेन के रूप में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पटना के लिए रवाना किया गया। ट्रेन के प्रस्थान के समय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का पूरा परिसर छठ के पारंपरिक लोकगीतों से गूंज उठा, जिससे यात्रियों में भारी उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने भारतीय रेलवे की इस पहल का जोरदार स्वागत किया। प्रमुख विशेषताएं: आधुनिक सुविधाएं: अमृत भारत 3.0 ट्रेन को आम और मध्यम वर्ग के यात्रियों को ध्यान में रखकर पूरी तरह आधुनिक तकनीक से डिजाइन किया गया है। इसमें आरामदायक सीटें, बेहतर सस्पेंशन, आधुनिक शौचालय और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुरक्षा और गतिः पुश-पुल तकनीक से लैस यह ट्रेन तेज रफ्तार के साथ-साथ झटकारहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करती है। त्योहारी भीड़ से राहतः छठ पर्व के दौरान दिल्ली और बिहार के बीच होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह विशेष ट्रेन यात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी।

भारत में रोजगार पर एआई का स्पष्ट असर नहीं : मूडीज

नई दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) से उत्पादकता बढ़ने की संभावना है, वहीं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं और बीपीओ क्षेत्र पर अधिक निर्भरता वाले उभरते बाजारों में रोजगार के अवसर प्रभावित होने का जोखिम भी है। हालांकि, भारत में अभी तक इसका कोई स्पष्ट असर नहीं देखा गया है। मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही। मूडीज ने अपनी रिपोर्ट 'वैश्विक उभरते बाजार परिदृश्य 2027' में कहा कि अधिकांश उभरते बाजारों के लिए कंप्यूटिंग क्षमता, डिजिटल बुनियादी ढांचे और कौशल तक अपर्याप्त पहुंच एआई से मिलने वाले लाभ हासिल करने की उनकी क्षमता को तेजी से प्रभावित कर सकती है। रिपोर्ट कहती है, ''सॉफ्टवेयर, आईटी और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) क्षेत्र पर अधिक निर्भरता वाले उभरते बाजारों में एआई उत्पादकता बढ़ाने के साथ रोजगार के अवसरों को प्रभावित करने का जोखिम भी पैदा कर सकता है।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

हर्बल क्रांति से रुकेगा उत्तराखंड से पलायन, पहाड़ के गांवों में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, मंत्रियों ने

हरिद्वार। उत्तराखंड में पलायन की समस्या पर अंकुश लगाने और पहाड़ के गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अब हर्बल खेती और औषधीय पौधों की कृषि को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार उत्तराखंड को हर्बल स्टेट बनाने की दिशा में प्रयासरत है। प्रथम हर्बल कुंभ एवं द्वितीय धन्वंतरि महोत्सव के दूसरे दिन मालागांव में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी, ग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी और बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि पतंजलि के प्रयास उत्तराखंड में हर्बल क्रांति लाने और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हर्बल कुंभ अपने उद्देश्य में सफल रहा है। खेती-किसानी, कुटीर उद्योग, स्वरोजगार और ग्रामीण विकास इस आयोजन के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि हर्बल कुंभ उत्तराखंड की समृद्धि के साथ पहाड़ों से पलायन रोकने में भी अहम भूमिका निभाएगा। यह आयोजन कृषि आधारित नवाचार का विश्वस्तरीय केंद्र बनेगा। पतंजलि ने परम पूज्य स्वामी रामदेव के मार्गदर्शन में योग और आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। श्री धन्वंतरि धाम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यहां प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना उसकी सुंदरता और दिव्यता को निखारा गया है। भविष्य में यह धाम पूरी दुनिया को जोड़ने का माध्यम बनेगा। हर्बल खेती से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्थाग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी ने कहा कि उत्तराखंड जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक संपदा से समृद्ध प्रदेश है। यहां औषधीय पौधों की खेती के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी जा सकती है। सरकार हर व्यक्ति को सरकारी नौकरी नहीं दे सकती, इसलिए स्वरोजगार को बढ़ावा देना जरूरी है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने श्री धन्वंतरि धाम के विकास के लिए आचार्य बालकृष्ण की सराहना की।



भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला - कबीरधाम (छ.ग.)
टेली फैक्स : 07740-252273 email: bssukml@gmail.com

// पुनः ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

Contact No. - 09454221467, 7599421014, 08305143251, 09893404589

निविदा विज्ञप्ति क्र. -12 दिनांक- 12/11/2026

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला–कबीरधाम में विभिन्न शुगर पैकिंग सामग्री, विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री क्रय/कार्य हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मों/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाइट में जाकर ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/-रु. (1000/-रु. + 311/-रु. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाइट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	विवरण	निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय	निविदा खोलने तिथि एवं समय
1	पुनः ई-निविदा सूचना क्रमांक-203824 (OEM & Authorized Dealer) Laboratory Chemicals, and apparatus, gear Box, PP & Jute Bags, Portable Sugar bag Belt Conveyor Etc.	दिनांक 13/11/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 20/11/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 20/11/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से

निविदा की नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या.
कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

शब्द पहेली - 6405

1	2	■	3	4	■	5	6	■	7	8
9		10	■	11	12	■	13	14	■	
■	15		16	■	17	18	■	19	20	■
21	■	22		23	■	24	25	■	26	27
28	29	■	30		31	■	32	33	■	
■	34	35	■	36		37	■	38	39	■
40	■	41	42	■	43		44	■	45	46
47	48	■	49	50	■	51		52	■	
■	53	54	■	55	56	■	57		58	■
59	■	60	61	■	62	63	■	64		65
66		■	67		■	68		■	69	

■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाएँ
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

ऊपर से नीचे
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

शब्द पहेली- 6404 का हल

■	ल	ज्ज	त	दा	र	■	क	र	त	ब
म	त	■	क	■	ज	टि	ल	■	वा	र
न	■	क	श	मा	त	■	म	य	■	ग
भा	गी	दा	र	■	प	ल	■	म	द	द
व	■	चा	■	अ	ट	ल	■	■	श	■
न	ज	र	बं	द	■	का	न	भ	र	ना
■	मी	■	■	र	न	र	■	ड़	■	म
अ	न	ल	■	क	र	■	अ	क	ब	र
म	■	ता	क	■	क	त	र	ना	■	ख
रू	ह	■	ह	ल	वा	■	दा	■	आ	ना
द	म	दा	र	■	स	न	स	ना	ना	■



न्यूजीलैंड के जैकब्स ने लिस्ट- ए मैच में लगाए 21 छक्के, विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज बेवन जैकब्स ने अपने लिस्ट-A करियर में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया। इस समय खेली जा रही फोर्ड ट्रॉफी के मुकाबले में ऑकलैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने ओटागो के खिलाफ नाबाद 202 रन बनाए। यह उनके लिस्ट-ए करियर का पहला ही दोहरा शतक साबित हुआ। उन्होंने अपनी इस अविश्वसनीय पारी में 21 छक्के लगाए।



जोरदार रही जैकब्स की पारी

ऑकलैंड की ओर से खेलते हुए जैकब्स ने 132 गेंदों में नाबाद 202 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 21 छक्के शामिल रहे। ओटागो के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने दोहरा शतक लगाया। उनकी पारी की मदद से ऑकलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के बाद 334/8 का स्कोर बनाया। जवाब में ओटागो ने 49.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया। जैकब्स का दोहरा शतक भी जीत नहीं दिला सका।

दोहरा शतक लगाने वाले चौथे कीवी बल्लेबाज

दाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज जैकब्स अब लिस्ट-**A** एक्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के सिर्फ चौथे बल्लेबाज बने हैं।उनसे पहले जेमी हाऊ, मार्टिन गुप्टिल, और वैड बोव्स ऐसा कर चुके थे। इनमें से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक सिर्फ गुप्टिल (बनाम वेस्टइंडीज, 2015) ने लगाया हुआ था। वहीं, हाऊ ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से और बोव्स ने कैंटरबरी का प्रतिनिधित्व करते हुए ऐसा किया है।

टी-20 सीरीज में खेलते हुए दिखे थे जैकब्स

जैकब्स हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने सीरीज में क्रमशः 31, 58, 39*, 7 और 1 रन के स्कोर किए थे। न्यूजीलैंड की ओर से उन्होंने 16 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 31.90 की औसत और 144.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 319 रन बनाए हैं। उन्होंने कोई वनडे अंतरराष्ट्रीय नहीं खेला है। अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 29 पारियों में 870 रन बनाए हुए हैं।

छक्कों का विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

जैकब्स अब लिस्ट-ए क्रिकेट की एक पारी में दूसरे सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। बता दें कि यह विश्व रिकॉर्ड डार्सी शॉर्ट के नाम पर दर्ज है, जिन्होंने 2018 में क्वींसलैंड के खिलाफ 23 छक्के लगाए थे। इन दोनों के अलावा किसी अन्य बल्लेबाज ने एक पारी में 20 छक्के नहीं लगाए हैं। इस सूची में तीसरे सर्वाधिक छक्के वाले खिलाड़ी नामीबिया के गेरी स्नाइमैन (17 छक्के बनाम यूएई, 2007) और इयोन मॉर्गन (17 छक्के बनाम अफगानिस्तान, 2019) हैं।

खबर संक्षेप



फिट हुए पंत, न्यूजीलैंड के लिए भरेंगे उड़ान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और कप्तान शुभमन गिल के लिए राहत की खबर है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस मिल गया है। वह जल्द ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पंत ने 10 और 11 नवंबर को फिटनेस और सिमुलेशन (अभ्यास आधारित परीक्षण) से जुड़े 2 परीक्षण दिए थे। इसके बाद गुरुवार 12 नवंबर को उन्हें सीओई से खेलने की मंजूरी मिल गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आगाज 19 नवंबर से होगा। पहला मुकाबला वेलिंगटन में खेला जाएगा। वहीं, सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में 27 नवंबर से शुरू होगा।

ओम, रथिका, साान्या सिंगापुर क्लासिक के दूसरे दौर में



नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल, रथिका सीलन और सान्या वत्स ने अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सिंगापुर क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी संदेश पलानीवेल रविकुमार हालांकि इस 15,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में हार गए। पुरुष वर्ग में विश्व के 149वें नंबर के खिलाड़ी सेमवाल ने 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर के आरोन लियांग को 15-13, 6-11, 13-15, 11-9, 11-8 से हराया। महिला वर्ग में रथिका ने सिंगापुर की जयना लिम को 11-7, 12-10, 11-9 से जबकि सान्या ने मिस्र की क्लारा ड्वेरी को 10-12, 11-6, 11-8, 11-5 से हराया।

आज से आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप



इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में आज 13 से 21 नवंबर तक खेली जाने वाली आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में 32 देशों के पुरुष और महिला खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे और प्रतियोगिता में कुल 40,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि दांव पर होगी। भारतीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर महासंघ के महासचिव सुनील बजाज ने संवाददाताओं को बताया कि प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ ही अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, पाकिस्तान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और सऊदी अरब समेत 32 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया,''भारत में इस चैंपियनशिप का आयोजन तीसरी बार हो रहा है। इससे पहले, 1964 में कोलकाता और 2014 में बेंगलुरु में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच चौथा एक दिवसीय मैच आज

वनडे कप्तानी में डेब्यू पर छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस, भारत की निगाह शृंखला जीतने पर

एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई

नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस प्रारूप में कप्तानी के अपने पदार्पण पर विशेष छाप छोड़ना चाहेंगे जिसमें भारतीय टीम की निगाह श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी।

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे है और टीम में कुछ बदलाव के बावजूद वह जीत का प्रबल दावेदार है। तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद अब न्यूजीलैंड के पास केवल श्रृंखला बराबर करने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। अब सीरीज का चौथा मैच 13 नवंबर को बे ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा।



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

न्यूजीलैंड के लिए यंग ने पिछले 10 मैचों में 212 रन बनाए हैं। वहीं, केली के बल्ले से पिछले 4 मैचों में 52.25 की औसत से 209 रन निकले हैं। भारत के लिए रोहित ने पिछले 10 मैचों में 55.78 की औसत से 502 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली के बल्ले से पिछले 9 मैच में 393 रन निकले हैं। डफी ने पिछले 7 मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। बरार ने पिछले 9 मैच में 15 विकेट लिए हैं।

विराट और राहुल का अच्छा प्रदर्शन

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने यहां पर इकलौती पारी में 112 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने इस मैदान पर 3 पारियों में 37.33 की औसत से 112 रन बनाए हैं। युजवेंद्र चहल ने इस मैदान पर 3 पारियों में 21.42 की औसत से 7 विकेट लिए थे। कुलदीप यादव ने यहां पर 2 वनडे में 21.00 की औसत से 4 विकेट चटकाए हैं।

संभावित एकादश

भारत : रोहित शर्मा, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नमन धीर, अक्षर पटेल, आकिब नबी, गुरनूर बरार, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड : टिम साइफर्ट, विल यंग, फिन एलन, निक केली, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, काइल जैमीसन, जैकब डफी, मैट हेनरी और ब्रेट रैंडेल।

टेस्ट सीरीज के लिए टीम से हटे गिल

बता दें कि गिल 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला की तैयारी के लिए टीम से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह अय्यर भारत की कप्तानी करेंगे जो पहले दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। शॉर्ट पिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर उजागर हो गई हैं। केएल राहुल और अंशुल कंबोज भी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए टेस्ट टीम से जुड़ गए हैं।

भारत ने बे ओवल में जीते हैं 2 वनडे मैच

भारत ने बे ओवल में अब तक 3 वनडे खेले हैं, जिसमें 2 में जीत दर्ज की है और एक में हार झेली है। बे ओवल में न्यूजीलैंड ने कुल 12 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें से 7 में जीत हासिल की है और 5 में शिकस्त का सामना किया है। इस मैदान पर दोनों टीमें 2020 में आखिरी बार आपस में भिड़ी थी, जिसे न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से जीता था।

ऐसी है बे ओवल की पिच रिपोर्ट

बे ओवल की पिच में गेंदबाजी की तुलना में बल्लेबाजी करना आसान माना जाता है। नई गेंद से तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलती है, लेकिन पिच में एक समान उछाल के चलते ज्यादातर बल्लेबाज हावी रहते हैं। यहां पर स्पिन गेंदबाजों के लिए कुछ खास मदद नहीं है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 268 रन है। यहां पर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 7 बार जीत दर्ज की है।

सबालेंका को हराकर मीरा सेमीफाइनल में

डब्ल्यूटीए फाइनल्स



एजेंसी ▶▶ इंडियन वेल्स

मीरा एंड्रीवा ने अपने ग्रुप मैच में एरिना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट की सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की। तीसरी वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने सबालेंका को 6-4, 6-0 से हराया। वह पहले सेट में सबालेंका से 1-4 से पिछड़ रहीं थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले 23 में से 20 अंक जीतकर 62 मिनट में जीत हासिल की और इस तरह से ग्रुप दो में शीर्ष स्थान हासिल किया। एंड्रीवा ने राउंड रोबिन आधार पर होने वाले ग्रुप मैचों में अपने दोनों मैच जीते हैं।

शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा

इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी खिलाड़ी का निर्धारण सबालेंका और एलिना स्वितोलिना के बीच होने वाले मैच से होगा। सबालेंका ने अपने पहले मैच में कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेटों में हराया था। शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच खेली जा रही इस प्रतियोगिता में स्वितोलिना को अपने पहले मैच में एंड्रीवा से 6-4, 6-0 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद मुचोवा को 3-6, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार वापसी की।

बैडमिंटन

श्रीकांत और लक्ष्य कुमामोतो मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶ कुमामोतो (जापान)

भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल करके पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी कोदाई नाराओका को 21-15, 11-21, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। अब उनका मुकाबला जापान के एक अन्य खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज कोकी वातानाबे से होगा।

लक्ष्य ने चीन के डोंग को हराया

जर्मनी में हाइलो ओपन जीतने वाले आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के डोंग तियान याओ को 21-8, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 10वें स्थान पर हैं और चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी।

युवा ओलंपिक : अंबेकर मीतेई ने रचा इतिहास भारत को दिलाया मुक्केबाजी का पहला गोल्ड

डकार (सेनेगल)। एल अंबेकर मीतेई ने युवा ओलंपिक खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में बृहस्पतिवार को यहां स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अंबेकर मीतेई पुरुषों के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में आयरलैंड के क्रिस्टियन जुबानी को 3-2 से शिकस्त देकर इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले देश के पहले मुक्केबाज बन गये। इससे पहले इस प्रतियोगिता में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 के युवा ओलंपिक में रहा था जब शिव थापा ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। विकास कृष्ण ने भी 2010 में सिंगापुर में आयोजित युवा ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल किया था। पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में अभ्यास करने वाले अंबेकर ने फाइनल तक का सफर शानदार अंदाज में तय किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पहले ही दौर में नामीबिया के अब्राहम कालेन्गा को मुकाबले से बाहर कर दिया। इसके बाद सेमीफाइनल में कोलंबिया के इज्जोन जेफ्री गैलेया अरेवालो को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मणिपुर के अंबेकर ने फाइनल में भी गजब का संयम और आत्मविश्वास दिखाया।

विवान ने ट्रैप स्पर्धा में जीता रजत, ओलंपिक कोटा हासिल किया

दोहा। जयपुर के विवान कपूर बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुष ट्रैप स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से बेहद करीब से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस उपलब्धि से उन्होंने हालांकि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भारत का एक कोटा भी पक्का कर दिया। उनसे पहले पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतने वाले नीरज कुमार भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

शूट ऑफ में एक निशाना चूका : हालांकि शूट-ऑफ में विवान एक क्ले बर्ड पर निशाना लगाने से चूक गए और कुवैत के अब्दुलरहमान अलफैहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। निर्धारित मुकाबले में दोनों निशानेबाजों ने 30 में से 29 अंक हासिल किए थे जिसके बाद विजेता का फैसला शूट-ऑफ से हुआ। इस रजत पदक के साथ विवान अत्यंत प्रतिस्पर्धी पुरुष ट्रैप स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए।

रायचंदानी के 93 रन से भारत फाइनल में

अंडर-19 एशिया कप खिताब के लिए भारत-पाक में भिड़ंत कल

एजेंसी ▶▶ अल अमेरात (ओमान)

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी की 93 रन की शानदार पारी के दम पर भारत ने बृहस्पतिवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली।

खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से शनिवार 14 नवंबर को होगा। तेज गेंदबाज ईशान सूद की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने अफगानिस्तान को निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 227 रन के स्कोर पर रोक दिया। भारत ने 36.5 ओवर में दो विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को नौ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। पाकिस्तान ने लीग चरण में भी भारत को शिकस्त दी थी।



रायचंदानी, सहवाग व विनीत ने ठोकी फिफ्टी

कप्तान रायचंदानी ने 90 गेंद की पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्हें आर्यवीर सहवाग (51) और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाने वाले वीके विनीत (नाबाद 57) का अच्छा साथ मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए रायचंदानी ने अफगानिस्तान के मोहम्मद अली की गेंद पर जोरदार पुल शॉट लगाकर 49 रन तक पहुंचे लक्ष्य ने अपनी पारी की 39वीं गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 103 गेंद में 117 और विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद में 77 रन की साझेदारी कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंदा और एरिगैसी ने फास्ट क्लासिकल में ड्रॉ के साथ शुरू किया अभियान

एजेंसी ▶▶ बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और अर्जुन एरिगैसी ने यहां टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की 'फास्ट क्लासिकल' प्रतियोगिता में दो-दो ड्रॉ के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

प्रज्ञाननंदा को ग्रुप बी में जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने दो बार बराबरी पर रोका, जबकि एरिगैसी ने ग्रुप डी में अमेरिकी खिलाड़ी हैंस नीमन के खिलाफ दोनों बाजियां ड्रॉ खेली। इस तरह से दोनों भारतीय खिलाड़ियों के अब दो-दो अंक हैं।





आर वैशाली की शुरूआत अच्छी नहीं रही

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वह अपने पहले मैच में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव से हार गई जबकि दूसरा मैच उन्होंने ड्रॉ कराया। महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर 25 वर्षीय वैशाली ग्रुप डी में अंतिम स्थान पर हैं। इस ग्रुप में वाचियर-लाग्रेव सबसे आगे हैं। एरिगैसी अपने ग्रुप में नीमन, वेस्ली सो और बिबिसारा असाउबायेवा के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

ग्रुप बी में फैबियानो व लिएम शीर्ष पर

ग्रुप बी में फैबियानो कारुआना और लिएम ले चार-चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि प्रज्ञाननंदा और कीमर दो दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। ग्रुप ए में अलीरेजा फ्रिरोजजा और जान-क्रिस्टोफ़ डुडा में चार-चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इयान नेपोम्नियात्ची ने ग्रुप सी में चार अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली है।

कार्लसन को ड्रा से करना पड़ा संतोष

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के खिलाफ दो ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी ग्रुप सी में दो-दो अंकों के साथ तीसरे स्थान हैं। फास्ट क्लासिकल प्रारूप में प्रत्येक खिलाड़ी को 45 मिनट का समय मिलता है। पहली चाल से प्रत्येक चाल पर 30 सेकंड का अतिरिक्त समय जुड़ता जाता है।



यह जानकारी रक्षा मंत्री ने गुरुवार को नई दिल्ली में वायुसेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी है

हमारी तैयारी ऐसी हो जिससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने या संभलने का मौका न मिलेः राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए गए दो दिवसीय वायुसेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित किया। जिसमें अपने संबोधन में उन्होंने मौजूदा दौर में तेजी के साथ होती तकनीकी प्रगति तथा युद्ध की लगातार बदलती प्रकृति के मुताबिक सेना, वायुसेना और नौसेना से अपनी आक्रामक और रक्षात्मक दोनों क्षमताओं को 360 डिग्री मजबूत बनाने का आह्वान किया है। राजनाथ ने कहा कि रक्षा बलों को ऐसी तैयारी विकसित करनी पड़ेगी। जिससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने या संभलने का मौका न मिले। इसके अलावा हमें ये भी सुनिश्चित करना पड़ेगा कि हम कभी भी दुश्मन की किसी भी अप्रत्याशित कार्रवाई के खिलाफ अचरज में न पड़ जाएं।

हालांकि यहां ये भी स्पष्ट करना जरूरी है कि चौंकाने वाला तत्व पारंपरिक, इलेक्ट्रॉनिक दोनों प्रकार से सामने आ सकता है। 2026 में वायुसेना के इस सम्मेलन का विषय 'सशक्तीकरण का वर्षः विकेंद्रीकरण के माध्यम से दक्षता को अधिकतम बनाना है'। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

साइबर, अंतरिक्ष युद्ध के लिए बनाएं सिद्धांतः रक्षा मंत्री के मुताबिक, समकालीन संघर्ष का तेजी से विस्तार हो रहा है। जिसमें ये पारंपरिक से इतर गैर-पारंपरिक क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं और इनमें मिसाइलें, ड्रोन तथा अत्याधुनिक हथियार प्रणालियां अहम भूमिका निभा रही हैं। रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्ध की मिसाल देते हुए उन्होंने कहा कि ड्रोन, वायु रक्षा प्रणालियों का इस्तेमाल बढ़ा है। वायुसेना के कमांडरों से आग्रह करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वो कामिकाजी ड्रोन, निगरानी व ड्रोन रोधी अभियानों जैसी उभरती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए हमेशा तैयार रहें। साथ ही हवाई बल को इलेक्ट्रॉनिक, साइबर और अंतरिक्ष युद्ध जैसे उभरते हुए क्षेत्रों के लिए भी एक समर्पित सिद्धांत और ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है। क्योंकि इन क्षेत्रों में बेहतर तैयारी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में हमें मदद करेगी।

सिर्फ विमानों की संख्या से नहीं चलेगा कामः उन्होंने साफ किया कि आगामी वक्त में युद्ध में जीत केवल विमानों की संख्या से नहीं मिलेगी। बल्कि इसका निर्धारण तकनीकी सुधार, तेजी के साथ की गई प्रतिक्रिया और सटीक तैयारियों पर निर्भर करेगी। रक्षा मंत्री ने कमांडरों से उभरती हुई चुनौतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, संस्थागत सोच, योजना निर्माण तथा परिचालन प्रक्रियाओं में इनका समावेश करने पर जोर दिया है।

वर्तमान में संगठनात्मक ढांचे, संयुक्तता और एकीकरण को लेकर बदलाव जारी हैं। लेकिन किसी भी दृष्टिकोण को अपनाने से पहले सैन्य तैयारियों में हो रहे बदलाव, भावी चुनौतियों को ध्यान में रखना आवश्यक है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में निभाई गई वायुसेना की भूमिका की सराहना की।

अग्निवीरों को यूं दिया सेवा-विस्तारः राजनाथ ने बताया कि अग्निवीरों को दिए गए दो साल के सेवा विस्तार का निर्णय तीनों सेनाओं से मिले सुझावों के आधार पर लिया गया है। सरकार नीतिगत निर्णयों में तीनों सशस्त्र सेनाओं के सुझावों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि हमारे इस कदम से सेना, वायुसेना, नौसेना को और अधिक मजबूती मिलेगी।

डिजिटल प्रयोगों का किया शुभारंभः रक्षा मंत्री ने सम्मेलन में वायुसेना की यूनिट फॉर डिजिटाइजेशन, ऑटोमेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एंड एप्लीकेशन नेटवर्किंग (उड़ान) के एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा आंतरिक रूप से विकसित एआई अनुप्रयोगों के एक समूह का शुभारंभ किया। इन सभी को वायुसेना के सुरक्षित नेटवर्क पर स्थापित किया गया है। सम्मेलन में वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित सहित बल की सभी कमांड के कमांडर, मंत्रालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

लाइबेरिया के ध्वज वाला कच्चे तेल का टैंकर था ये जहाज, प्रोजेक्टाइल से किया गया हमला

यूएई के तट के पास व्यापारिक जहाज पर हुए हमले में सुरक्षित 19 भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध के मध्य एक बार फिर से भारतीय सवार एक व्यापारिक जहाज को हमले के जरिए निशाना बनाया गया है। इस बार मामला संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मीना साकर तट के पास लाइबेरिया के ध्वज वाले कच्चे तेल के एक टैंकर 'एमटी डोमिनिका प्रॉस्पेरिटी' पर प्रक्षेप्य (विस्फोटक से भरे प्रोजेक्टाइल) से किए गए हमले से जुड़ा हुआ है।

जिसके बाद यूएई के तटरक्षकबल द्वारा तेजी के साथ की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप जहाज पर सवार 19 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जहाज में कुल सवारों की संख्या 22 थी, सभी सुरक्षित हैं। यह जानकारी केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि देश के सभी नाविक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमले में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है। हम नाविकों की सुरक्षा और कल्याण को बनाए रखने के लिए जहाज प्रबंधन कंपनी के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। जिसमें लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करने का मुद्दा भी शामिल है।

जहाजों पर हमलों के विरोध में भारत

भारत ने कई मौकों पर इस युद्ध के बीच शांति स्थापित करने के लिए सभी पक्षों से जल्द से जल्द बातचीत और कूटनीति के मार्ग पर लौटने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा कि इलाके में मौजूद बुनियादी नागरिक ढांचे, समुद्री नाविकों को किसी भी प्रकार से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण जलक्षेत्रों में अनिवार्य रूप से व्यापारिक जहाजों की निबाधं आवाजाही को बरकरार रखा जाना चाहिए। नई दिल्ली ने लाइबेरिया के साथ मिलकर मामले पर हालिया वक्त में मित्र देशों के समूह का भी गठन किया है। जिसका उद्देश्य वाणिज्यिक जहाजों पर हमले से जुड़े मामलों को वैश्विक मंचों पर उठाकर दुनिया के सभी देशों का ध्यान आकर्षित करना है। आंकड़ों के हिसाब से इस वक्त भारत के दुनिया के अलग-अलग समुद्री क्षेत्रों में लगभग 3 लाख नाविक काम कर रहे हैं।

वॉशिंगटन में गोलीबारी, 1 की मौत, 4 घायल

वॉशिंगटन। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के पॉश लॉगन सर्कल इलाके में व्हाइट



हाउस से करीब 1.6 किमी दूर गुरुवार तड़के हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 4 अन्य घायल हो गए। गोलीबारी करने वाले हमलावर ने भी खुद को गोली मारकर जान दे दी। गोलीबारी की शुरुआत एक फिटनेस सेंटर के अंदर हुई। हमलावर ने पहले जिम में एक व्यक्ति को गोली मारी। इसके बाद वह बाहर निकलकर फायरिंग करने लगा। उसने एक पार्किंग गैराज में भी गोलियां चलाईं। वहां एक व्यक्ति को गोली लगी।



नेपाल में छोटी बस गहरी खाई में गिरी, 11 लोगों की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में गुरुवार को एक छोटी बस के गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना मकवानपुर जिले में सुबह करीब पौने छह बजे हुई।



मकवानपुर जिला पुलिस के अनुसार यह बस काठमांडू से सरलाही जा रही थी तथा उसमें करीब 17 लोग सवार थे। यह बस भीमफेदी ग्रामीण नगरपालिका में भीमफेदी-कुलेखानी-काठमांडू सड़क पर पहाड़ से लगभग 300 मीटर नीचे जा गिरी। हादसे में चालक समेत 11 लोगों की जान चली गई। 6 घायलों को हेटौडा नगरपालिका क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मारवाह के जंगल में सेना के साथ गए थे सर्चिंग ऑपरेशन में

किश्तवाड़ से लापता दो एसपीओ के शव मिले, हथियार भी गायब

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह के जंगल में बुधवार शाम को लापता हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो एसपीओ के शव मिले हैं। दोनों शव गोलियों से छलनी हैं। उनके पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक 303 राइफल थी। दोनों के ही हथियार गायब हैं। दोनों आर्मी के साथ इलाके में सर्चिंग के लिए गए थे। जब वे लापता हुए थे, तब जंगल से फायरिंग की आवाजें भी सुनाई दी थीं। मृतकों की पहचान रशपाल कुमार और बाबी चंद के रूप में हुई है। दोनों एसपीओ के लापता होने के दौरान इसी इलाके में एयरटेल नेटवर्क सेवाएं बाधित होने की जानकारी भी सामने आई थी। एयरटेल कंपनी ने इसी साल 10 मार्च को मरवाह इलाके में पहली बार मोबाइल नेटवर्क सेवा शुरू की थी।



रशपाल कुमार बाबी चंद

15 अक्टूबर को एसपीओ बशीर अहमद किश्तवाड़ के त्रिगाम स्थित पुलिस पिकेट से सर्विस राइफल के साथ लापता हुए थे। अगले दिन 16 अक्टूबर को उनका शव त्रिगाम के जंगल में एक नाले के पास गड्ढे में दबा मिला। 19 अक्टूबर को पुलिस ने इस हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

बारामूला के जंगल से 2 हैंड ग्रेनेड जब्त

बारामूला पुलिस ने बदरकूट के जंगलों में एरिया डोमिनेशन पेट्रोल के दौरान दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, सीआईएसीटी एफटीआर बीएसएफ (112/06 बटालियन), 2 आरआर और सीआरपीएफ की 176वीं बटालियन के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने बदरकूट, टंगमर्ग निवासी गुलाम जीलानी रेशी नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को बदरकूट के जंगल क्षेत्र से हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया।

कुलगाम हमले में लश्कर का कनेक्शन

सुरक्षा एजेंसियां कुलगाम हमले के सिलसिले में मोहम्मद लतीफ भट की तलाश कर रही हैं। कश्मीर रिवोल्यूशनरी आर्मी (केआरए) नाम के एक नए संगठन के सामने आने से जांच में एक नया पहलू जुड़ गया है। माना जाता है कि भट इस संगठन से जुड़ा है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि केआरए को द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की ही एक शाखा माना जा सकता है। टीआरएफ असल में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ही एक मुखौटा संगठन है जिसे अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद बनाया गया था। टीआरएफ को इसलिए बनाया गया था ताकि एलईटी को एक स्थानीय संगठन का रूप दिया जा सके। भारत ने सबसे पहले टीआरएफ पर प्रतिबंध लगाया था। पहलगाम हमले के बाद, जुलाई 2025 में अमेरिका ने भी टीआरएफ को एक विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया।

नकली मुहर और नाम से हुआ खेल

फर्जी हाईकोर्ट आदेश से भारत में 'ब्लॉक' हुईं 129 बेटिंग वेबसाइट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में 129 ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट को ब्लॉक करने के मामले में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इन वेबसाइट को हटाने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) को राजस्थान और इलाहाबाद हाईकोर्ट के नाम से दो कथित अदालती आदेश भेजे गए थे। दस्तावेजों पर कोर्ट की मुहर, राष्ट्रीय चिह्न और जज के नाम तक मौजूद थे। जांच में पता चला कि दोनों आदेश असली नहीं थे। इस खुलासे के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और मामले की जांच शुरू हो गई है। दूरसंचार विभाग ने 21 जुलाई और 2 सितंबर 2026 को इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) को दो बार वेबसाइट ब्लॉक करने के निर्देश दिए थे। पहली बार 34 और दूसरी बार 95 बेटिंग वेबसाइट को ब्लॉक करने के लिए कहा गया।

दक्षिण चीन सागर में आवाजाही के लिए यूएन के नियमों के तहत बनाई जाए आचार संहिताः भारत

ये जानकारी गुरुवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले व्यापार के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण जलमार्ग माने जाने वाले दक्षिण चीन सागर में आवाजाही को लेकर बीते काफी वक्त से चीन और आसियान समूह के सभी 11 सदस्य देशों के बीच आचार संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट) बनाने को लेकर बातचीत चल रही है। अभी इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। लेकिन इन सबके बीच गुरुवार को मामले पर भारत ने अपना रुख साफ किया है। जिसमें विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि दक्षिण चीन सागर के इलाके को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे वक्त से संवाद जारी है। लेकिन यह प्रक्रिया अभी किस चरण में पहुंची है। उसे लेकर सटीकता के साथ कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इस विषय पर भारत का रुख यही है कि हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण चीन सागर दुनिया का एक बेहद महत्वपूर्ण जलमार्ग है। जिसमें आवाजाही के लिए जब कोई आचार संहिता बनाई जाए। तो उसे खासतौर पर संयुक्त राष्ट्र के कानूनों (संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून अभिसमय) के मुताबिक ही बनाया जाना चाहिए। यह ब्रीफिंग पीएम मोदी की आगामी मनीला यात्रा के संदर्भ में आयोजित की गई थी।



9 डैश रेखाओं से बढ़ता विवादः ज्ञात हो कि सागर के इस क्षेत्र पर चीन ने जबरन सांकेतिक रूप से नौ डैश रेखाएं खींचकर अपना एकाधिकार स्थापित करने की कोशिश की है। जिसकी वजह से उसका फिलीपींस के अलावा आसियान समूह के अन्य देशों के साथ कई बार सैन्य विवाद हो चुका है। पूर्व में मामले पर भारत यह कह चुका है कि क्षेत्र में सैन्य बल के जरिए यथास्थिति में किए गए बदलाव को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बाकी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।

अन्य देशों के वैध अधिकारों पर ध्यान देंः उन्होंने यह भी कहा कि आचार संहिता को लेकर यह भी सनद रहे कि इसमें उन देशों के जायज अधिकारों यानी वैध अधिकारों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। जो उक्त दोनों पक्षों के बीच जारी इस बातचीत में शामिल नहीं हैं। रुद्रेंद्र ने स्पष्ट किया कि मुझे नहीं लगता कि मामले पर वार्ता में कुछ बहुत अधिक विकास हुआ है।

म्यांमार को अलग-थलग करना उचित नहींः उन्होंने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा, मनीला में होने वाले शिखर सम्मेलन से इतर म्यांमार को लेकर हमारा यही मानना है कि उसे अलग-थलग नहीं किया जाना चाहिए। अगर हम ऐसा करेंगे तो कोई दूसरा हमारी जगह पर उत्पन्न हुए रिक्त स्थान या अंतर को भरेगा। हमारे पास संवाद के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। लेकिन हमें ये भी ध्यान रखना होगा कि म्यांमार एक ऐसा देश है। जिसका एक जटिल इतिहास होने के साथ-साथ एक जटिल समाज भी है। ऐसे में बातचीत या किसी अन्य गतिविधि के दौरान धैर्य, संयम के साथ निरंतरता को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

आसियान को मिलेगी आर्थिक मजबूतीः आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा प्रक्रिया को दोनों देश जल्द पूरा करना चाहते हैं। इसे लेकर बातचीत जारी है। भले ही एआईटीआईजीए की समीक्षा पूरी हो या न हो। लेकिन एक बहुपक्षीय व्यापार वार्ता को पूरा करना बेहद मुश्किल कार्य है। क्योंकि इसमें 10 पक्षों का समर्थन लेना पड़ता है। द्विपक्षीय स्तर पर हम कई व्यापार सुविधा से जुड़ी कई पहल और समझौतों को लेकर चर्चा कर रहे हैं। टंडन ने यह भी बताया कि कनेक्टिविटी आसियान क्षेत्र के साथ आर्थिक जुड़ाव को लेकर किसी तरह की कोई बाधा नहीं है। भारत के पास डीपीआई, टेलीकॉम जैसी कई तकनीक हैं। जो आसियान के लिए भी प्रासंगिक हैं। पावर ग्रिड एकीकरण के क्षेत्र को लेकर भी मैं सहयोग के संबंध में आशान्वित हूं।

एनवीडिया सीईओ जेन्सन हुआंग के एक और नए अफेयर का दावा

कंपनी की वैल्यू 27 लाख करोड़ घटी

चीनी महिला के अलावा कंपनी की कर्मचारी किम्बली से संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग के दूसरे अफेयर के बारे में भी पता चला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हुआंग का कंपनी की महिला अधिकारी किम्बर्ली पॉवेल के साथ अफेयर था। किम्बर्ली सीधे जेन्सन हुआंग को रिपोर्ट करती थीं। जेन्सन इससे पहले चीनी महिला एलिस हुआंग के साथ अफेयर की बात कबूल कर चुके हैं। एलिस पर चीनी जासूस होने का शक है। इस विवाद का असर कंपनी के शेयरों पर भी पड़ा है। कंपनी का मार्केट वैल्यूएशन 27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट चुका है। एनवीडिया ने अब जेन्सन को सीईओ पद से हटा दिया है।

जिस चीनी महिला पर जासूसी का शक उसके साथ अफेयर की बात मानी



जेन्सन हुआंग और किम्बली पॉवेल

हेल्थकेयर बिजनेस की वीपी हैं किम्बली

किम्बर्ली पॉवेल ने 2008 में एनवीडिया में डायरेक्टर के तौर पर काम शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने कंपनी में लगातार तरक्की की। अब वह हेल्थकेयर बिजनेस की वाइस प्रेसिडेंट हैं। शुरुआत में उनका काम मेडिकल इमेजिंग में एनवीडिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप्स के इस्तेमाल को बढ़ावा देना था। एनवीडिया में आने से पहले पॉवेल एक इंजीनियर के तौर पर काम करती थीं। इसके बाद उन्होंने एक इलेक्ट्रॉनिक्स स्टार्टअप में प्रोडक्ट डेवलपमेंट का काम संभाला। इसी दौरान उन्होंने एनवीडिया से संपर्क किया और कंपनी के कंप्यूटिंग चिप्स के इस्तेमाल पर चर्चा की।

अमीरों की सूची में 10वें नंबर पर खिसके हुआंग

चीनी महिला से अफेयर की खबरों के बाद जेन्सन हुआंग फोर्ब्स की लिस्ट में एक पायदान खिसककर 10वें नंबर पहुंच गए हैं। उनकी नेटवर्थ 6.80 बिलियन डॉलर घटकर 155.4 बिलियन डॉलर हो गई है। रुपए में ये 63 हजार करोड़ कम होकर 14.32 लाख करोड़ हो गई है। जेन्सन हुआंग की संपत्ति का बड़ा हिस्सा एनवीडिया में उनकी हिस्सेदारी से जुड़ा है। हुआंग के पास एनवीडिया के 3.5% से ज्यादा शेयर हैं। वे कंपनी के सबसे बड़े व्यक्तिगत शेयरधारक हैं।

जांच समिति में आरती शाह भी



एनवीडिया कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने जेन्सन हुआंग के खिलाफ स्वतंत्र जांच शुरू कराई है। इस बोर्ड में भारतीय मूल की डॉ. आरती शाह सदस्य हैं और कंपनी की दो अहम समितियों में भी शामिल हैं। गुजरात यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाली आरती शाह ने अमेरिका की बड़ी दवा कंपनी एली लिली में करीब 27 साल काम किया है।

दावाः ट्रंप को जेन्सन के अफेयर के बारे में पता था

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस साल मई में चीन यात्रा से पहले ही इसकी जानकारी दे दी थी। ट्रंप को खुफिया मेमो में बताया गया था कि हुआंग के संबंध एक ऐसी महिला से हैं, जिसे अमेरिकी अधिकारी चीनी जासूस मान रहे हैं। इसके बावजूद ट्रंप हुआंग को बीजिंग ले गए थे। उन्होंने अलास्का से राष्ट्रपति के साथ एयर फोर्स वन विमान में यात्रा भी की थी। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। इस बीच, अमेरिकी सांसदों ने जनवरी में कांग्रेस के नए सत्र के बाद मामले में विस्तृत जांच के संकेत दिए हैं।

भारत और ब्राजील के बीच नई साझेदारी

सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने के लिए एमओयू साइन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्राजील अपने लंबे अंतरिक्ष सहयोग को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। दोनों देशों की कंपनियों ने मिलकर ऐसा सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने पर सहमति जताई है, जो कम से कम 100 किलो पेलोड को लो अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) तक ले जाने में सक्षम होगा।

यह समझौता अक्टूबर में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के जरिए हुआ। इस पर ब्राजील के माइक्रो लॉन्चर प्रोग्राम कंसोर्टियम की सदस्य कंपनी कॉन्सर्ट टेक्नोलॉजीज और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने हस्ताक्षर किए। यह एमओयू तुर्की के अंताल्या में आयोजित इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल कांग्रेस 2026 के दौरान हस्ताक्षरित हुआ।



एमओयू करते अधिकारी

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109